बालाघाट, सिवनी, गोंदिया एवं भंडारा जिले मे प्रसारित हिन्दी दैनिक..
# जग प्रेरणा
बालाघाट - 28 जून 2026 | दिन - रविवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 151 | मूल्य - 5 रुपये












## धमाकों से दहला कराची, रेंजर्स हेडक्वार्टर के पास आत्मघाती हमले में 4 की मौत..

कराची, (भाषा)।

***पाकिस्तान के कराची में चौरंगी के पास कई धमाकों की सूचना मिली है। यहां शहर के यूनिवर्सिटी रोड पर कई धमाकों के साथ जबरदस्त गोलीबारी की खबर भी सामने आई है। कराची में रेंजर्स ऑफिस पर***

कथित आतंकी हमले की खबरों के मुताबिक, यह हमला शनिवार रात करीब 8:10 बजे कराची ट्रांसपोर्ट कंपनी के ऑफिस पर हुआ। सबसे पहले यहां एक धमाका हुआ, जिसके बाद एक के बाद एक कई धमाके सुने गए। हालांकि, अधिकारियों ने अभी तक हताहतों की संख्या की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है और न ही हमलावरों की पहचान का खुलासा किया है। इस हमले के पीछे का मकसद भी अभी स्पष्ट नहीं है। सूत्रों के अनुसार, करीब 6 से ज्यादा हथियारबंद हमलावर रेंजर्स हेडक्वार्टर के परिसर में घुस गए। जानकारी के मुताबिक इसके बाद कराची के गुलिस्तान-ए-जौहर में रेंजर्स हेडक्वार्टर में धमाका हुआ। बताया जा रहा है कि धमाके से आस-पास की इमारतों की खिड़कियां टूट गई और आस-पास के पेड़ भी क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं इस घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है। मौके पर एम्बुलेंस के साथ-साथ सुरक्षा बलों की गाड़ियां भी देखी जा सकती हैं। वहीं कुछ स्थानीय लोगों को भी थोड़ी दूर पर देखा गया।

### चार सुरक्षाकर्मी भी मारे गए

शुरुआती खबरों के मुताबिक, धमाके के बाद हमलावरों ने गोलीबारी भी की। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, कराची में रेंजर्स कंपाउंड से घायल पाकिस्तानी सुरक्षाकर्मियों को ले जाती हुई कई एम्बुलेंस देखी गई हैं। अपुष्ट खबरों के मुताबिक, इस आत्मघाती हमले में अब तक 5 हमलावर मारे जा चुके हैं, जबकि अन्य हमलावरों के साथ अभी भी मुठभेड़ जारी है। वहीं दूसरी तरफ4 सुरक्षाकर्मियों के भी मारे जाने की खबरें सामने आ रही हैं। फिलहाल दोनों तरफसे फायरिंग जारी है। वहीं कई अन्य गंभीर रूप से घायल भी हैं। मौके पर अभी भी अफरा-तफरी का माहौल बना हुआ है।

### बलूचिस्तान में मारे गए 8 आतंकी

बता दें कि इससे पहले पाकिस्तान के बलूचिस्तान में सुरक्षा बलों के दो अलग-अलग अभियानों में 8 आतंकवादी मार गिराए। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा अंतर-सेवा जनसंपर्क विभाग ने बताया कि सुरक्षा बलों ने बलूचिस्तान के खारान और मस्तुंग जिलों में 25 और 26 जून को खुफिया जानकारी पर आधारित दो अभियान चलाए। इन अभियानों में 8 आतंकी मारे गए। बयान में बताया गया कि मारे गए आतंकवादियों के पास से हथियार, गोला-बारूद, आईईडी और मोटरसाइकिलें भी बरामद की गईं।

## प्रधानमंत्री मोदी ने भारत-सेशेल्स के रिश्तों को 'स्थिर, मज़बूत और दीर्घकालिक' बताया

**विक्टोरिया (सेशेल्स), (भाषा)।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को भारत-सेशेल्स की दोस्ती को ''स्थिर, मज़बूत और दीर्घकालिक'' करार दिया। सेशेल्स के राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी द्वारा आयोजित रात्रिभोज को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि दोनों देश ''मिलकर दौड़ जीतेंगे''। मोदी शनिवार को तीन दिवसीय राजकीय यात्रा पर सेशेल्स पहुँचे। इस यात्रा के दौरान वह राष्ट्रपति हर्मिनी के साथ बातचीत करेंगे और द्वीपीय देश के 'राष्ट्रीय दिवस' के विशिष्ट अतिथि के रूप में स्वर्ण जयंती समारोह में शामिल होंगे।

सेशेल्स के राष्ट्रपति कार्यालय के एक बयान के अनुसार, मोदी ने राजकीय भोज के दौरान कहा, ''भारत और सेशेल्स के बीच दोस्ती लगातार मज़बूत और दीर्घकालिक रही है, और हम मिलकर दौड़ जीतेंगे।'' रात्रिभोज के दौरान राष्ट्रपति हर्मिनी ने दोनों देशों के बीच अटूट रिश्ते की पुष्टि की। उन्होंने कहा, ''भारत सेशेल्स का एक पक्का दोस्त रहा है, और हमारे लोगों तथा जीवंत भारतीय समुदाय ने भी इस भावना को गर्मजोशी से अपनाया है।'' बयान के अनुसार, रात्रिभोज में विदेश मंत्री एस. जयशंकर, सेशेल्स की नेशनल असेंबली के अध्यक्ष अज़ारेल अर्नेस्टा और विदेश व समुदाय मामलों के मंत्री बैरी फॉरे समेत कई अन्य लोग शामिल हुए। इसमें कहा गया कि 1976 में राजनयिक संबंध स्थापित होने के बाद से ही सेशेल्स और भारत के बीच करीबी और पारस्परिक लाभ वाले संबंध रहे हैं; भारत अवसंरचना, रक्षा, स्वास्थ्य और समुद्री सुरक्षा जैसे कई क्षेत्रों में एक प्रतिबद्ध विकास साझेदार बना हुआ है। इससे पूर्व, मोदी ने सेशेल्स तटरक्षक बल को 'मेड इन इंडिया' त्वरित गश्ती पोत सौंपने के साथ ही द्वीपीय राष्ट्र की समुद्री सुरक्षा क्षमताओं को मज़बूत करने के लिए नयी दिल्ली की प्रतिबद्धता को फिर से दोहराया। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''सेशेल्स तटरक्षक बल को त्वरित गश्ती पोत 'लेस्पवार' सौंपना, रक्षा और समुद्री सुरक्षा के क्षेत्र में भारत तथा सेशेल्स की बढ़ती साझेदारी में एक और अहम पड़ाव है।'' उन्होंने कहा, ''यह क्षमता बढ़ाने वाली उन पहलों की कड़ी में सबसे नयी पहल है, जो सेशेल्स की सुरक्षा प्राथमिकताओं का समर्थन करने के प्रति भारत की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।'' सेशेल्स अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हर्मिनी और एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने मोदी का स्वागत किया। प्रधानमंत्री को औपचारिक 'गार्ड ऑफऑनर' भी दिया गया। मोदी ने सेशेल्स पहुंचने के बाद 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''सेशेल्स, हिंद महासागर में हमारा एक अहम समुद्री साझेदार और करीबी दोस्त है। मैं एक ऐसी सार्थक यात्रा की उम्मीद कर रहा हूं, जिसका मकसद दीर्घकालिक रिश्तों को और मजबूत करना और दोनों देशों के लोगों के फायदे के लिए सहयोग को बढ़ाना है।''नृत्य प्रस्तुतियों के साथ मोदी स्वागत किया गया, जिनमें कच्छ का नृत्य भी शामिल था।




## वेनेजुएला में भूकंप से मरने वालों की संख्या बढ़कर 1,430 हुई, बढ़ रही हताशा..

**ला ग्वायरा (एपी)।**

वेनेजुएला में भूकंप के झटकों से मृतकों की संख्या शनिवार को 1,430 हो गई। अधिकारियों ने बताया 68, 900 लोगों के लापता होने की जानकारी है। लोगों में हताशा बढ़ती जा रही है। वेनेजुएला के सबसे बुरी तरह प्रभावित राज्यों में से एक, ला ग्वायरा में, अपने प्रियजनों और पड़ोसियों की तलाश कर रहे लोग फावड़ों, भारी मशीनों, रस्सियों और अपने हाथों का इस्तेमाल करके कंक्रीट के ढेर को हटाने की कोशिश करते दिखे।















जग प्रेरणा live शहर बालाघाट

● गर्रा ● भटेरा ● देवटोला ● आंवलाझरी ● भरवेली ● हीरापुर ● कोसमी ● नवेगांव ● गोंगलई






# बालाघाट के ढिमरटोला में 9 वीं कक्षा के छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***कोतवाली थाना क्षेत्र के ढिमरटोला स्थित पीएम आवास कॉलोनी में शनिवार को एक दर्दनाक घटना सामने आई। 15 वर्षीय छात्र यूनिक उर्फ साहिल ऊरकुड़े ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, वह 9वीं कक्षा की सप्लीमेंट्री परीक्षा में असफल***

होने के बाद मानसिक रूप से परेशान था। जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया गया है, जबकि पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, यूनिक नगर के सांदीपनी स्कूल में 9वीं कक्षा का छात्र था। मुख्य परीक्षा में सप्लीमेंट्री आने के बाद उसने पुनः परीक्षा दी थी। 25 जून को घोषित परिणाम में वह सफल नहीं हो सका। बताया जा रहा है कि इसी बात से वह तनाव में था। मृतक के पिता संदीप उरकुड़े ने बताया कि यूनिक अक्सर कमरे का दरवाजा बंद कर सो जाता था। शनिवार को काफी देर तक दरवाजा खटखटाने के बाद भी जब अंदर से कोई जवाब नहीं मिला तो पड़ोसी के घर की खिड़की से झांककर देखा गया। अंदर यूनिक पंखे से फंदे पर लटका मिला। परिजनों ने तत्काल उसे नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

पिता ने बताया कि उन्हें बेटे के परीक्षा परिणाम की सीधी जानकारी नहीं थी। संभवतः यूनिक को अपने दोस्तों के माध्यम से परिणाम का पता चला था, जिसके बाद वह परेशान रहने लगा। घटना से पहले उसने अपनी छोटी बहन को मोबाइल देते हुए कहा था कि वह सोने जा रहा है और उसे परेशान न किया जाए। इसके बाद वह कमरे में चला गया और दरवाजा बंद कर लिया। इससे पहले वह कॉलोनी में बच्चों के साथ खेल रहा था। अस्पताल चौकी के प्रधान आरक्षक सूर्यकांत मरकाम ने बताया कि अस्पताल से मिली सूचना पर पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में पंचनामा कार्रवाई की। मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही हो सकेगी। स्थानीय लोगों के अनुसार, पीएम आवास कॉलोनी में किसी किशोर द्वारा परीक्षा परिणाम से आहत होकर आत्महत्या का यह पहला मामला है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है।

# नाजिया खान को गिरफ्तार कर रासुका लगाने मुस्लिम समाज भरवेली ने सौपा ज्ञापन..

## इस्लाम के पैगंबर मोहम्मद साहब और हज़रते आयशा सिद्दीका की शान में गुस्ताखी करने वाली नाजिया खान पर फूटा मुस्लिम समाज भरवेली का गुस्सा..

## जल्द गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की की मांग..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***हमेशा सोशल मीडिया में अपने उल्टे सीधे बयानों को लेकर सुर्खियों में रहने वाली नाजिया खान जो हमेशा ही मुसलमानो के खिलाफगलत बयान बाजी करती है। इस बार उसने अपनी बदजुबानी की हद पार कर दी और इस्लाम के आखिरी पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब और उनकी धर्मपत्नी हजरते आयशा रज़ी अल्लाह तला अन्हू के बारे में बहुत ही शर्मनाक व घटिया बयान दिए।***

नाजिया खान के बयान को लेकर के मुस्लिम समाज मे बहुत ही ज्यादा आक्रोश देखा जा रहा है और नाजिया के दिए बयान से इस्लाम के मानने वालों की धार्मिक भावनाएं भी आहत हुई है नाजिया के बयान को लेकर के देश भर मे विरोध प्रदर्शन हो रहे है और नाजिया खान पर एफआईआर करने की मांग हो रही है। भरवेली, हीरापुर और आस पास के मुस्लिम समाज ने भारी संख्या मे भरवेली थाना पहुंचकर के नाजिया खान पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की और उस पर एनएसए लगाने की भी मांग की।

## बोले इमरान खान..

चर्चा के दौरान यंग मुस्लिम कमेटी के अध्यक्ष व सामाजिक कार्यकर्ता इमरान खान ने कहा कि नाजिया खान अपने बयानों में हमेशा ही मुसलमान और इस्लाम के प्रति जहर उगलते रही है और बहुत ही घटिया वह गलत बयान बाजी हमेशा करते आ रही है। अब तक उसको सहन कर लिया गया मगर जब बात इस्लाम के आखिरी पैगंबर मोहम्मद साहब और उनकी धर्मपत्नी हजरत हजरत आयशा सिद्दीका के बारे में जो उसने बहुत ही अपमानजनक घटिया और शर्मनाक बयान दिया है उसको कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने मांग की है कि नाजिया खान पर कड़ी कानूनी कार्रवाई कर रासुका लगाया जाए और कहा कि जब सुप्रीम कोर्ट के निर्देश है की जो कोई भी अगर हेट स्पीच देता है तो ऐसे लोगों पर पुलिस त्वरित कार्रवाई करें मगर उसको किसका संरक्षण प्राप्त है कि बार-बार वह हमेशा उल्टे सीधे बयान देते आ रही है फिर भी अभी तक पुलिस ने उस पर कोई सख्त कार्रवाई नहीं की आखिर उसको किसका संरक्षण प्राप्त है उन्होंने कहा कि हमारे देश में जो भाईचारा अमन व शांति है षडयंत्र पूर्वक ऐसे बयान दिए जा रहे हैं जिससे कि हमारे देश का माहौल खराब करने की हमेशा लगातार कोशिशे हो रही है। उन्होंने कहा कि दुनिया के किसी भी मजहब के बारे में अगर कोई भी उलटी सीधी बात करता है गलत बयान बाजी करता है तो ऐसे लोगों के लिए कड़े कानून बनाने चाहिए और उन पर सख्त कार्रवाई होना चाहिए जिससे की दूसरों को भी सबक मिल सके और जो लोग किसी भी धर्म के बारे मे ऐसे उल्टे सीधे बयान देते हैं जिससे कि देश का माहौल खराब होता है ऐसे लोगों को देश से ही निकाल देना चाहिए।

थाना प्रभारी भूपेंद्र पंद्रो ने भी दिया आश्वासन उच्च अधिकारियों से चर्चा कर की जाएगी विधिवत करवाई की जायेगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान जामा मस्जिद भरवेली के सदर फरीद खान, बड़ा हीरापुर के सदर रिजवान खान उर्फ बॉबी भाई, मस्जिद गरीब नवाज हीरापुर के सदर रहीम खान, हाफिज़ रियाज खान मस्जिद गरीब नवाज़ के इमाम साहब, हाजी सईद पाशा, साजिद खान, इमरान हुसैन, फारुख शेख सय्यद, लियाकत अली, सोहेल खान, मोबीन खान, शहजाद खान, अहफाज खान, राजा खान, अरशद खान, बिट्टू खान, शाहिद खान, वहीद खान, मुन्ना भाई, रानू भाई, शकील बाबा आशिफ नूरी, सानू, फैसल, उवेश आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# प्रधान जिला न्यायाधीश श्री प्राणेष कुमार प्राण ने किया बालाघाट जिला जेल का निरीक्षण..

## बंदियों की समस्याएं सुनकर दी विधिक सहायता की जानकारी..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बालाघाट श्री प्राणेष कुमार प्राण ने 27 जून को जिला जेल बालाघाट का निरीक्षण कर जेल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।***

निरीक्षण के दौरान उन्होंने बंदियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा उनके निराकरण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान श्री प्राणेष कुमार प्राण ने बंदियों को उनके विधिक अधिकारों एवं निःशुल्क विधिक सहायता योजना की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बंदी को न्याय प्राप्त करने का अधिकार है तथा पात्र व्यक्तियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने जेल परिसर का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता, आवासीय सुविधाओं सहित अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रथम जिला न्यायाधीश श्री गौतम सिंह मरकाम, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री नीरज कुमार सोनी, श्री अविनाश छारी, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री जीतेन्द्र मोहन धुर्वे, जेल अधीक्षक श्री रामलाल सहलाम सहित जेल का स्टाफ उपस्थित रहा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि ऐसे निरीक्षणों का उद्देश्य बंदियों के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करना, उन्हें विधिक सहायता उपलब्ध कराना तथा जेलों में आवश्यक व्यवस्थाओं की सतत समीक्षा करना है।











# आम आदमी पार्टी संगठन को मजबूती प्रदान करने छिंदवाड़ा जोन प्रभारी संतोष पप्पू छिलवाल का हुआ बालाघाट आगमन..

## बोले संगठन विस्तार पर आम आदमी पार्टी का जोर..

## विधानसभा स्तरीय बैठक में आगामी चुनावी तैयारियों पर हुआ मंथन



जगप्रेरणा बालाघाट।

***आगामी चुनावों को देखते हुए आम आदमी पार्टी ने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने की दिशा में अपनी गतिविधियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में शनिवार को आम आदमी पार्टी जिला बालाघाट द्वारा विधानसभा स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।***

बैठक की अध्यक्षता छिंदवाड़ा जोन प्रभारी संतोष पप्पू छिलवाल ने की। बैठक के बाद आयोजित पत्रकार वार्ता में पार्टी पदाधिकारियों ने संगठन विस्तार एवं आगामी रणनीति की जानकारी साझा की। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए छिंदवाड़ा जोन प्रभारी संतोष पप्पू छिलवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी प्रदेशभर में संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से लगातार विधानसभा स्तर पर बैठकें आयोजित कर रही है।

उन्होंने बताया कि छिंदवाड़ा जोन के अंतर्गत आने वाले लगभग पांच जिलों की सभी विधानसभा क्षेत्रों में पहुंचकर पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ संवाद स्थापित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य संगठन को अधिक सक्रिय और सशक्त बनाते हुए आगामी चुनावों के लिए मजबूत आधार तैयार करना है। उन्होंने कहा कि पार्टी का लक्ष्य प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में मजबूत संगठनात्मक ढांचा तैयार करना है, ताकि आम आदमी पार्टी पूरी मजबूती के साथ चुनाव मैदान में उतर सके। इसके लिए बूथ स्तर तक संगठन का विस्तार, नए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपना तथा जनसंपर्क अभियान को गति देना प्राथमिकता में शामिल है।

बैठक के दौरान विधानसभा स्तर पर संगठन निर्माण, कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों, सदस्यता अभियान तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही पार्टी की नीतियों एवं जनहित के मुद्दों को आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने की रणनीति पर भी विचार-विमर्श किया गया। पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से क्षेत्र में नियमित जनसंपर्क बनाए रखने तथा आम लोगों की समस्याओं को पार्टी मंच के माध्यम से प्रमुखता से उठाने का आह्वान किया गया। संतोष पप्पू छिलवाल ने कहा कि संगठन की मजबूती ही चुनावी सफलता का आधार होती है। इसी सोच के साथ पार्टी गांव-गांव और वार्ड-वार्ड तक अपनी सक्रियता बढ़ा रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के सहयोग से आगामी चुनावों में पार्टी बेहतर प्रदर्शन करेगी। बैठक एवं पत्रकार वार्ता के दौरान आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष शिव जायसवाल सहित जिला एवं विधानसभा स्तर के पदाधिकारी, विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रतिनिधि तथा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा live जिला सिवनी
बरघाट, छपारा, केवलारी, घंसौर, लखनादौन, धनोरा एवं संपूर्ण सिवनी जिले की खबरें..


विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# प्राइवेट बस स्टैंड के बुरे हाल: यात्री प्रतीक्षालय से पंखे गायब, नालियों की नहीं हो रही सफाई




जगप्रेरणा सिवनी।

***प्राइवेट बस स्टैंड जो कि जिला मुख्यालय में स्थित है पूर्व कलेक्टर मोहम्मद सुलेमान एवं पूर्व मंत्री ठाकुर हरबंस सिंह के कार्यकाल में निर्मित किया गया***



यह बस स्टैंड इन दोनों दुर्दशा का शिकार है देखने में आया कि यहां पर यात्री प्रतीक्षालय तो बना हुआ है मगर वहां पर लगे हुए पंखे या तो गायब है या फिर देखरेख के अभाव में अस्त व्यस्त है ना तो इनकी हवा यात्रियों को मिलती है और ना देखने में ही यह सुंदर लगते हैं ऐसी स्थिति में इस बस स्टैंड की देखरेख करने वाला कोई नहीं है कहने को तो इसका दायित्व नगर पालिका को सौपा गया है।

लेकिन देखने में आ रहा है कि नगर पालिका भी यहां की व्यवस्था सुधारने में रुचि नहीं ले रही है जबकि यहां पर प्रतिदिन सैकड़ो यात्री आना जाना करते हैं इतना ही नहीं यहां पर आए दिन नए-नए विक्षिप्त लोग घूमते हुए दिखते हैं जिनकी सुध लेने के लिए ना तो कोई एनजीओ सामने आ रहा है और ना जिला प्रशासन ध्यान दे रहा है।

इतना ही नहीं प्राइवेट बस स्टैंड के पीछे ना तो नाली है और ना ही तभी कचरा उठाया जाता है ऐसी स्थिति में यहां पर कचरे का अंबार लग रहा है इसे देखने के बाद यहां से आने-जाने वाले यात्री शिवानी के प्रति क्या आशा लेकर जाते होंगे यह बताने की आवश्यकता नहीं है।

बस स्टैंड परिसर में लगभग 100 से अधिक फलों की दुकान है जिनके माध्यम से लोग रोजगार तो चलते हैं लेकिन इन फलों के छिलके सड़कों पर फेंक देते हैं जिसके कारण पूरे बस स्टैंड में गंदगी का अंबार रहता है जिसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। उम्मीद है की नगरपालिका इस व्यवस्था को दुरुस्त करने में अपना योगदान देगी।

# ईमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की याद में शांति पूर्वक मनाया गया मोहर्रम पर्व..

जगप्रेरणा सिवनी।

***17 जून से शुरू हो कर 26 जून को 10 मोहर्रम यौमे आशूरा शहीद ए आजम हज़रत ईमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की याद में जिले भर में त्यौहार शांति पूर्वक मनाया गया.***





सूफी मंज़ूर रज़ा क़ादरी ने बताया कि बड़े पैमाने पर शहर सिवनी मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में लंगर भंडारे शरबत छबिल बांटकर ईमाम हुसैन अलैहिस्सलाम को याद किया गया मस्जिदों मदरसा खानकाह दरगाह में जिक्र ए अहले बैंत पंजतने पाक शोहदाए करबला किया गया जिसमें उलमा ए अहले सुन्नत व जमात ने हज़रत ईमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की करबला में दी गई अज़ीम कुर्बानी पर शानदार पैगाम दिया मुस्लिम समुदाय को करबला से सबक हासिल करने को कहा गया करबला की जंग शियासत की जग नहीं थी वल्कि हक़ और बातिल झूठ पर सच्चाई असत्य पर सत्य की विजय थी बा जाहिर यजीद दहशतगर्द आतंकवादी मोर्चा जीता लेकिन अहले बैत ईमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की बैअत हासिल नहीं कर सका उसने जुल्म बरबरियत के तमाम हद पार करके आज़ दुनिया में उसके नाम लेवा नहीं है,, लेकिन हक के लिए अपना कुनबा कुर्बान करने वाले हज़रत ईमाम हुसैन अलैहिस्सलाम क़यामत उनका चर्चा जिक्र किया जाता रहेगा। अहले सुन्नत व जमात ने घर घर में फातिहा कुरान खानी करते हुए मोहर्रम के 9 वी एवं 10 वी तारीख का रोजा रख कर इबादत की गई। आपकी याद में ताजिया दारो के द्वारा ताजिया रख कर अपकी याद ताजा हो जाती है कुछ क्षेत्र में सवारी टिपारी निकाली जाती है जिसमें हर समुदाय के लोग अपनी आस्था से मुराद मांगते हैं और पाते हैं यहां हिंदु-मुस्लिम कौमी एकता अखंडता भाई चारा गंगा जमुनी तहजीब संस्कृति देखने को मिलती हैं जबकी अखाड़ों के शानदार आयोजन भी झिरिया मोहल्ला काजी मोहल्ला मगली पेट ईमाम बाडा फैजगंज में किये जाते हैं। जिले भर में शांतिपूर्वक यौमे आशूरा शहीद ए आजम ईमाम हुसैन की याद में पर्व मनाया गया इस अवसर पर जिला एवं शहर में चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन का धन्यवाद शुक्रिया एवं नगर निरीक्षक महोदय को आयोजन समिति द्वारा सम्मानित किया गया एवं जिला कलेक्टर महोदया पुलिस अधीक्षक महोदय नगर पालिका परिषद विघुत विभाग सहित प्रिंट मीडिया पत्रकार बंधूओ इलेक्ट्रॉनिक मीडिया जनप्रतिनिधि समाजिक कार्यकर्ता सबका आभार व्यक्त किया गया है सूफी समाजिक कार्यकर्ता सूफी मंज़ूर रज़ा क़ादरी शोएब नवाब नबबू भाई पार्षद पप्पू उस्मानी साहब इंजिनियर समीर कुरैशी सादिक साबरी मोहम्मद सुलेमान क़ादरी साहब छोटू पार्षद इब्राहिम भाई सब्बू नवाब नाजिम ख़ान जिशान ख़ान समस्त अहले सुन्नत व जमात सुन्नी हनफी सूफी समाज ने आभार व्यक्त किया है।

# बिरसा मुंडा बलिदान दिवस पर विचार संगोष्ठी सम्पन्न




## भगवान बिरसा मुंडा एवं संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित कर शिक्षा, संगठन और सामाजिक जागरूकता का दिया संदेश..



जगप्रेरणा सिवनी।

***धरती आबा अमर शहीद भगवान बिरसा मुंडा के बलिदान दिवस के अवसर पर म.प्र. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ (अजाक्स) जिला इकाई सिवनी द्वारा लूघरवाड़ा स्थित***

द ग्रैंड राजवाड़ा लॉन में 'भारत की सामाजिक एवं आर्थिक प्रगति में महापुरुषों का योगदान' विषय पर एक दिवसीय विचार संगोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के प्रबुद्धजन, अधिकारी, कर्मचारी, युवा एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत अत्यंत श्रद्धा एवं उत्साह के साथ ग्राम आमगांव से हुई, जहाँ सभी अतिथियों एवं समाजजनों ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान पूरा वातावरण 'भगवान बिरसा मुंडा अमर रहें, अमर रहें' के गगनभेदी नारों से गुंजायमान हो उठा। इसके पश्चात सभी लोग अम्बेडकर चौक पहुँचे, जहाँ भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया।

इसके उपरांत राजवाड़ा लॉन में आयोजित विचार संगोष्ठी का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. कैलाश जाटव, अध्यक्ष म.प्र. राज्य अनुसूचित जाति आयोग ने कहा कि समाज की उन्नति शिक्षा, संगठन और सामाजिक चेतना से ही संभव है। उन्होंने युवाओं से अपने इतिहास, संस्कृति और महापुरुषों के आदर्शों को अपनाने का आह्वान करते हुए समाज को शिक्षित, संगठित एवं नशामुक्त बनाने का संदेश दिया।

कार्यक्रम अध्यक्ष विशेष गढ़पाले **(IAS)** ने समाज की एकजुटता पर बल देते हुए कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने युवाओं से सकारात्मक नेतृत्व विकसित करने और समाज के उत्थान में सयि भूमिका निभाने का आग्रह किया।

सहायक आयुक्त श्री लालजीराम मीणा ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि वे बाबासाहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की आजीवन शिक्षा की भावना तथा स्वर्गीय डॉ. श्रीकांत जिचकार के व्यक्तित्व से प्रेरित होकर निरंतर अध्ययन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वे 17-18 विषयों में एम.ए. पूर्ण कर चुके हैं तथा 19वें विषय का अध्ययन भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज की सबसे बड़ी शक्ति है। म.प्र. अजाक्स के प्रांतीय महासचिव श्री आर.के. ददौरिया ने कहा कि शिक्षा ही अनुसूचित जाति एवं जनजाति समाज के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने महापुरुषों के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया।

मुख्य वक्ता चौधरी मुकेश मौर्य ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए बरसात के बावजूद बड़ी संख्या में उपस्थित समाजजनों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने संगठन की सदस्यता बढ़ाने की अपील करते हुए कहा कि शीघ्र ही भोपाल में मुख्यमंत्री की उपस्थिति में एक विशाल सामाजिक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें समाजहित से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी।

## जिलाध्यक्ष श्री सुधीर कुमार राजनेगी के नेतृत्व में सफल आयोजन..

कार्यक्रम के सफल आयोजन में अजाक्स जिला इकाई सिवनी के जिलाध्यक्ष श्री सुधीर कुमार राजनेगी की नेतृत्व क्षमता, संगठन कौशल एवं सयि कार्यशैली की सभी अतिथियों ने सराहना की। उनके मार्गदर्शन में श्रद्धांजलि कार्यम से लेकर विचार संगोष्ठी तक सभी व्यवस्थाएँ सुव्यवस्थित एवं अनुशासित ढंग से संपन्न हुईं। समाज को संगठित करने, महापुरुषों के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने तथा युवाओं को सामाजिक सरोकारों से जोड़ने के उनके प्रयासों की उपस्थित लोगों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

उक्त कार्यक्रम मे कोमल गढ़पाल (कार्यवाहक जिलाध्यक्ष), विजय शेंडे (उपाध्यक्ष), मनीष शेंडे (प्रांतीय सचिव), महेन्द्र काटेवार (जिला संरक्षक) बेनीश्याम झरिया, महिला प्रकोष्ठ अजाक्स जिला कार्यकारिणी से संतोषी उइके( कार्यकारी जिलाअध्यक्ष),प्रियंका ठाकुर( जिला सचिव), यशोदा राजनेगी सहित महेश मेश्रम, योगेश चौहान, आनंद बेलदार, किशोर कुमार मठमाचे, संजीव सिंह मरकाम, वीर सिंह खंडाते, लालचंद मेश्राम, देवेंद्र ठाकरे एवं कैलाश लांझेवार सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी, समाजसेवी एवं संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सयि योगदान दिया।

कार्यक्रम का समापन समाज की एकता, शिक्षा और संगठन को मजबूत करने के संकल्प के साथ हुआ। अंत में सभी अतिथियों एवं उपस्थित समाजजनों के प्रति आभार व्यक्त किया गया तथा सभी के लिए भोजन की व्यवस्था की गई। यह आयोजन सामाजिक समरसता, जागरूकता और महापुरुषों के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

# रिमझिम रिमझिम बारिश से किसानों के चेहरे खिले

## बड़ी उमस, सफाई की पोल खुली..

जगप्रेरणा सिवनी।

***लंबे इंतजार के बाद शनिवार को मानसून ने जिले में दस्तक दी दोपहर बाद करीब 1 घंटे तक कोई झमाझम बारिश ने गर्मी से राहत तो दी लेकिन शहर की व्यवस्थाओं की भी परीक्षा ले ली इस बारिश का सबसे ज्यादा इंतजार किसानों***

को था क्योंकि बाहर करीब सीजन की बुवाई का काम या तो शुरू हो चुका था या पर्याप्त नमी के अभाव में धीमा पड़ा हुआ था अच्छी बारिश के बाद खेतों में नमी बढ़ने से किसानों ने राहत की सांस ली और अब बुवाई के कार्य में तेजी आने की उम्मीद है जिले में धान सोयाबीन मक्का सहित खरीफफसलों की बुवाई का समय चल रहा है कई किसानों ने शुरुआती बारिश के भरोसे बुवाई कर दी थी जबकि बड़ी संख्या में किस पर्याप्त वर्षा की प्रतीक्षा कर रहे थे।

शनिवार को हुई बारिश ने खेतों में पर्याप्त नमी पहुंचा दी किसानों का कहना है कि यह वर्षा फसलों के अंकुरण और शुरुआती बढ़वार के लिए बेहद लाभकारी साबित होगी यदि अपने कुछ दिनों तक मानसून सकरी रहा तो जिले में खरीफउत्पादन के बेहतर रहने की संभावना बढ़ जाएगी सुबह से तेज धूप और गर्मी के बीच दोपहर बाद मौसम ने अचानक करवट ली बारिश के दौरान तापमान में गिरावट आने से लोगों को गर्मी से राहत मिली

हालांकि बारिश रुकने के बाद हवा नहीं चलने से वातावरण में नमी बढ़ गई और उमस ने लोगों को परेशान किया बारिश के साथ ही जान जनित और मौसमी बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है गया है चिकित्सकों के अनुसार इस मौसम में दूषित पानी और स स्वच्छ भोजन के कारण डायरिया उल्टी दस्त टाइफाइड और पीलिया जैसी बीमारियों फैलने की आशंका रहती है।वही जगह-जगह पानी जमा होने से मच्छरों का प्रजनन बनने पर डेंगू मलेरिया और चिकनगुनिया का खतरा भी बढ़ जाता है लोगों को केवल स्वच्छ और शुद्ध पानी पीने खुले में बिकने वाली खाद्य पदार्थों से बचने तथा घर और आसपास पानी जमा नहीं होने देने की सलाह दी है बारिश में भीगने से सूखे कपड़े पहने हाथों की साफसफाई का विशेष ध्यान रखना और बुखार उल्टी दस्त तथा अन्य लक्षण दिखाई देने पर तुरंत चिकित्सा की परामर्श लेने की सलाह दे दी गई है बच्चों बुजुर्गों और पहले से बीमार लोगों को विशेष सावधानी बरतनी की जरूरत बताई गई है। रिमझिम रिमझिम बारिश होना किसानों के लिए शुभ संकेत है क्योंकि यह पानी जमीन के अंदर जाकर गिरते हुए वाटर लेवल को बढ़ाने में मदद करता है वहीं खेतों के लिए इस वरदान माना गया है। मानसून से पहले नाले नालियों की सफाई के दावों के बावजूद पहले तेज बारिश में ही कई स्थानों पर जल निकासी व्यवस्था जवाब देती दिखाई दी नालियों में जमा गार्ड और कचरे के कारण पानी की निकासी प्रभावित हुई और गंदा पानी सड़कों पर फैल गया पहले ही जोरदार बारिश में सामने आई यह स्थिति शहर में मानसून पूर्व तैयारी की वर्षिकता क्या होगी नजर आई स्थानी लोगों का कहना है कि यदि नियमित रूप से नालियों की सफाई और रखरखाव किया जाता है तो कई स्थानों पर जल भराव की नौबत नहीं आती।

# केवलारी में 30 जून की विशेष जनसुनवाई स्थगित, अब 7 जुलाई को होगी आयोजित..

जगप्रेरणा सिवनी।

***कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना की अध्यक्षता में आगामी 30 जून को विकासखंड केवलारी में प्रस्तावित विशेष जनसुनवाई अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है।***

अब यह विशेष जनसुनवाई 07 जुलाई को आयोजित की जाएगी। जनसुनवाई में क्षेत्र के नागरिक अपनी समस्याओं, शिकायतों एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे, जिन पर संबंधित विभागों द्वारा नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिला प्रशासन ने क्षेत्रीय आमजन से संशोधित तिथि 07 जुलाई को आयोजित होने वाली विशेष जनसुनवाई में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अपील की है।

# 30 जून तक विशेष अभियान चलाकर लंबित सीमांकन प्रकरणों का करें निराकरण: कलेक्टर

**जगप्रेरणा सिवनी।**

कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने जिले के सभी तहसीलदारों को निर्देश दिए हैं कि अपने-अपने क्षेत्राधिकार में लंबित सीमांकन प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए विशेष अभियान संचालित कर 30 जून तक सभी लंबित प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्रीमती मीना ने कहा है कि सीमांकन प्रकरणों के शीघ्र निष्पादन के लिए पटवारी एवं राजस्व निरीक्षक के संयुक्त दल गठित किए जाएं।

ये दल मौके पर पहुंचकर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सीमांकन की कार्रवाई पूर्ण करेंगे, ताकि लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण हो सके और आम नागरिकों को राहत मिल सके। उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारियों (राजस्व) को निर्देशित किया है कि वे अभियान का प्रभावी पर्यवेक्षण करते हुए नियमित रूप से प्रगति की समीक्षा करें तथा यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक तहसील में निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी लंबित सीमांकन प्रकरणों का निराकरण हो।

कलेक्टर श्रीमती मीना ने स्पष्ट किया है कि अभियान के संचालन में किसी भी प्रकार की शिथिलता, विलंब अथवा लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों से अभियान को गंभीरता एवं प्राथमिकता के साथ संचालित कर समय-सीमा में लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए हैं।

# सामूहिक दुष्कर्म के दो अभियुकगणो को 20-20 वर्ष का कारावास..

जगप्रेरणा सिवनी।

***जिला सिवनी के लखनादौन थाने में पीड़िता के द्वारा दिनांक 09/11/2024 को लिखित शिकायत प्रस्तुत की ,की वह दिनांक 08/11/2024 को मजदूरी करके घर आई शाम करीब 07 बजे जब वह अपने घर पर अकेली थी***

तब लखनादौन के रहने वाले अंचल कुमरे और संजू कुमरे दोनो उसके घर में घुस गए और उसे जान से खत्म करने की धमकी देते हुए दोनो ने मारपीट किए और आरोपी संजू ने घर के बाहर जाकर बाहर से दरवाजे का सांकल लगा दिया और आरोपी अंचल ने घर के अंदर के दरवाजे की सांकल लगाकर पीड़िता को जमीन पर पटक दिया और लाइट बंद करके उसका मुंह बंद करके उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया और संजू दरवाजे पर रखवाली करते रहा।

उसके बाद में दोनों आरोपी ने पीड़िता को काट डालने और खत्म कर देने की धमकी देते हुए घर से भाग गए। जिससे वह डरी सहमी रही। लखनादौन पुलिस के द्वारा दोनो अभियक्त गणों के विरुद्ध फॉरेंसिक और आवश्यक साक्ष्य जुटाकर माननीय न्यायालय अभियोग पत्र प्रस्तुत किया था जिसकी सुनवाई माननीय प्रथम अपर सत्र न्यायाशीश लखनादौन की न्यायालय में की गई जिसमे शासन की ओर से पीड़िता और अन्य गवाहों की साक्ष्य श्रीमती कीर्ति तिवारी प्रभारी लोक अभियोजक के द्वारा कराई गई और तर्क और न्याय दृष्टांत प्रस्तुत किए गए।

जिस पर विश्वास करते हुए माननीय विद्वान न्यायाधीश श्रीमान संजीव कुमार पालीवाल द्वारा आरोपी अंचल और संजू दोनों आरोपी को धारा 332 बी में 03-03 वर्ष का, धारा 75(1) **(i)** में 0101 वर्ष का, धारा 115(2) में 01-01 वर्ष का, तथा धारा 70(1) सहपठीत धारा 3(5) में 20-20 वर्ष का कारावास से दंडित करने का फैसला सुनाया।

सर्वश्रेष्ठ प्रिंटिंग
सबसे कम कीमत पर
समाचार पत्र, पत्रिका, किताब, पांपलेट, बिलबुक, रसीद बुक, लेटरपेड, कैलेंडर, आदि की ग्राफिक्स डिजाईनिंग एवं प्रिंटिंग कार्य के लिये तथा समाचार पत्रों के साथ पांपलेट वितरण कार्य के लिये संपर्क करें..
जगप्रेरणा ग्राफिक्स
गोंदिया - बालाघाट मो. 9329033433

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डालडा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# कटंगी-खैरलांजी क्षेत्र में विकास की सौगात: सांसद भारती पारधी और विधायक गौरव पारधी ने किया विभिन्न कार्यों का भूमिपूजन..

## हितग्राहियों को बांटे गए आयुष्मान कार्ड, पेंशन स्वीकृति पत्र और खाद्यान्न पर्ची

जगप्रेरणा कटंगी।

*क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और जन-सुविधाओं के विस्तार को प्राथमिकता देते हुए, शुक्रवार को कटंगी-खैरलांजी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत तीरोड़ी, अंबेझरी एवं कन्हड़गांव में भव्य भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न हुए।*

ग्राम पंचायत तीरोड़ी में सी.सी. रोड निर्माण के भूमिपूजन में बालाघाट-सिवनी सांसद श्रीमती भारती पारधी मुख्य अतिथि रहीं और अध्यक्षता विधायक श्री गौरव सिंह पारधी ने की। इस दौरान सांसद महोदया ने ग्रामीण बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया।*लाखों के विकास कार्यों की रखी गई आधारशिला

विधायक श्री गौरव सिंह पारधी के मुख्य आतिथ्य में ग्राम पंचायत अंबेझरी एवं कन्हड़गांव में लगभग 27.57 लाख रुपये के विकास कार्यों की नींव रखी गई। स्वीकृत कार्यों के अंतर्गत ग्राम पंचायत अंबेझरी में 10.30 लाख रुपये से सी.सी. रोड तथा शक्ति माता मंदिर के पास 2.42 लाख रुपये से सभा मंच बनेगा।

इसी तरह ग्राम पंचायत कन्हड़गांव में 12.85 लाख रुपये की लागत से सी.सी. सड़क और 2 लाख रुपये की लागत से वार्ड नंबर 3 में सभामंच का निर्माण कार्य किया जाएगा, जिससे गांवों में आवागमन और सार्वजनिक आयोजनों की सुविधा बेहतर होगी।








## जन-कल्याणकारी योजनाओं का मिला सीधा लाभ

बुनियादी ढांचे के विकास के साथ-साथ इन आयोजनों में शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने का भी कार्य किया गया। कार्यक्रम के दौरान सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को मंच से आयुष्मान कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन के स्वीकृति पत्र और खाद्यान्न पर्ची प्रदान की गई।

## विकास के नए शिखर पर जाएगा क्षेत्र

इस अवसर पर विधायक श्री पारधी ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि जनता का अटूट प्रेम, विश्वास और आशीर्वाद ही उन्हें क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर ऊर्जा प्रदान करता है। क्षेत्र का चहुंमुखी विकास ही उनका एकमात्र लक्ष्य है और सभी के सहयोग से कटंगी-खैरलांजी को विकास के नए शिखर पर ले जाया जाएगा।

## इनकी रही गरिमामयी उपस्थिति

इन गरिमामयी कार्यक्रमों में विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कविता अरविंद देशमुख, जिला पंचायत सदस्य सुश्री प्रियंका परते एवं श्रीमती रविकांता महेश बोरकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री योगेश सोनवाने एवं श्री अविनाश देशमुख, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष श्री प्रकाश सोनवाने सहित तीरोड़ी की सरपंच श्रीमती फैजिया जुनैद खान, अंबेझरी की सरपंच श्रीमती ममता सुखदेव सलामे, कन्हड़गांव की सरपंच श्रीमती निशादेवी हिरकने, सभी पंचायतों के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# रक्त की कमी बनी चुनौती, समाजसेवियों ने किया रक्तदान, 17 वर्षीय सुमित को मिला नया जीवन..

जगप्रेरणा कटंगी/बालाघाट।

*मानवता और सेवा का प्रेरणादायी उदाहरण उस समय देखने को मिला, जब ग्राम उजाड़ बोपली (कटंगी) निवासी 17 वर्षीय सुमित, पिता श्याम नागेश्वर को तत्काल रक्त की आवश्यकता पड़ी।*





जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में आवश्यक रक्त समूह उपलब्ध नहीं होने के कारण सुमित पिछले दो-तीन दिनों से अस्पताल में भर्ती था और उसकी स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही थी। परिजनों ने सहायता की गुहार लगाई तो सुमित के पिता श्याम नागेश्वर ने समाजसेवी जितेंद्र गौतम (शिक्षा सारथी) से संपर्क किया। सूचना मिलते ही जितेंद्र गौतम अपने गांव तुमसर टटेकसा से लगभग 50 किलोमीटर की दूरी तय कर शासकीय जिला अस्पताल, बालाघाट पहुंचे।

वहां सहयोगी कुंदन कटरे के साथ दोनों ने रक्तदान कर मरीज को समय पर रक्त उपलब्ध कराया, जिससे उसके उपचार में महत्वपूर्ण सहायता मिली। समाजसेवी जितेंद्र गौतम ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा महादान है। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद को नया जीवन दे सकता है। उन्होंने बताया कि यह उनका पहला रक्तदान नहीं है, बल्कि वे पूर्व में भी अनेक बार रक्तदान कर चुके हैं।

वहीं कुंदन कटरे ने भी तीसरी बार रक्तदान कर मानव सेवा का परिचय दिया। इस अवसर पर जितेंद्र गौतम ने सभी नागरिकों, विशेषकर युवाओं से अपील करते हुए कहा कि ÷रक्तदान सुरक्षित है, जीवनदायी है और समय आने पर किसी का जीवन बचा सकता है। आइए, आवश्यकता पड़ने पर आगे बढ़ें और रक्तदान कर मानवता का धर्म निभाएं, ताकि हम किसी की रगों में जीवन बनकर दौड़ सकें।÷ समाजसेवियों के इस सराहनीय कार्य की क्षेत्रभर में प्रशंसा हो रही है। समय पर किए गए इस रक्तदान ने एक परिवार को नई उम्मीद दी और समाज के सामने मानवता की एक प्रेरक मिसाल प्रस्तुत की।

# बालाघाट और कटंगी में कोचिंग संस्थानों का निरीक्षण, सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

जगप्रेरणा कटंगी।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना एवं अनुविभागीय अधिकारी श्री गोपाल सोनी के निर्देशानुसार जिले में कोचिंग संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में 26 जून को तहसीलदार श्रीमती मंजुला महोबिया ने तहसील बालाघाट अंतर्गत संचालित कोचिंग संस्थानों का निरीक्षण कर सुरक्षा मानकों का जायजा लिया।







निरीक्षण के दौरान भोपाल एकेडमी, लक्ष्य एकेडमी एवं संकल्प ऑक्सीजन कोचिंग संस्थान में आपातकालीन निकास (इमरजेंसी एग्जिट), अग्निशमन यंत्र (फायर सेफ्टी), सुरक्षा व्यवस्थाओं एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। तहसीलदार ने संचालकों को सभी सुरक्षा मानकों का अनिवार्य रूप से पालन करने तथा विद्यार्थियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। इसी कड़ी में 27 जून को अनुविभागीय अधिकारी कटंगी श्री के.सी. ठाकुर के निर्देश पर तहसीलदार श्री शांडिल्य ने बीआरसी श्री कुशराम के साथ तहसील कटंगी के विभिन्न कोचिंग संस्थानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा मानकों, आपातकालीन निकास एवं अग्नि सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की जांच की गई तथा सभी संस्थानों को निर्धारित सुरक्षा मानकों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि विद्यार्थियों की सुरक्षा सर्वोपरि है। सभी कोचिंग संस्थानों को आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने तथा शासन द्वारा निर्धारित मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। भविष्य में भी इस प्रकार के निरीक्षण लगातार जारी रहेंगे।

# क्षीरधारा ग्राम योजना के तहत गोंगलई में पशुपालकों को विभागीय योजनाओं की दी जानकारी, 29 जून को लगेगा विशेष पशु स्वास्थ्य शिविर

जगप्रेरणा बालाघाट।

*पशुपालन विभाग द्वारा संचालित क्षीरधारा ग्राम योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं पशुपालकों तक विभागीय योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से 27 जून 2026 को विकासखंड बालाघाट के ग्राम गोंगलई में उपसंचालक पशुपालन विभाग डॉ. अरुण नेमा ने क्षेत्रीय भ्रमण एवं निरीक्षण किया।*









इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों, किसानों एवं पशुपालकों से संवाद कर विभागीय योजनाओं की जानकारी दी तथा पशुपालन को अधिक लाभकारी बनाने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया।

भ्रमण के दौरान डॉ. नेमा ने ग्राम पंचायत में सरपंच, सचिव एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर क्षीरधारा ग्राम योजना की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने पात्र पशुपालकों को योजनाओं से जोडने, दुग्ध उत्पादन बढ़ाने तथा पशुपालकों की आय में वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर सक्रिय सहयोग देने के निर्देश दिए। साथ ही विभागीय योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार पर भी जोर दिया।

उन्होंने किसानों एवं पशुपालकों को वैज्ञानिक पशुपालन, सेक्स सॉर्टेड सीमेन के उपयोग, संतुलित पशु आहार, हरे चारे का उत्पादन, कृत्रिम गर्भाधान, नियमित टीकाकरण, कृमिनाशन, पशु स्वास्थ्य प्रबंधन एवं स्वच्छ दुग्ध उत्पादन की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान पशुपालकों की समस्याओं एवं सुझावों को भी गंभीरता से सुना गया।

निरीक्षण के दौरान डॉ. नेमा ने विभिन्न पशुपालकों के घरों का भ्रमण कर पशुओं की स्वास्थ्य स्थिति, पोषण, आवास व्यवस्था एवं स्वच्छता का जायजा लिया। इसी क्रम में समुन्नत योजना के अंतर्गत श्री बबलू पटले को प्रदाय किए गए मुर्रा नर सांड का भौतिक सत्यापन किया गया तथा उसके रखरखाव एवं उपयोग की समीक्षा कर आवश्यक सुझाव दिए गए।

उप संचालक डॉ. नेमा ने विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सभी हितग्राहियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं तथा योजनाओं की नियमित फील्ड मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।

भ्रमण के दौरान पशुपालकों ने ग्राम में पशु स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने की मांग रखी, जिस पर उपसंचालक डॉ. नेमा ने 29 जून 2026 को ग्राम गोंगलई में विशेष पशु स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाने की घोषणा की। उन्होंने पशुपालकों से अधिक से अधिक संख्या में अपने पशुओं के साथ शिविर में उपस्थित होकर उपचार, टीकाकरण, कृमिनाशन एवं तकनीकी परामर्श जैसी सेवाओं का लाभ लेने का आग्रह किया। इस अवसर पर डॉ. बादल पटले (विकासखंड नोडल अधिकारी), डॉ. पूजा धुर्वे (ग्राम नोडल अधिकारी) एवं श्रीमती छबी गोरमारे (सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्राधिकारी) सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी, ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि, पशुपालक एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। पशुपालन विभाग ने भविष्य में भी नियमित निरीक्षण, जनजागरूकता कार्यक्रम एवं स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से पशुपालकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने का संकल्प दोहराया।

# रोपा पद्धति छोड़ डीएसआर को अपनाया, 20 एकड़ में सुपर सीडर से धान की बोनी कर बने मिसाल..

जगप्रेरणा बालाघाट।



बालाघाट जिले में खेती में बदलती तकनीकों के साथ जिले के किसान भी अब आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाकर कम लागत में अधिक उत्पादन की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। विकासखंड लालबर्रा के ग्राम खमरिया के प्रगतिशील कृषक श्री चैनलाल टेंभरे एवं श्री धनलाल टेंभरे ने इस वर्ष पारंपरिक धान रोपा पद्धति को छोड़कर सुपर सीडर मशीन से डायरेक्ट सीडेड राइस (डीएसआर) तकनीक अपनाते हुए 20 एकड़ क्षेत्र में धान की बोवाई की है। बोवाई के कुछ ही दिनों बाद खेतों में धान का बीज पूरी तरह अंकुरित हो गया है, जिसे देखकर किसानों के चेहरे खुशी से खिल उठे हैं।

कृषक श्री चैनलाल टेंभरे ने बताया कि हर वर्ष धान की रोपाई में अधिक मजदूर, समय और खर्च लगता था। बदलते समय में मजदूरों की कमी और बढ़ती लागत को देखते हुए उन्होंने इस बार सुपर सीडर से डीएसआर पद्धति अपनाई। इस तकनीक से एक ही बार में बीज और उर्वरक की बुवाई हो जाती है, जिससे समय और श्रम दोनों की बचत होती है। किसानों का कहना है कि खेत में धान का समान एवं बेहतर अंकुरण देखकर उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। उन्हें उम्मीद है कि फसल की अच्छी बढ़वार के साथ उत्पादन भी बेहतर मिलेगा। डीएसआर पद्धति से खेत में नमी का बेहतर उपयोग होता है, पौधों को पर्याप्त हवा और सूर्य का प्रकाश मिलता है तथा फसल की प्रारंभिक वृद्धि भी तेज होती है। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि वर्तमान परिस्थितियों में डीएसआर तकनीक धान उत्पादन का एक प्रभावी विकल्प बनकर उभर रही है। इससे उत्पादन लागत कम होती है, पानी की बचत होती है और समय पर बोनी संभव हो जाती है। यही कारण है कि जिले के अनेक किसान अब पारंपरिक रोपा पद्धति छोड़कर सुपर सीडर के माध्यम से डीएसआर तकनीक अपना रहे हैं। ग्राम खमरिया के किसानों की यह सफलता क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए भी प्रेरणा बन रही है। यदि इसी प्रकार आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाया जाता रहा तो कम लागत में अधिक उत्पादन का लक्ष्य आसानी से प्राप्त किया जा सकेगा और किसानों की आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

# कोचेवाही में डीएसआर पद्धति से धान की बोनी का विस्तार..

## पूर्व विधायक ओमकार सिंह बिसेन ने लिया जायजा

जगप्रेरणा वारासिवनी।

बालाघाट जिले के वारासिवनी क्षेत्र के ग्राम कोचेवाही में आधुनिक कृषि तकनीक डायरेक्ट सीडेड राइस (डीएसआर) के माध्यम से धान की बोनी किसानों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रही है। शनिवार को क्षेत्र के पूर्व विधायक श्री ओमकार सिंह बिसेन ने ग्राम कोचेवाही पहुंचकर प्रगतिशील कृषक श्री राहुल सिंह बिसेन के खेत का निरीक्षण किया, जहां वर्तमान में लगभग 30 एकड़ क्षेत्र में डीएसआर तकनीक से धान की बोनी की गई है।



इस दौरान कृषक राहुल सिंह बिसेन ने बताया कि वे पिछले 5-6 वर्षों से सीड ड्रिल के माध्यम से डीएसआर पद्धति अपना रहे हैं। इस तकनीक से बीज एवं उर्वरक की आवश्यकता कम और संतुलित मात्रा में होती है, जिससे खेती की लागत घटती है तथा उत्पादन बेहतर प्राप्त होता है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष वे मानसून की स्थिति एवं कृषि मजदूरों की कमी को देखते हुए लगभग 70 से 80 एकड़ क्षेत्र में डीएसआर पद्धति से धान की खेती करने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि बदलते कृषि परिदृश्य में आधुनिक तकनीकों को अपनाना समय की आवश्यकता है। डीएसआर पद्धति से पौधों को पर्याप्त सूर्य प्रकाश और हवा मिलती रहती है, जिससे उनकी वृद्धि बेहतर होती है और फसल अधिक स्वस्थ रहती है। राहुल सिंह बिसेन ने यह भी बताया कि उन्हें कृषि अनुसंधान केंद्र मुर्झड़ फार्म से डॉ. उत्तम बिसेन के माध्यम से फिलीपींस की पांच उन्नत धान किस्मों का प्रदर्शन (डेमो) प्राप्त हुआ है।

इन किस्मों का भी डीएसआर तकनीक से प्रदर्शन किया जा रहा है, ताकि उनकी उत्पादकता एवं स्थानीय परिस्थितियों में उपयुक्तता का आकलन किया जा सके। पूर्व विधायक श्री ओमकार सिंह बिसेन ने किसानों द्वारा अपनाई जा रही आधुनिक खेती की तकनीकों की सराहना करते हुए कहा कि कम लागत में अधिक उत्पादन देने वाली डीएसआर जैसी तकनीकें किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। उन्होंने क्षेत्र के अन्य किसानों से भी वैज्ञानिक एवं आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाकर खेती को अधिक लाभकारी बनाने का आह्वान किया।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा live देश विदेश
भारत, पाकिस्तान, नेपाल, भूटान, अमेरिका, ब्रिटेन, ईरान, चीन, जापान आदि की खबरें..

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# लड़की को जबरन अपने साथ ले जा रहा था नागेंद्र, कार के धमाके में जिंदा जलकर हो गई मौत..

डेस्क जगप्रेरणा।

*कर्नाटक के तुमकुरु में बीते शुक्रवार को एक चलती कार में हुए भयानक ब्लास्ट में एक शख्स की जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि कार में बैठी एक महिला और ड्राइवर घायल हो गए।*



यह हादसा सीरा तालुका में जोगीहल्ली के पास नेशनल हाईवे-48 पर हुआ। ब्लास्ट के बाद आग की चपेट में कार पूरी तरह से आ गई, जिससे हाईवे पर लगभग 1 किलोमीटर लंबा जाम लग गया।

### जिंदा जलकर हुई नागेंद्र की मौत..

बता दें कि इस घटना के मृतक की पहचान 30 साल के नागेंद्र के रूप में हुई है, जो अंकोला के रहने वाले थे और फिलहाल बेंगलुरु में रहते थे। इस हादसे में रम्या और कार का ड्राइवर प्रवीण भी जख्मी हो गए। दुर्घटना के बाद रम्या और प्रवीण को इलाज के लिए तुमकुरु के डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया।

### कार में विस्फोटक सामग्री होने का शक..

शुरुआती पड़ताल में सामने आया है कि नागेंद्र, रम्या और प्रवीण कार में सवार होकर बेंगलुरु से अंकोला की तरफ जा रहे थे। पुलिस को संदेह है कि कार में विस्फोटक सामग्री थी, जिसकी वजह से इतना भीषण धमाका हुआ। हादसे के बाद कल्लमबेला थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और केस की जांच शुरू कर दी है।

### नागेंद्र और रम्या के रिश्ते में था तनाव..

पुलिस के मुताबिक, नागेंद्र और रम्या के बीच प्रेम संबंध था, लेकिन पिछले कुछ वक्त से दोनों के रिश्ते में टेंशन चल रही थी। रम्या ने कथित रूप से नागेंद्र का फोन नंबर ब्लॉक किया हुआ था। बेंगलुरु के संजय गांधी हॉस्पिटल में रम्या ओटी टेक्नीशियन के तौर पर काम करती है और जयनगर में किराए के घर में रहती है।

### रम्या को जबरन अपने साथ अंकोला ले जा रहा था नागेंद्र..

शुक्रवार की सुबह नागेंद्र कथित रूप से रम्या के घर पहुंचा और उससे झगड़ा किया।

इसी दौरान, नागेंद्र ने रम्या को जबरन अपने साथ अंकोला ले जाने का प्रयास किया। रम्या के परिजन जयनगर पुलिस स्टेशन में किडनैपिंग की शिकायत भी दर्ज करा चुके थे।

### नागेंद्र ने कार में ही रम्या पर कर दिया अटैक..

पुलिस के अनुसार, सफर के दौरान नागेंद्र लगातार रम्या की जान लेने और खुद को भी खत्म करने की धमकी दे रहा था। उसने कथित रूप से पेट्रोल बम भी दिखाया था। फिर, जोगीहल्ली के पास नागेंद्र ने रम्या पर चाकू से अटैक कर दिया।

### रम्या के कार से कूदने के बाद हुआ धमाका..

इस बीच, ड्राइवर ने कार को रोक दिया। फिर रम्या ने किसी प्रकार से बचकर दरवाजा खोला और कार से बाहर कूद गई। कुछ ही देर बाद कार में जोरदार धमाका हुआ और उसमें आग लग गई। इसकी वजह से नागेंद्र की जिंदा जलकर मौत हो गई। पुलिस ने बम जैसी विस्फोटक सामग्री भी कार से बरामद कर ली है।

# बीजिंग की सबसे ऊंची बिल्डिंग से टकराया प्लेन नीचे गिरता दिखा मलबा..

डेस्क जगप्रेरणा।

*चीन की राजधानी बीजिंग में शुक्रवार दोपहर को एक बड़ा हादसा हो गया। यहां एक छोटा विमान बिजिंग की सबसे ऊंची इमारत से टकरा गया। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जो कि हैरान कर देने वाला है।*



सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में 109 मंजिला **CITIC** टावर (जिसे 'चाइना जुन' भी कहा जाता है) से मलबा गिरते हुए और ज़मीन पर विमान का पिछला हिस्सा और एक टैक्सी की टूटी हुई खिड़की दिखाई दी। हालांकि तुरंत यह पता नहीं चल पाया कि दुर्घटना में कोई हताहत हुआ या नहीं, या विमान में कितने लोग सवार थे। विमान कहां से आया था इसका अभी पता नहीं चला है।

### नीचे गिरा मलबा..

वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि एक छोटे विमान की बिल्डिंग से टक्कर हो गई। इसके बाद विमान का मलबा टुकड़ों में नीचे गिर रहा था। वहीं जमीन पर मलबा गिरने की वजह से बिल्डिंग के पास आग भी लग गई थी। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए वीडियो में विमान को 528 मीटर (1,732 फुट) ऊंचे टॉवर की ऊपरी मंजिलों से टकराते हुए दिखाया गया, जिसमें मलबे के टुकड़े आसपास के फुटपाथ और हरे-भरे इलाके में गिर रहे थे। इस दौरान गगनचुंबी इमारत से लोगों को निकाला गया।

बिल्डिंग के बाहर एंट्री गेट के पास सड़कों पर लोग जमा हो रहे थे। इसके साथ ही वहां फायर ब्रिगेड, पुलिस और एम्बुलेंस की गाड़ियां भी पहुंचीं।

### हल्के विमान ने मारी टक्कर..

मलबे की ऑनलाइन तस्वीरों से पता चला कि विमान का रजिस्ट्रेशन नंबर B-12PP था, और Flightradar24 के रिकॉर्ड विमान की पहचान Sunward SA60L Aurora के तौर पर करते हैं, जो चीन की Starair Aircraft Co. द्वारा बनाया गया दो सीटों वाला, सिंगल-इंजन वाला हल्का स्पोर्ट्स एयरक्राफ्ट है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में दावा किया गया कि हल्के स्पोर्ट्स एयरक्राफ्ट को एक स्थानीय कंपनी द्वारा संचालित किया जाता था जो प्राइवेट पायलट ट्रेनिंग, हवाई सैर और एयरक्राफ्ट मैनेजमेंट की सुविधा देती है। बता दें कि 1 मई से, चीन की राजधानी में नए और कड़े नियमों के तहत ड्रोन उड़ाने पर पूरी तरह रोक है। शहर के बड़े इलाके में रहने वाले लोगों को सरकार की मंजूरी के बिना ड्रोन खरीदने, किराए पर लेने या उड़ाने की इजाज़त नहीं है।

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें..
मो. 9329033433

# नर्मदा नदी में डूबने से 3 युवकों की मौत, दद्दा घाट पर बड़ा हादसा, पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए शव...

डेस्क जगप्रेरणा।

*मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले में शनिवार को एक दर्दनाक घटना हुई, जिसमें तिलवारा इलाके के दद्दा घाट पर नर्मदा नदी में 3 युवकों की डूबने से मौत हो गई।*



जानकारी के अनुसार तीनों युवक तैरने के लिए नदी में उतरे थे, लेकिन अचानक गहरे पानी वाले हिस्से में चले गए। तेज बहाव और पानी की बढ़ती गहराई के कारण वे सुरक्षित वापस नहीं आ पाए और डूब गए। मौके पर ही तीनों युवक की मौत हो गई। आज ही के दिन एक

और ऐसी ही दुर्घटना हुई। जी हां, अशोकनगर जिले के खैरोना गांव के पास सिंध नदी में डूबने से एक युवक की मौत हो गई, जिसका शव शानिवार सुबह नदी से बरामद हुआ। मृतक की पहचान 25 साल के तारिक अजीजी पुत्र हामिद खान के रूप में हुई थी।

### पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया 3 युवकों का शव..

घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय लोगों और गोताखोरों ने बचाव के लिए तैयार शुरू की, लेकिन वह उनकी जान बचाने में असल रहे। 3 घंटे की खोजबीन के बाद तीनों युवकों के शव नदी से निकाल लिए गए, लेकिन उसके पहले ही वह अपना दम तोड़ चुके थे। इस बात की खबर मिलते ही पुलिस और प्रशासन के अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभाला। बाद में शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया। इन तीनों युवकों का नाम सोहिल, साबिर और साहिल है।

### पुलिस ने लोगों से की खास अपील..

शुरुआती रिपोर्टों से पता चलता है कि तीनों युवक जबलपुर के मुजावर मोहल्ले के रहने वाले थे। इस घटना से उनके परिवार और स्थानीय लोग गहरे सदमे में हैं। अधिकारियों ने घटना की आगे की जांच शुरू कर दी है। उन्होंने वहां के लोगों से सावधानी बरतने गहरे पानी में न जाने की अपील की है। खासकर तब जब नदी का बहाव तेज हो। इसके पहले मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ में गुरुवार, 11 जून 2026 को देव स्थानीय सिद्ध तालाब में नह रहे 3 नाबालिग बच्चों की मौत की खबर सामने आई थी। इस बात की जानकारी उनके चौथे दोस्त ने परिवार और गांव वालों को दी थी, जो इस घटना में बाल-बाल अपनी जान बचा पाया था।

# वेनेजुएला में फिर लगे भूकंप के झटके, मलबे में अपनों को तलाश रहे लोग, मृतकों की संख्या 1,000 के पार..



डेस्क जगप्रेरणा।

*वेनेजुएला में बुधवार को आए विनाशकारी भूकंप के आफ्टरशॉक्स शुक्रवार को भी महसूस किए गए। शुक्रवार को वेनेजुएला के उत्तरी तट के पास भूकंप के झटके महसूस किए गए, जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.9 मापी गई है। भूकंप के झटके देश की राजधानी काराकास और माराके शहर में महसूस किए गए*

और फिर से आए इस भूकंप की वजह से लोग जान बचाने के लिए तुरंत सुरक्षित जगहों की तरफ भागने लगे। आफ्टरशॉक्स की वजह से मलबे में फंसे लोगों को निकालने के लिए जारी रेस्क्यू ऑपरेशन में भी दिक्कतें आ रही हैं। बता दें कि शुक्रवार को आए इस भूकंप से कुछ दिन पहले, बुधवार की शाम को देश में दो ज़बरदस्त भूकंप आए थे, जिनमें अब तक 1,000 से ज्यादा लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, कई लोग घायल हैं और कई लोग लापता बताए जा रहे हैं। भूकंप ने बड़ी तबाही मचाई है, इसकी वजह से वेनेजुएला की राजधानी काराकास के कुछ हिस्से बुरी तरह तबाह हो गए हैं।

### मलबे में अपनों को तलाश रहे लोग..

बुधवार को आया भूकंप वेनेजुएला में पिछले 125 सालों का सबसे शक्तिशाली भूकंप था. इस आपदा ने पूरे देश को हिला दिया. इमारतें मोम की तरह मोड़ दी गई. पूरी-पूरी कॉलोनियां साफहो गई. हजारों परिवारों का सपना मलबे में दब गया। इस भूकंप में मरने वालों की संख्या अब 920 हो गई है, कई लोग घायल हैं, तो वहीं हजारों लोग अब तक लापता हैं। मलबे में लोग अपनों को तलाश रहे हैं। कई लोग अपने परिवार से बिछड़ गए हैं।

### 50 हजार से ज्यादा लोग लापता..

बुधवार को आए भूकंप में मरने वालों की संख्या अभी और बढ़ने की आशंका है; **S** जियोलॉजिकल सर्वे का अनुमान है कि मरने वालों और घायलों की कुल संख्या 10,000 से ज़्यादा हो सकती है। बता दें कि अब तक कम से कम 3,360 लोगों के घायल होने की खबर है और 172 से ज़्यादा लोग मलबे के नीचे दबे हुए बताए जा रहे हैं। वेनेजुएला सरकार के अनुसार, लापता लोगों की संख्या 50,000 से ज़्यादा हो गई है। लापता लोगों की तलाश की जा रही है और राहत बचाव कार्य जारी है।

# नदी में एक दंपति और उनका छोटा बेटा मृत पाए गए, लापता बेटी की तलाश जारी..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*स्थानीय पुलिस ने शनिवार को मुवट्टुपुझा नदी से एक व्यक्ति का शव बरामद किया। इससे एक दिन पहले पास ही पिरावोम में पानी में उस व्यक्ति की दृष्टिबाधित पत्नी और दो साल के बेटे के शव उतराते हुए पाए गए थे।*



अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि दंपति की बड़ी बेटी भी लापता है और उसकी तलाश खराब रोशनी के कारण शनिवार शाम को रोक दी गई। हालांकि रविवार को फिर से तलाश शुरू होगी।

शुक्रवार को अपराह्न करीब दो बजे महिला और उसके बेटे के शव नदी में देखे गए थे।

बाद में उनकी पहचान मुवट्टुपुझा की रहने वाली दृष्टिबाधित महिला विजी और उनके दो-वर्षीय के बेटे के तौर पर हुई। शव मिलने के बाद पुलिस ने विजी के पति नारायणन से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन संपर्क नहीं हो पाया।

शनिवार को पुलिस ने अग्निशमन विभाग और बचाव सेवा के कर्मचारियों की मदद से नदी में तलाशी अभियान चलाया और नारायणन का शव बरामद किया। पुलिस के अनुसार, पलक्कड़ के रहने वाले नारायणन कोथमंगलम में किराये के मकान में अपने परिवार के साथ रह रहे थे। दंपति के दो बच्चे थे। अधिकारियों ने बताया कि परिवार को हाल ही में पिरावोम इलाके में देखा गया था। विजी और छोटे बच्चे के शव मिलने के बाद रिश्तेदारों को नारायणन और दंपति की बड़ी बेटी के ठिकाने के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। अधिकारियों ने बताया कि शुरुआती जांच से पता चलता है कि यह मामला आर्थिक तंगी से जुड़ी आत्महत्या का हो सकता है। पुलिस ने परिवार के रिश्तेदारों और अन्य करीबी लोगों के बयान दर्ज किए हैं।

अधिकारियों के अनुसार, नारायणन और उनके परिवार ने हाल ही में कोठामंगलम पुलिस से आर्थिक सहायता मांगी थी, क्योंकि वे अपने घर का किराया चुकाने में असमर्थ थे। पुलिस ने उनके लिए वैकल्पिक आवास की व्यवस्था करवाई थी और परिवार रविवार को वहां जाने वाला था। पिरावोम पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है। पोस्टमार्टम के बाद शवों को उनके रिश्तेदारों को सौंप दिया गया है।

# लंदन में तेलंगाना का छात्र मृत मिला, परिवार ने शव स्वदेश लाने के लिए मदद मांगी..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*लंदन में पढ़ाई कर रहे तेलंगाना के कामारेड्डी ज़िले के 25 वर्षीय एक छात्र की मौत हो गई और उसके परिवार ने उसका शव स्वदेश लाने में सरकार से मदद मांगी है।*



जिले के तालमडला गांव में एस. श्रीनाथ रेड्डी के पिता मधुसूदन रेड्डी ने शनिवार को पत्रकारों को बताया कि उनका बेटा 14 महीने पहले लंदन गया था।

उन्होंने कहा कि उन्हें इस बारे में कुछ भी जानकारी नहीं है कि उनके बेटे की मौत किन परिस्थितियों में हुई। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार से शव स्वदेश लाने की प्रक्रिया में तेज़ी लाने में मदद की अपील की।

मधुसूदन रेड्डी ने यह भी कहा कि उनके बेटे ने 22 जून की रात परिवार के सदस्यों से बात की थी और बातचीत सामान्य थी। उनके अनुसार, श्रीनाथ रेड्डी ने कथित तौर पर 22 जून की रात एक जन्मदिन पार्टी में हिस्सा लिया था। परिवार के एक रिश्तेदार ने बताया कि श्रीनाथ रेड्डी के साथ रहने वाले छात्र (रूममेट) को 23 जून की सुबह वह मृत मिला। 'रूममेट' ने कहा कि श्रीनाथ रेड्डी ने कथित तौर पर फांसी लगा ली।

# बच्ची को कुचला, बैरिकेडिंग तोड़ भागा ट्रक ड्राइवर, पुलिस वाले दौड़ते रहे..

डेस्क जगप्रेरणा।

छत्तीसगढ़ के मोहला मानपुर में अपराधियों के हौसले किस कदर बुलंद हैं, इसकी एक तस्वीर मोहला-मानपुर से सामने आई है। यहां एक तेज रफ्तार ट्रक ने 10 साल के मासूम बच्ची को कुचल दिया।



हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बैरिकेडिंग कर ट्रक को रोकने की कोशिश की, लेकिन चालक बैरिकेड तोड़ते हुए महाराष्ट्र की ओर भाग निकला। इस दौरान पुलिसकर्मी भी अपनी जान बचाते नजर आए। गनीमत रही कि कोई जवान घायल नहीं हुआ।

ये वीडियो मोहला-मानपुर जिले की हैं, जहां गुंडरदेही गांव में तेज रफ्तार ट्रक ने 10 साल की मासूम को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया।

### दौड़ती रही पुलिस, भाग गया ड्राइवर..

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने अलग-अलग जगहों पर बैरिकेडिंग कर ट्रक को रोकने की कोशिश की। लेकिन आरोपी चालक ने रफ्तार कम करने के बजाय बैरिकेड्स को ही टक्कर मार दी और उन्हें तोड़ते हुए आगे निकल गया।

ट्रक की रफ्तार इतनी तेज थी कि बैरिकेड्स के पास मौजूद पुलिसकर्मियों को अपनी जान बचाने के लिए पीछे हटना पड़ा। फिलहाल पुलिस ने ट्रक चालक की तलाश तेज कर दी है और फरार वाहन का पीछा करते हुए उसे पकड़ने का प्रयास कर रही है। इस घटना ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और कानून के प्रति बेखौफ अपराधियों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### लड़की की मौके पर ही मौत..

यह घटना राजनांदगांव-मानपुर रोड पर अंबागढ़ चौकी पुलिस स्टेशन इलाके के गुंडरदेही गांव में हुई। ज़िले के एडिशनल सुपरिटेंडेंट ऑफ़ पुलिस पीतांबर पटेल के मुताबिक, तेज़ रफ़्तार ट्रक ने 10 साल की बच्ची को टक्कर मारी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद रुकने के बजाय, ड्राइवर ने गाड़ी की रफ़्तार बढ़ाई और भागने की कोशिश में मोहला की तरफ़ चला गया।

### नशे में था ड्राइवर..

पुलिस ने बताया कि घटना के समय ड्राइवर शराब के नशे में था। गुंडरदेही गांव में, हादसे के बाद लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने लड़की का शव सड़क पर रखकर करीब दो घंटे तक रास्ता जाम कर दिया और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मौके पर पहुंचने और प्रदर्शनकारियों को सख्त कार्रवाई का भरोसा दिलाने के बाद ही जाम हटाया गया। पोस्टमॉर्टम के बाद बच्ची का शव उसके परिवार को सौंप दिया गया। पुलिस ने ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और महाराष्ट्र रजिस्ट्रेशन नंबर वाले ट्रक को ज़ब्त कर लिया है।





जग प्रेरणा
# खेल मनोरंजन
खेल जगत एवं बॉलीवुड व हॉलीवुड की खबरें..



## नीरज चोपड़ा एशियाई खेलों में हिस्सा लेंगे: एएफआई..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***भारतीय भाला फेंक के सुपरस्टार नीरज चोपड़ा सितंबर-अक्टूबर में जापान में होने वाले एशियाई खेलों में अपने खिताब का बचाव करने के लिए मैदान पर उतरेंगे। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) की चयन समिति के अध्यक्ष आदिल सुमारीवाला ने शनिवार को इसकी पुष्टि की।***



चोपड़ा सितंबर 2025 में तोक्यो विश्व चैंपियनशिप से पहले पीठ के निचले हिस्से में लगी चोट से उबर गए हैं। उन्होंने हाल में दोहा डायमंड लीग से अपने सत्र की शुरुआत की, जहां उन्होंने 85.69 मीटर के थ्रो के साथ चौथा स्थान हासिल किया। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता 28 वर्षीय चोपड़ा ने राष्ट्रमंडल खेलों में भाग लेने की पुष्टि तो कर दी थी, लेकिन यह स्पष्ट नहीं किया था कि वह 19 सितंबर से चार अक्टूबर तक आइची-नागोया में होने वाले एशियाई खेलों में हिस्सा लेंगे या नहीं।

सुमारीवाला ने पीटीआई से कहा, 'वह (चोपड़ा) राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों दोनों में भाग लेंगे। उन्होंने क्वालीफाई कर लिया है और वह अभी चोट से पूरी तरह उबरने की प्रक्रिया में है। उन्हें सत्र की अपनी पहली प्रतियोगिता में ही 86 मीटर (85.69 मीटर) भाला फेंका, जो शानदार है।' उन्होंने कहा, 'नीरज ने (चीन में 2022 में खेले गए एशियाई खेलों में) 88 मीटर के साथ स्वर्ण पदक जीता था। वह अब 86 मीटर के करीब हैं, तो हमें कोई कारण नहीं दिखता कि जिससे यह लगता हो कि वह राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों दोनों में अच्छा प्रदर्शन नहीं करेंगे।' एएफआई की चयन समिति यहां चल रही राष्ट्रीय अंतर-राज्यीय सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के अंतिम दिन रविवार को भारतीय टीम की घोषणा कर सकती है।

चोपड़ा ने चीन के हांगझोऊ में पिछले एशियाई खेलों में 88.88 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था। आइची-नागोया में चोपड़ा का सामना श्रीलंका के उभरते सितारे रुमेश थरंगा पथिरागे से होने की उम्मीद है, जिन्होंने इस साल की शुरुआत में 90 मीटर का आंकड़ा पार किया और दो डायमंड लीग खिताब जीते। इनमें दोहा में जीता गया खिताब भी शामिल है। पाकिस्तान के ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम भी इस दौड़ में शामिल हो सकते हैं, जिससे एशियाई खेलों में पुरुषों की भाला फेंक प्रतियोगिता और भी रोमांचक हो जाएगी। एएफआई ने हालांकि यह फैसला चोपड़ा पर छोड़ दिया है कि क्या वह 23 जुलाई से दो अगस्त तक ग्लासगो में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों से पहले किसी भी प्रतियोगिता में भाग लेना चाहते हैं या नहीं। चोपड़ा को इससे पहले राष्ट्रमंडल खेलों के लिए 32 सदस्यीय भारतीय टीम में शामिल किया गया था।

एएफआई के पूर्व अध्यक्ष और वर्तमान में विश्व एथलेटिक्स के उपाध्यक्ष सुमारीवाला ने कहा, 'हमने यह फैसला उन पर छोड़ दिया है। वह इन प्रतियोगिताओं के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं और अब हमारा ध्यान उस प्रक्रिया पर है जिससे वह राष्ट्रमंडल खेलों के साथ-साथ एशियाई खेलों में भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें।' उन्होंने इसके साथ ही बताया कि 2031में होने वाली विश्व एथलेटिक्स सीनियर चैंपियनशिप के मेजबान की घोषणा सितंबर में की जाएगी।

भारत 2029 या 2031 में सीनियर विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी हासिल करने की दौड़ में शामिल है। भारत ने 2028 में होने वाली अंडर-20 विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी के लिए भी बोली लगाई है। भारत इन दोनों प्रतियोगिताओं की मेजबानी अहमदाबाद में करना चाहता है।

सुमारीवाला ने कहा, 'हमने अहमदाबाद में इन दोनों चैंपियनशिप की मेजबानी के लिए बोली लगाई थी। विश्व एथलेटिक्स की एक टीम ने हाल में अहमदाबाद का दौरा भी किया था। मुकाबला काफी कड़ा है क्योंकि इंग्लैंड, जर्मनी और कीनिया भी मेजबानी हासिल करने की दौड़ में हैं।'

## क्या हार्दिक पांड्या और माहिका शर्मा ने गुपचुप रचाई शादी? मांग में सिंदूर लगाए दिखीं मॉडल..

डेस्क जगप्रेरणा।

***क्या भारतीय क्रिकेटर हार्दिक पांड्या ने अपनी गर्लफ्रेंड माहिका शर्मा से शादी कर ली है? सोशल मीडिया पर इस कपल की नई तस्वीरें सामने आने के बाद ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि उन्होंने गुपचुप तरीके से शादी रचाई है।***



ये अफवाहें तब शुरू हुई, जब हार्दिक और माहिका की एक बुजुर्ग महिला के साथ पोज देते हुए तस्वीर ऑनलाइन सामने आई। इस फोटो ने हलचल मचा दी है और अब सभी के मन में ही सवाल है कि क्या उन्होंने सच में शादी कर ली।

### क्या हार्दिक पंड्या और माहिका शर्मा बन गए पति-पत्नी?

हार्दिक पांड्या और माहिका शर्मा की फोटो पर पैनी नजर रखने वाले नेटिजन्स ने देखा कि माहिका ने हार्दिक पांड्या के साथ पोज देते समय माथे पर सिंदूर लगाया हुआ था। वहीं, बुजुर्ग महिला को कपल का हाथ पकड़े हुए देखा गया, जिससे सोशल मीडिया पर कई लोगों को लगा कि यह तस्वीर कपल के एक प्राइवेट समारोह में शादी करने के बाद ली गई थी। हालांकि, कपल की तरफसे कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन सोशल मीडिया पर माहिका और हार्दिक की ये तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही हैं। हार्दिक और माहिका के डेटिंग की अफ्वाहें सबसे पहले सितंबर 2025 में तब सामने आईं, जब फैंस ने मॉडल की इंस्टाग्राम पोस्ट में क्रिकेटर को देखा। एक महीने बाद दोनों ने सोशल मीडिया पर अपने रिश्ते को सबके सामने जाहिर कर दिया।

### हार्दिक और माहिका की फोटो पर नेटिजन्स का रिएक्शन..

कई लोगों का मानना है कि कुछ समय तक डेटिंग करने के बाद दोनों ने अपने रिश्ते को आगे बढ़ाने और जिंदगी के एक नए पड़ाव में कदम रखने का फैसला किया है। अपनी एक्स-वाइफ नताशा स्टेनकोविच से अलग होने के दो साल बाद स्टार ऑलराउंडर ने मॉडल माहिका शर्मा को डेट करना शुरू किया था।

### हार्दिक-माहिका की सीक्रेट मैरिज या सिर्फ अफवाह?


हालांकि, इन दावों की आधिकारिक तौर पर कोई पुष्टि नहीं हुई है। न तो हार्दिक और न ही माहिका ने इन अटकलों

पर कोई बात की है और ऐसा कोई ठोस सबूत भी सामने नहीं आया है, जिससे पता चले कि इस जोड़े ने शादी कर ली है।

## केप वर्डे ने फीफा वर्ल्ड कप में किया कमाल, नॉकआउट में पहुंचने वाला सबसे छोटा देश बना, अब अर्जेंटीना से होगा सामना..

डेस्क जगप्रेरणा।

***केप वर्डे की टीम पहली बार फीफा वर्ल्ड कप में खेल रही है और जारी टूर्नामेंट में शानदार खेल दिखाते हुए उनकी टीम अगले दौर में पहुंच गई है। हालांकि, अब उसके लिए आगे का रास्ता बहुत मुश्किल होने वाला है,***



क्योंकि अंतिम-32 में उनका मुकाबला डिफेंडिंग चैंपियन टीम अर्जेंटीना से होगा। शनिवार को हुए एक रोमांचक मैच में केप वर्डे ने सऊदी अरब के खिलाफ मैच को 0-0 से बराबरी (ड्रॉ) पर रोका। इसी ग्रुप के एक दूसरे मैच में स्पेन द्वारा उरुग्वे को 1-0 से हराने के बाद, केप वर्डे अपने ग्रुप में दूसरे नंबर पर रही। केप वेर्डे अब नॉकआउट में पहुंचने वाला सबसे छोटा देश बन गया है।

### अब अर्जेंटीना से होगा केप वेर्डे का मैच..

सिर्फ 5 लाख की आबादी वाले इस छोटे से देश ने अपने ग्रुप के तीनों मैचों में बिना हारे एक नया इतिहास बना दिया है। अब इस शानदार सफर में उनका अगला मुकाबला 4 जुलाई को मियामी में होगा, जहां केप वर्डे की टीम का सामना लियोनल मेसी की कप्तानी वाली मजबूत अर्जेंटीना टीम से होगी। वैसे देखा जाए तो दोनों टीमों के बीच कोई मुकाबला ही नहीं है क्योंकि अर्जेंटीना एक बहुत ही बड़ी टीम है। लेकिन केप वर्डे के पास इतिहास में अपना नाम सुनहरे अक्षरों में दर्ज कराने का यह एक बहुत बड़ा मौका है।

### केप वेर्डे के गोलकीपर वोजिन्हा का शानदार रहा प्रदर्शन..

नया इतिहास बनाने की सोच के साथ मैदान पर उतरी केप वर्डे टीम के कोच 'बुबिस्टा' ने इस मैच में अपनी मेन टीम के आधे से ज्यादा खिलाड़ी बदल दिए थे। इनमें से कुछ बदलाव तो उन्हें मजबूरी में करने पड़े थे। इसके बावजूद, उन्होंने अपने सबसे बेहतरीन खिलाड़ी और टीम के हीरो यानी गोलकीपर वोजिन्हा पर पूरा भरोसा रखा और उन्हें टीम में बनाए रखा। मैच के दौरान सऊदी अरब के खिलाफ केप वर्डे को गोल करने के कई अच्छे मौके मिले, लेकिन टीम उनका फायदा नहीं उठा सकी। गोलकीपर वोजिन्हा ने कई गोल इस मैच में बचाए।

### ग्रुप H में स्पेन की टीम टॉप पर..

ग्रुप H की बात करें तो स्पेन की टीम 7 अंकों के साथ पहले नंबर पर रही। स्पेन ने अपने पहले मैच में केप वर्डे के साथ ड्रॉ खेला था। वहीं, केप वर्डे की टीम 3 अंक हासिल करके दूसरे नंबर पर रही और अगले दौर में पहुंच गई। दूसरी तरफ, उरुग्वे और सऊदी अरब की टीमें सिर्फ 2-2 अंक ही हासिल कर सकीं और इस टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। अब अगले दौर में स्पेन का मुकाबला ग्रुप-जे (Group J) में दूसरे नंबर पर रहने वाली टीम से होगा, जो अल्जीरिया या ऑस्ट्रिया में से कोई एक हो सकती है।

## फिर अल्लू अर्जुन संग जमेगी रश्मिका मंदाना की जोड़ी? जल्द मुंबई में शुरू होगी फिल्म 'राका' की शूटिंग...

डेस्क जगप्रेरणा।

***'पुष्पा' में अपनी केमिस्ट्री से दर्शकों का दिल जीतने वाले रश्मिका मंदाना और अल्लू अर्जुन एक बार फिर साथ काम करने के लिए तैयार हैं। रश्मिका और अल्लू अर्जुन की आने वाली फिल्म 'राका' में एक अहम भूमिका निभाने जा रही हैं।***



इतना ही नहीं फिल्म की शूटिंग का पहला शेड्यूल जल्द ही मुंबई में शुरू होने वाला है। फिल्म में रश्मिका मंदाना के होने से एटली के निर्देशन में बन रही इस फिल्म को लेकर उत्साह और बढ़ने की उम्मीद है, क्योंकि अल्लू अर्जुन के साथ उनकी केमिस्ट्री को बहुत पसंद किया गया है।

जहां फैन्स हर दिन इस प्रोजेक्ट से जुड़ी नई जानकारी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, वहीं 'वैरायटी इंडिया' की इस खबर से कि रश्मिका जल्द ही फिल्म के मुंबई शेड्यूल में शामिल होंगी, दर्शकों का उत्साह और भी बढ़ जाएगा।

### शाहरुख खान भी कर सकते हैं कैमियो?

खबरों के मुताबिक, रश्मिका के अलावा मृणाल ठाकुर और जाह्नवी कपूर भी इस प्रोजेक्ट में अहम किरदार निभाती नजर आएंगी। हाल ही में ऐसी भी चर्चा थी कि शाहरुख खान इस फिल्म में कैमियो कर सकते हैं।

हालांकि, मेकर्स ने अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं की है। इस बीच हाल ही में ऐसी अटकलें लगाई जा रही थीं कि शाहरुख खान एक वर्चुअल इवेंट में फिल्म का टीजर रिलीज करेंगे, जिसमें एटली, अल्लू अर्जुन और दीपिका पादुकोण भी शामिल होंगे।

### पोस्टर में दिखा था धांसू लुक..

हाल ही में अल्लू अर्जुन के 44वें जन्मदिन के मौके पर 'राका' के मेकर्स ने एक पोस्टर जारी किया, जिससे एटली की बनाई जा रही दुनिया की एक झलक मिली। पोस्टर में अल्लू अर्जुन का चेहरा घने फर के पीछे थोड़ा छिपा हुआ है और एक नुकीले दांत जैसी डिटेल इसे एक जंगली लुक देती है। उनकी आंखें दमदार और रहस्यमयी लग रही हैं। पोस्टर जारी करते हुए और फिल्म के टाइटल की घोषणा करते हुए, मेकर्स ने लिखा, '6 अब **Raaka** है सीमाओं से परे एक विजन के लिए तैयार हो जाइए।' फिल्म को डायरेक्टर एटली बना रहे हैं जो शाहरुख खान संग भी सुपरहिट फिल्म दे चुके हैं। अब देखना होगा कि क्या अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना एक बार फिर बॉक्स ऑफिस पर अपना जलवा दिखा पाते हैं या नहीं।

## सर्वेश कुशारे ने हाई जंप में बनाया नया नेशनल रिकॉर्ड, Asian Games 2026 के लिए भी पक्की की जगह..

डेस्क जगप्रेरणा।

***भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में आयोजित की जा रही नेशनल इंटर स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप में सर्वेश कुशारे ने पुरुष हाई जंप के इवेंट में 2.31 मीटर की ऊंचाई पार करने के साथ नया नेशनल रिकॉर्ड बनाने के साथ गोल्ड मेडल को अपने नाम किया।***



महाराष्ट्र के सर्वेश कुशारे ने 8 साल पुराने तेजस्विन शंकर के 2.29 मीटर के रिकॉर्ड को तोड़ने के साथ अब इसे अपने नाम कर लिया है। सर्वेश कुशारे ने इसी के साथ जापान में होने वाले एशियन गेम्स 2026 के लिए भी अपनी जगह को पक्का कर लिया है।

### सर्वेश कुशारे ने तीसरी कोशिश में पार किया 2.31 मीटर की ऊंचाई..

महाराष्ट्र के 31 साल के सर्वेश कुशारे ने 27 जून को कलिंगा स्टेडियम में अपने शानदार कंट्रोल से सभी को प्रभावित किया। सर्वेश ने हाई जंप के इवेंट में अपने तीसरे प्रयास में 2.31 मीटर की ऊंचाई को पार करने के साथ तेजस्विन शंकर के 2.29 मीटर के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया जो उन्होंने साल 2018 के अप्रैल महीने में बनाया था। कुशारे ने तीसरे प्रयास के बाद अपनी अगली कोशिश में 2.35 मीटर की ऊंचाई को पार करने की कोशिश की लेकिन वह उसमें सफल नहीं हो सके। वहीं 2.31 मीटर का नया नेशनल रिकॉर्ड बनाने के साथ सर्वेश कुशारे ने एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के क्वालिफाइंग स्टैंडर्ड को भी आसानी से पार कर लिया, जिसके साथ ही उनका एशियन गेम्स 2026 में हिस्सा लेने का रास्ता भी साफ हो गया।

### साल 2019 में इंडियन ओपन जीतकर बनाई थी पहचान..

सर्वेश कुशारे को लेकर बात की जाए तो वह घरेलू और इंटरनेशनल सर्किट में पिछले कुछ सालों से लगातार देश के प्रमुख हाई जंप इवेंट के एथलीट में से एक हैं। सर्वेश कुशारे ने जब साल 2019 में इंडियन ओपन हाई जंप का खिताब अपने नाम किया था तो उस समय उन्होंने सभी का ध्यान अपनी तरफखींचा। इसके बाद उन्होंने साउथ एशियन गेम्स में इंटरनेशनल डेब्यू किया जहां वह 2.21 मीटर की जंप के साथ गोल्ड मेडल जीतने में कामयाब रहे थे। कुशारे ने पेरिस ओलंपिक में भी हिस्सा लिया था और वहीं साल 2025 में टोक्यो में हुई वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हाई जंप के इवेंट में फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय पुरुष एथलीट बने थे जिसमें उन्होंने 2.28 मीटर के साथ के छठे स्थान पर खत्म किया था।

## 'मैं तेरी बीवी हूं', तेजस्वी प्रकाश ने करण कुंद्रा को बताया अपना पति, सुर्खियों में वायरल वीडियो..

डेस्क जगप्रेरणा।

***करण कुंद्रा ने हाल ही में अपने यूट्यूब चैनल पर एक नया व्लॉग शेयर किया, जिसमें उन्होंने अपनी गर्लफ्रेंड तेजस्वी प्रकाश के साथ मॉरिशस की छुट्टियों की झलक दिखाई।***



उनका यह वीडियो काफी सुर्खियों में है, जो खास वजह से उनके फैंस का ध्यान खींच रहा है। व्लॉग का एक खास हिस्सा अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे फैंस एक बार फिर इस कपल की शादी के बारे में अंदाजा लगा रहे हैं। इसके पहले 'देसी ब्लिंग' पर करण कुंद्रा ने तेजस्वी प्रकाश को प्रपोज किया था, जिसके बाद से यह कपल लंबे समय से अपनी शादी को लेकर सुर्खियों में बना हुआ है।

### क्या तेजस्वी प्रकाश-करण कुंद्रा हैं पति-पत्नी?

व्लॉग में दोनों की फनी बातचीत में करण अपनी मंगेतर तेजस्वी से कहते हैं, 'वो उसकी पत्नी है ना, तुम मेरी पत्नी नहीं हो ना।' इस बात पर तेजस्वी ने मजाक में जवाब दिया, 'अरे, मैं तुम्हारी पत्नी हूं।' इस पर करण ने कहा, 'अच्छा जी। मैं तुम्हारी पत्नी हूं, यह भूल जाते हैं।' उनकी इस बातचीत ने तुरंत फैंस का ध्यान खींचा और कई लोगों ने तेजस्वी की मजाकिया बातों को सुन उन्हें बेस्ट कपल का टैग दिया। यह क्लिप वायरल हो गई है, जिससे 'तेज-रान' के चाहने वाले यह सोचने पर मजबूर हो गए हैं कि यह टेलीविजन कपल आखिरकार कब शादी के बंधन में बंधेगा।

### करण कुंद्रा ने तेजस्वी पर लुटाया प्यार..

तेजस्वी प्रकाश का यह जवाब तब सामने आया, जब उन्होंने शिकायत की कि मॉरिशस ट्रिप के दौरान करण उनकी तस्वीरें नहीं ले रहे थे। बाद में करण ने तेजस्वी को यकीन दिलाया कि वह तस्वीरें लेंगे और आखिर में प्यार से कहा, 'आई लव यू बेबी।' कमाल की बात यह है कि कपल ने 'देसी ब्लिंग' पर सगाई तो कर ली, लेकिन अभी तक अपनी शादी को लेकर कोई अपडेट नहीं दी है।

### 5 साल से तेजस्वी-करण कर रहे डेट..

करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश को 2021 में बिग बॉस 15 के दौरान एक-दूसरे से प्यार हो गया था और तब से वे टेलीविजन के सबसे पसंदीदा कपल में से एक बने हुए हैं। पिछले कुछ सालों में दोनों की शादी की खबरें लगातार चर्चा में रही हैं और फैंस बेसब्री से उनकी शादी की तारीख का इंतजार भी कर रहे हैं। इस साल की शुरुआत में करण ने नेटफ्लिक्स के 'देसी ब्लिंग' शो में तेजस्वी को प्रपोज करके अपने रिश्ते को एक कदम आगे बढ़ाया है।






**लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..**

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 94070-33433





जग प्रेरणा

# साहित्य अभिव्यक्ति

■ संपादकीय ■ लेख ■ कविता ■ व्यंग्य ■ महाशब्द पहेली (शब्द ज्ञान)





दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 9407033433


## आचार, विचार और भ्रष्टाचार..

जबसे अयोध्या धाम के राम मंदिर ट्रस्ट के बारे में दुखद समाचार सुना है मन टूट सा गया है।निराशा छा गई है ।यद्यपि एस.आई. टी.पर बहुत विश्वास है फिर भी भक्त उदास है।कारण है सनातन की आस्था पर प्रहार, दान में हेरा फेरी और भारी भ्रष्टाचार ।कल ही हमने पहली बारिश होते ही आम का आचार डालने आम कटवा कर लाये और इधर राम मंदिर ट्रस्ट से कुछ लोगों का पत्ता काट देने के समाचार ने भीतर तक संचार कर दिया। ऐसी पक्की जानकारी मिली है कि न्यायालय में पेशी के बाद राम मंदिर चढ़ावा चोरी प्रकरण के समस्त आरोपी जेल भेजे गए हैं।पुलिस ने उनकी रिमांड भी नहीं मांगी है।ट्रस्ट के बड़े पदाधिकारियों ने अपना स्तीफा भी दे दिया है।अब तक इन आरोपियों से लगभग 80 लाख की नगद राशि बरामद हो चुकी है।यह खबर सुनकर हमें लगा कि इन अस्सी लाख रुपयों से आम खरीद कर आचार बना लिया जावे तो अत्यधिक मुनाफा हो जाये आखिर आम जनता के धन का सदुपयोग ही तो कर रहे हैं हम । सीजन भी अ चार डालने का ही है।जनता के धन की चोरी या डकैती करने से बेहतर है कि हम अचार ही बना कर बेच लें।आजकल सरकार का भी कहना है कि यदि एस.आई. टी.की जांच में

किसी भी स्तर पर अनियमितता , या जिम्मेदारी सुनिश्चित की जाती है तो संबंधित के विरुद्ध कानून के अनुसार कार्यवाही की जाएगी।यानी दूध का दूध और पानी का पानी होगा।जो भी हो आजकल रात दिन लोकायुक्त वालों के छापों में अनेकों अधिकारियों एवं कर्मचारियों को रंगे हाथ रिश्वत लेते पकड़ने के लगातार प्रकाशित होते जा रहे समाचारों से ऐसा प्रतीत होता है कि आजकल रिश्वत खोरी आम बात हो गई है

कई लोग इसे सुविधा शुल्क या चाय पानी का खर्च कहते हैं किंतु यही खर्च जब हजारों या लाखों में लिया जाता है तो हमें लगता है कि आजकल प्रत्येक शासकीय कार्यालयों एवं सरकारी संस्थानों

में घूस खोरी सरे आम होने लगी है।

बगैर रिश्वत दिए कार्य ही नहीं होता।इस पर रोक लगाने हम जैसे वरिष्ठ नागरिकों को साहसिक कदम उठाना ही पड़ेगा। वरना जनता कहेगी

ये कौन चित्रकार है ?ये कौन चित्रकार है? अब रहा सवाल भ्रष्टाचार का तो यह बीमारी बहुत पुरानी है ।इसका इलाज करने वाले डाक्टर अवश्य परलोक सिधार गए किंतु भ्रष्टाचार पूर्णतः समाप्त ही नहीं हो सकता।तब हमें एक फिल्मी गीत याद आता है ÷जब दिल ही टूट गया हम जीकर क्या करेंगे?÷ वास्तव में राम लला के मंदिर के भ्रष्टाचार ने सभी सनातनियों का विश्वासी ही तोड़ दिया है।इस प्रकार के समाचारों घटनाओं या कार्यक्रमों की उच्च स्तरीय जांच बहुत ही उपयोगी है। आपसी विचार विमर्श भी होना चाहिये क्योंकि इस भारत वर्ष को शिक्षित ,सुरक्षित और विकसित बनाने में पीढ़ियां खप गईं हैं।तब कहीं जाकर हम ब्रम्होस जैसी मिसाइल बना पाए हैं, तीसरी सबसे बड़ी सैन्य शक्ति बन सके हैं। यह भ्रष्टाचार, दुराचार, आम जनता के धन की चोरी, डकैती या चंदा / चढ़ावा चोरी ने यह सिद्ध कर दिया है कि प्रत्येक राष्ट्र भक्त को सावधानी

पूर्वक निगरानी करनी ही पड़ेगी।

अन्यथा सावधानी हटी और घटना घटी। वैसे भी साइबर अपराधों की तो बाढ़ आ चुकी है। मोबाइल संस्कृति के विस्तार में फेस बुक पर तो हम छाए हुए हैं किंतु अपने ही लोगों से, बचपन के मित्रों से, स्वयं को छुपाये हुए हैं आखिर कब तक यह लुकाछिपी चलेगी?। कब तक व्हाट्सएप पर टाकिंग चलेगी?

सोशल मीडिया की नेटवर्किंग पर कब तक हम चैटिंग करते रहेंगे।हमेशा अपनों से ही लड़ते रहेंगे।लगता है जो अच्छे दिन हमारे आने वाले थे वो अच्छे दिन घूस खोरों, चोर उचक्कों डकैतों के तो आ गए हैं।

प्रत्येक घर का बुजुर्ग बेचैनी में जी रहा है। वृद्धाश्रम में पहुंच कर खून के आंसू पी रहा है।तब दुष्यंत जी की ये पंक्तियां याद आने लगती ÷हो गई है पीर अब पर्वत सी पिघलनी चाहिए।इस हिमालय से कोई गंगा निकलनी चाहिए।मेरे दिल में नहीं तो तेरे दिल में ही सही, हो कहीं भी आग किंतु आग जलनी चाहिए।।÷

इसी राष्ट्रीयता, कर्तव्य निष्ठा, ईमानदारी और वफादारी की आग को जलाए रखने की कोशिश हम सभी करेंगे तो आने वाली पीढ़ियों के नन्हे मुन्ने बच्चे भी खिलखिलाकर किलकारियां भरेंगे।।

जय जय सियाराम


**प्रणय श्रीवास्तव 'अश्क'**
**अंतर्राष्ट्रीय कवि व्यंग्यकार**
**साहित्यकार, वारासिवनी**
**बालाघाट म.प्र. 9424979678**


## जैसा बीज बोएगा, वैसा ही फल पाएगा..

जैसा बीज बोएगा, वैसा ही फल पाएगा,
अच्छे कर्म तू कर बंदे, जीवन सफल हो जाएगा।
सत्य-धर्म की राह चले जो, जग में मान वह पाएगा,
जैसा बीज बोएगा, वैसा ही फल पाएगा॥

छोटा-बड़ा नहीं कोई, सब ईश्वर की संतान,
सबके दिल में प्रेम बसाकर, बन जा सच्चा इंसान।
अहंकार का महल बना जो, पल में धूल हो जाएगा,
जैसा बीज बोएगा, वैसा ही फल पाएगा॥

झूठ, कपट की राह छोड़ दे, सत्य का दीप जला,
दीन-दुखी के आँसू पोंछे, जीवन अपना खिला।
नेकी का हर एक कदम ही, तुझको पार लगाएगा,
जैसा बीज बोएगा, वैसा ही फल पाएगा॥

मुट्ठी बाँध के आया जग में, जाना खाली हाथ,
साथ चलेंगे कर्म तुम्हारे, यही सच्ची है बात।
धन-दौलत सब यहीं रहेंगे, पुण्य ही साथ निभाएगा,
जैसा बीज बोएगा, वैसा ही फल पाएगा॥

प्रेम, दया और क्षमा से ही, जीवन महके रोज़,
सेवा ही सच्ची पूजा है, यही संतों की खोज।
हर दिल में जो दीप जलाए, अमर वही कहलाएगा,
जैसा बीज बोएगा, वैसा ही फल पाएगा॥

सत्य की राह कठिन सही, मंज़िल फिर भी प्यारी है,
कर्मों से ही जग में बंदे, तेरी पहचान सारी है।
आज जो नेकी बोएगा, कल खुशियों को पाएगा,
जैसा बीज बोएगा, वैसा ही फल पाएगा॥


**कल्पना पाण्डेय 'काव्यांजलि'**
**मंडला मध्य प्रदेश**


## नदियों के अस्तित्व का सवाल है

नदियों के अस्तित्व का सवाल है
हम सबके दायित्व का सवाल है
रेत का बेजा उत्खनन हो रहा है
पठार क्षेत्र का शोषण हो रहा है
सड़कें यहां की दलदल हो गई
बाहरी लोगों की हलचल हो गई
अब मशाले जलाने का समय है
एकता अपनी दिखाने
का समय है
खामोशी से कुछ ना होगा
अब आवाज उठाना होगा
क्षेत्र की जनता सोई हुई है
अब मिलकर जगाना होगा
अगर बदलाव चाहते हो तो
खुद मे बदलाव करना होगा
लड़ाई ये हमारी अपनी है
इसे हमे खुद ही लड़ना होगा
रहे धरे हाथ पर हाथ तो
आगे हमे पछताना होगा
नदिया हो जायेगी बंजर
मुश्किल खेती कर पाना होगा
पार्टीवाद भुल-भालकर अब
कदम से कदम मिलाना होगा
क्षेत्र की जनता सोई हुई है
अब मिलकर जगाना होगा

लेखक




**संजय अश्क**
**पुलपुट्टा, बालाघाट**


## इंसानियत रखना..

ऐ इंसान जरा इंसानियत रखना
आदमी से आदमी की चाहत रखना

धर्म जाति के सब भेद मिटाकर
भाईचारे से मिलने की आदत रखना

जरूरत है यहां पर एकदूसरे की
कर भला और हिफाजत रखना
गिर ना जाना किसी की नज़रों से
नजरें मिलाने कीहिमाकत रखना

ईश्वर, अल्लाह, गॉड, वाहेगुरू सब एक है
नजरें करम ज़रा इनायत रखना

लेखक




**किशोर छिपेश्वर**
**'सागर', बालाघाट**


## दशा महा दशा


जाति महान नहीं है।
उसके कर्म महान बनाते है।
उस योग-तीर्थ करने।
का क्या मतलब।
जब मन साफन हो।
उस धन का क्या।
मतलब जहाँ उपयोग न हो।
वर्तमान युग।
कर्मकांड युग चल रहा है।
पूर्व युग का इनके लिए।
कोई महत्व नहीं रहा है।
सब अपने भौतिक
सत्यापन के लिए।
चम्पावत में लीन है।
अपने-अपनों की होड़ लगी है।
वास्तविक पहचान खो चुका है।
धनात्मक में व्यस्त हो चुका है।
इनका भविष्य क्या होगा।
यह तो समय ही बतायेगा।
लेकिन यह तो सच है।
इनका अन्त भी ठीक नहीं है?

लेखक




**आचार्य डॉ. वीरेन्द्र सिंह गहरवार 'वीर'**



## शब्दवर्गपहेली क्र.- 205



ck;l l nk;l %& 1) रामायण में सुग्रीव का भतीजा और वाली का पुत्र 4) इसी समय 6) पूर्व और उत्तर के बीच की दिशा 9) फतेहपुर – सिक्री में स्थित भारत का सबसे बड़ा दरवाजा, जिसका निर्माण अकबर ने किया था 15) मुस्लिम संत का मकबरा 17) टकराना, संघर्ष के लिए प्रवृत्त होना 19) प्रत्येक 21) पुरुष 22) नसनस 24) मातुल, मां का भाई 25) स्तोत्र, भगवान की स्तुति, प्रार्थना 27) बादल, जल देनेवाला 29) दासी,, सेविका 31) बालक के जन्म होने के बाद का एक संस्कार 33) तुरंत दी जानेवाली रकम 35) उजना, शुभ्र, निर्मल 37) महाराष्ट्र का वह लोकसभा क्षेत्र जो भूतपूर्व मुख्यमंत्री शरद पवार का चुनाव क्षेत्र रहा है 39) पकड़ने के लिए वेग से आगे बढ़ना, झपटना 42) ताकना 43) चालाक, उतावला 44) महाराष्ट्र का एक गांव जो प्याज की पैदावार के लिए प्रसिद्ध है 46) सरकारी शुल्क 48) मान मर्यादा, शपथ 49) मुलायम 50) पालन करनेवाला 52) बाकी, अवशिष्ट, शेष 54) होम, यज्ञ में डाली जानेवाली आहुती 55) चन्द्रमा, दक्षिण की फिल्म जगत का एक सुपर स्टार 57) बेइज्जती होना अर्थवाला एक मुहावरा 59) शिवजी,, हरनेवाला 60) श्रवण कराना 62) शव, मृतदेह 63) ईश्वर, दयालू (उर्दू) 65) फायदेमन्द 68) अन्दर 69) बहुत प्रसिद्ध 70) हरियाणा का एक शहर 73) लोहे, लकड़ी आदि की लंबी सलाई 75) तर्क, बहस 77) फंदा 79) रामायण की वह भिल्लनी जिसके झुठे बेर रामचन्द्रजीने बड़े चाव से खाये थे 80) महाभारत में वर्णित एक राक्षस जिसका आहार बहुत ज्यादा था 83) अयोग्य, निकम्मा 86) जनक कन्या सीता 87) सख्त 88) कटु, अप्रिय, कसैला 89) घाव पर लगाया जानेवाला लेप 90) रगड़ना, घिसना 92) अस्वीकार, नहीं कहना 93) फसल या पौधों का हराभरा होना 95) बिहार का एक प्रसिद्ध तीर्थ, 'जाना' का भूतकाल 96) कामयाब, उत्तीर्ण 98) बलशाली, बलवान 100) पेड़ की शाखा 101) विलक्षण बात 102) सूर्य 105) घोड़े पर आरुढ होना 108) दृश्य, दृष्टि 109) शपथपत्र (उर्दू) 110) महाराष्ट्र के वर्धा जिले के समीप का ग्राम जहां आचार्य विनोबाजी का आश्रम है 112) आफत, आपत्ति 113) परदे में रहनेवाली स्त्री 115) नृपति 116) अनुमति 118) आघात, शोक, चोट 119) मोची 120) धिक्कार 121) तलाश करना 122) अमिताभ बच्चन और स्मिता पाटील इस फिल्म में एकसाथ थे.

Åij l uhp %& 1) भारत के दक्षिण की ओर का एक केन्द्रशासित प्रदेश जिसकी राजधानी पोर्टब्लेअर है 2) ज्यादा गरम, एकदम गरम 3) धोखा, विश्वासघात 4) नवीन, विलक्षण 5) लोगों का जमघट 7) दिल्ली का एक इलाका 8) मनुष्य, पुरुष 9) महीन पीसा हुआ चूर्ण 10) सांस, हुक्का या बिड़ी का कश 11) पीड़ादायक 12) निषेध करनेवाला, वारण करनेवाला 13) रातभर जागने की क्रिया 14) धब्बा 16) हाथ, कर 18) घमंड 20) तीस और चालीस के बीच की एक संख्या 23) युद्ध 26) हत्या, हनन 28) ऊपर तक भरा हुआ (बर्तन आदि) 30) मुंबई – हावड़ा रेल मार्ग पर स्थित एक जंक्शन 32) रोकना, निषेध करना 34) वह विधिक आज्ञापत्र, डिगरी आदि जिसके द्वारा जमीन, घर आदि पर कब्जा प्राप्त किया जाये 36) लोच आना, झुकना 38) मसालों के लिए प्रसिद्ध एक देश 40) हनुमानजी का एक नाम 41) जिसका कोई अन्त न हो 45) पानी पर उठी तरंग 47) धूल 48) गगन 50) पवित्र 51) टंगना 53) सरकारी नियम 56) निलाम की क्रिया 58) सोना, सुवर्ण 59) बोलते समय जीभ का लड़खड़ाना 61) स्वर्ग लो का एक देवर्षि 64) हड़बड़ाने की क्रिया 66) वह राक्षस जिसे शिवजी से यह वरदान प्राप्त था कि वह जिसके भी सिर के ऊपर हाथ रखेगा वह राख हो जायेगा 67) कीर्ति, विजय 69) लोहे का अर्धचन्द्राकार टुकड़ा जिसे घोड़ों के टापों पर लगाया जाता है 71) घिसनस 72) ओंठ 74) कोयले के रंग का 76) क्रीड़ा अवतार 77) जानकारी रखनेवाला 78) रेखा 79) आकृति, चेहरा 81) सफल 82) दयावान 84) युग्म, जोड़ा 85) आज के बाद आनेवाला दिन 86) पशु 88) कथा, मिथ्या बात, झूठी बात 91) रिश्ता 92) रविवार 94) लहरीला 95) स्त्रियों द्वारा बालों में लगायी जानेवाली फूलों की माला 96) कर पाना, लायक होना 97) व्यक्त की गयी इच्छा 99) दृढ़ता से बांधना 101) गणेशजी 103) घृणा 104) पैदावार 106) सुसम्पन्न, अत्यन्त धनी 107) पाचन न होना, अजीर्ण 108) मादक, नशा लानेवाला 109) सहस्त्र 111) देश, जन्मभूमि 112) प्रतिशोध, प्रतिकार 114) विष्णु पत्नि 117) गमन करना 118) साथ, सहित (जवाब अगले अंक में ) ●

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब




anumeya-08446302691





जग प्रेरणा
व्यापार समाचार
● शेयर बाजार ● इलेक्ट्रॉनिक्स ● कपड़ा ● किराना ● लोहा ● सिमेंट ● सराफा ● आटोमोबाईल्स

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# उत्तर प्रदेश अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनी 25 से 29 सितंबर तकः आदित्यनाथ..

नोएडा, (भाषा)।

***उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनी के चौथे संस्करण का आयोजन किए जाने की शनिवार को घोषणा की।***

साथ ही, उन्होंने नोएडा प्राधिकरण से अपनी सभी सेवाओं को डिजिटल बनाने और उन आवंटियों के खिलाफतेजी से कार्रवाई करने को कहा, जो आवंटित जमीन पर विकास कार्य करने में विफल रहे हैं।

आदित्यनाथ ने नोएडा और दादरी विधानसभा क्षेत्रों में 2,479 करोड़ रुपये की लागत वाली 70 विकास परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास तथा व्यापार प्रदर्शनी के बारे में जानकारी देने के लिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नोएडा प्राधिकरण को अब अपनी सभी सेवाओं को ऑनलाइन करना चाहिए और एकीकृत कमांड और नियंत्रण केंद्र के जरिए कामों की निगरानी करनी चाहिए।

उन्होंने कहा, ''अब जब नोएडा प्राधिकरण का अपना मुख्यालय है, तो मुझे उम्मीद है कि घर खरीदारों-बिल्डरों और किसानों से जुड़े मुद्दों का अधिक प्रभावी ढंग से समाधान होगा। अब समय आ गया है कि प्राधिकरण अपनी सभी सेवाओं को ऑनलाइन उपलब्ध कराए ताकि हर परियोजना की निगरानी एकीकृत कमांड और नियंत्रण केंद्र के जरिए की जा सके।''

मुख्यमंत्री ने प्राधिकरण को उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई करके भूमि बैंक बनाने का भी निर्देश दिया, जिन्होंने जमीन तो आवंटित करवा ली थी, लेकिन तय समय के भीतर परियोजनाएं शुरू नहीं कीं।



उन्होंने कहा, ''जिन लोगों ने नोएडा प्राधिकरण से जमीन ली है, लेकिन न तो निवेश किया है और न ही काम शुरू किया है, उन्हें तय समय सीमा के बाद नोटिस भेजा जाना चाहिए। इसके बाद, नए निवेशकों को आमंत्रित किया जाना चाहिए और एक भूमि बैंक बनाया जाना चाहिए।''

आदित्यनाथ ने कहा कि गौतम बुद्ध नगर देश में निवेश के लिए सबसे पसंदीदा जगहों में से एक बनकर उभरा है। उन्होंने इस बदलाव का श्रेय भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार के तहत बेहतर कानून-व्यवस्था और बुनियादी ढांचे के विकास को दिया।

अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम) दिवस के मौके पर आदित्यनाथ ने कहा कि सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम औद्योगिकी वृद्धि की रीढ़ हैं और 'आत्मनिर्भर भारत' के दृष्टिकोण को हासिल करने के लिए बहुत जरूरी हैं।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में अब 96 लाख एमएसएमई इकाइयां हैं जो राज्य की अर्थव्यवस्था और निर्यात में योगदान दे रही हैं। मुख्यमंत्री ने व्यापार प्रदर्शनी के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि यह कार्यक्रम राज्य की विनिर्माण क्षमता को दिखाने के लिए एक वैश्विक मंच देगा।

उन्होंने कहा, ''उत्तर प्रदेश अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनी का चौथा संस्करण 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा में आयोजित किया जाएगा। इसमें प्रदर्शक और विदेशी खरीदार हिस्सा लेंगे और पूरे उत्तर प्रदेश में बने उत्पाद दिखाए जाएंगे। कंपनियों के बीच और कंपनियों और ग्राहकों के बीच बैठकें आयोजित की जाएंगी। इससे नए निर्यात ऑर्डर को बढ़ावा मिलेगा।''

उन्होंने कहा कि पिछले सत्र में दुनिया भर से लोग शामिल हुए थे और कई अंतरराष्ट्रीय ऑर्डर मिले थे। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता ने भी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश ने पिछले नौ वर्षों में औद्योगिक निवेश, निर्यात और आर्थिक वृद्धि के मामले में नए मानक स्थापित किए हैं।

समाजवादी पार्टी का नाम लिए बिना, गुप्ता ने आरोप लगाया कि पिछली सरकारों ने खास परिवारों और समुदायों के हितों को प्राथमिकता दी थी, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली मौजूदा सरकार समावेशी विकास के लिए काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश 1,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के अपने लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

# भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए दो दशकों में 2,000 गीगावाट क्षमता जोड़ने की जरूरतः सागर अदाणी..

लंदन, (भाषा)।

***अदाणी ग्रीन एनर्जी के कार्यकारी निदेशक सागर अदाणी ने कहा कि बढ़ती ऊर्जा मांग को पूरा करने और आयातित ईंधन पर निर्भरता कम करने के लिए भारत को अगले दो दशकों में लगभग 2,000 गीगावाट नई बिजली उत्पादन क्षमता जोड़ने की आवश्यकता होगी।***

लंदन में आयोजित पहले अदाणी ग्रीन इलेक्ट्रिफिकेशन डायलॉग में उन्होंने कहा कि भारत के सामने तेजी से बढ़ती बिजली मांग को पूरा करने के साथ-साथ ऊर्जा को सस्ती, सुलभ और स्वच्छ बनाए रखने की दोहरी चुनौती है।

उन्होंने कहा,÷हम एक बड़े संरचनात्मक बदलाव की बात कर रहे हैं, जिसके तहत अगले दो दशकों में लगभग 2,000 गीगावाट नई क्षमता जोड़ी जानी है। यह सब करते हुए यह भी सुनिश्चित करना है कि यह ऊर्जा सस्ती, सुलभ और लगातार स्वच्छ बनी रहे। यही इस अवसर का पैमाना है और यही भारत की सबसे बड़ी चुनौती भी है।÷

सागर अदाणी ने बताया कि भारत ने 2024 में सभी ईंधन स्रोतों को मिलाकर लगभग 10,000 टेरावॉट-आर ऊर्जा की खपत की, जबकि इसकी तुलना में चीन में यह खपत 32,810 टेरावॉट-आर थी। यह आंकड़े दर्शाते हैं कि जैसे-जैसे लोगों की आय और बिजली की खपत बढ़ेगी, भारत की भविष्य की ऊर्जा आवश्यकताएं कितनी व्यापक होंगी।

उन्होंने कहा, ''भारत के लिए भविष्य का रास्ता स्पष्ट है। हमें हर क्षेत्र का विद्युतीकरण करना होगा और आयातित ऊर्जा पर संरचनात्मक निर्भरता कम करनी होगी। हमें देश में उपलब्ध संसाधनों पर आधारित ऊर्जा ढांचा विकसित करना होगा।''



सागर अदाणी ने कहा कि भारत को ऊर्जा बदलाव के लिए व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए और इसमें नवीकरणीय ऊर्जा, जलविद्युत, दक्ष तापीय ऊर्जा और परमाणु ऊर्जा का उपयोग करना होगा।

उन्होंने कहा कि मजबूत आधारभूत बिजली के बिना ऊर्जा प्रणाली का संतुलन संभव नहीं है। उन्होंने सरकार द्वारा पिछले एक दशक में किए गए सुधारों की सराहना करते हुए कहा कि इससे निवेश वातावरण, बुनियादी ढांचे, नवीकरणीय ऊर्जा और पारेषण क्षेत्र में सुधार हुआ है।

अदाणी समूह की भूमिका का जिक्र करते हुए अदाणी ने कहा कि यह समूह बिजली मूल्य श्रृंखला के सभी क्षेत्रों में कार्यरत है।

उन्होंने बताया कि समूह का लक्ष्य वर्ष 2030 तक 50 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल करना है, जबकि वर्ष 2035 तक 10 गीगावाट का परमाणु ऊर्जा पोर्टफोलियो विकसित करने की योजना है। अदाणी ने यह भी कहा कि समूह ऊर्जा भंडारण, पारेषण अवसंरचना और हरित हाइड्रोजन में भी निवेश कर रहा है।

उन्होंने कहा, ''इसे वास्तविकता में बदलने के लिए हमारे चेयरमैन गौतम अदाणी ने ऊर्जा परिवर्तन की दिशा में 100 अरब डॉलर से अधिक का निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है, जो दुनिया में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े संकल्पों में से एक है। यह कोई अलग-थलग निवेश नहीं बल्कि एक एकीकृत रणनीति है।÷

अदाणी ने कहा कि भारत के ऊर्जा परिवर्तन का यह विशाल पैमाना सरकारों, उद्योग जगत और वित्तीय संस्थानों के बीच सहयोग की मांग करता है। उन्होंने कहा, ''भारत के सामने मौजूद ऊर्जा चुनौती और अवसर किसी एक कारोबारी समूह द्वारा अकेले पूरा किए जाने से कहीं बड़े हैं। इसके लिए भारत और विकासशील दुनिया में सामूहिक प्रयास, निरंतर नीतिगत नवाचार और अरबों डॉलर के वित्तपोषण की आवश्यकता होगी, ताकि ऊर्जा सुरक्षा, ऊर्जा की किफायती उपलब्धता और ऊर्जा सततता सुनिश्चित की जा सके।''

सागर अदाणी ने यह बात लंदन क्लाइमेट एक्शन वीक के दौरान साइंस म्यूजियम, लंदन में आयोजित प्रथम अदाणी ग्रीन एनर्जी डायलॉग में कही। इस कार्यक्रम का आयोजन अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने एनर्जी ट्रांजिशन्स कमीशन के सहयोग से किया था। इस संवाद में नीति-निर्माता, निवेशक, उद्योग जगत के दिग्गज और जलवायु विशेषज्ञ शामिल हुए, जिन्होंने स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन को तेज करने के लिए आवश्यक नीतियों, निवेश और बुनियादी ढांचे पर विचार-विमर्श किया। सागर अदाणी ने कहा, ÷ऊर्जा सुरक्षा, किफायती दरों पर उपलब्धता और सततता हमारे समय की सबसे प्रमुख चुनौतियों में शामिल हैं।÷

उन्होंने कहा, ÷विद्युतीकरण इन तीनों चुनौतियों से निपटने के सबसे प्रभावी रास्तों में से एक के रूप में उभर रहा है। जो देश मजबूत और टिकाऊ वृद्धि तथा अधिक ऊर्जा आत्मनिर्भरता चाहते हैं, उनके लिए विद्युतिकरण को तेज करना अब एक विकल्प नहीं बल्कि अनिवार्यता बन चुका है।÷

# जीटीआरआई का नए गुणवत्ता प्रमाणन व्यवस्था के लिए विस्तृत दिशानिर्देश जारी करने का आग्रह

नई दिल्ली, (भाषा)।

***उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) को कंपनियों के लिए नई बदलाव प्रक्रिया के तहत उत्पाद गुणवत्ता प्रमाणन के आवेदन की पात्रता, दस्तावेज आवश्यकताओं और समयसीमा को***

स्पष्ट करने के लिए विस्तृत परिचालन दिशानिर्देश जारी करने चाहिए। आर्थिक शोध संस्थान जीटीआरआई ने शनिवार को यह बात कही। डीपीआईआईटी ने 25 जून को 'ट्रांजिशन फैसिलिटेशन' यानी संक्रमण सुविधा (गुणवत्ता नियंत्रण) आदेश, 2026 अधिसूचित किया है।

आदेश के तहत विभाग ने 10 चयनित गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों (क्यूसीओ) के लिए एक वैकल्पिक अनुपालन मार्ग तैयार किया है, जिनमें खिलौने, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण, एयर कंडीशनर और कंप्रेसर, जूते, फर्नीचर, कब्जे, घरेलू विद्युत उपकरण और घरेलू विद्युत सुरक्षा उत्पाद शामिल हैं।

इन आवेदनों की जांच डीपीआईआईटी की अध्यक्षता वाली कार्यान्वयन समिति करेगी, जिसमें भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), वाणिज्य विभाग, उपभोक्ता मामले विभाग, विदेश व्यापार महानिदेशालय और अन्य मंत्रालयों के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

यह सुधार लंबे समय से उठ रही उन चिंताओं को दूर करने के उद्देश्य से लाया गया है, जिनमें कहा गया था कि भारत का गुणवत्ता नियंत्रण तंत्र अनिवार्य बीआईएस प्रमाणन में देरी के कारण अधिक जटिल होता जा रहा है। हालांकि, जीटीआरआई ने कहा कि इस व्यवस्था के तहत केवल कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत पंजीकृत कंपनियां ही आवेदन के लिए पात्र होंगी।

इसका अर्थ यह है कि केवल वे विदेशी विनिर्माता आवेदन कर सकेंगे जिनकी भारत में कंपनी अधिनियम के तहत पंजीकृत प्रतिनिधि इकाई हो, जिससे अधिकांश विदेशी कंपनियों के लिए इस योजना का उपयोग सीमित हो सकता है।

जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि इस सुधार से बीआईएस फैक्टरी निरीक्षण पर निर्भरता कम होगी, जिससे गुणवत्ता नियंत्रण व्यवस्था की सबसे बड़ी परिचालन समस्या दूर होने की उम्मीद है। हालांकि, आलोचकों का तर्क हो सकता है कि यह कदम केवल एक नियामक बाधा को हटाकर उसकी जगह दूसरी बाधा खड़ी करने जैसा है।

उन्होंने कहा कि निर्माताओं को अब बीआईएस निरीक्षण का इंतजार करने के बजाय एक अंतर-मंत्रालयी सरकारी समिति से मंजूरी लेनी होगी, जिसके पास व्यापक विवेकाधीन शक्तियां होंगी।

श्रीवास्तव के मुताबिक, चूंकि इस समिति का मूल्यांकन केवल तकनीकी मानकों के अनुपालन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें स्थानीयकरण, आपूर्ति श्रृंखला विकास और व्यापक औद्योगिक नीति जैसे पहलू भी शामिल हैं, इसलिए यह नया ढांचा प्रभावी रूप से भारत के गुणवत्ता नियंत्रण तंत्र को 'क्यूसीओ प्लस' प्रणाली में बदल देता है।

श्रीवास्तव ने कहा कि नई व्यवस्था की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि कार्यान्वयन समिति कितनी दक्षता और पारदर्शिता से काम करती है। उन्होंने कहा कि डीपीआईआईटी को विस्तृत परिचालन दिशानिर्देश जारी करने चाहिए, जिनमें पात्रता मानदंड, दस्तावेज आवश्यकताएं, मूल्यांकन प्रक्रिया और समयसीमा स्पष्ट रूप से निर्धारित हों। निर्णय पारदर्शी और मापनीय मानकों पर आधारित होने चाहिए ताकि उद्योग में अनिश्चितता न रहे।

# हिमाचल सरकार बकाया कृषि ऋण पर 50 प्रतिशत ब्याज का बोझ उठाएगी

शिमला, (भाषा)।

***आर्थिक तंगी का सामना कर रहे किसानों को बड़ी राहत देते हुए, हिमाचल प्रदेश सरकार ने राज्य बजट की एक अहम घोषणा को पूरा करते हुए एकमुश्त निपटान नीति के तहत 'कृषि ऋण ब्याज सहायता योजना' शुरू करने का फैसला किया है।***



यह योजना उन किसानों को मदद देगी जिनकी कृषि भूमि ऋण न चुका पाने के कारण नीलाम होने के खतरे में है। शनिवार को जारी एक बयान के अनुसार, किसानों के लिए शुरू की गई इस पहल के तहत, सरकार प्रति किसान 3 लाख रुपये तक के कृषि ऋण पर बकाया ब्याज का 50 प्रतिशत हिस्सा खुद वहन करेगी।

इस योजना से राज्य भर में लगभग 6,356 किसानों को फायदा होने की उम्मीद है और इसके लिए 50 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है।

यह योजना 'हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक' और 'कांगड़ा सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक' के माध्यम से लागू की जाएगी। संबंधित शाखाएं ब्याज सहायता का लाभ उठाने के लिए पात्र कर्जदारों की पहचान करेंगी और उनकी सूची तैयार करेंगी।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि किसान राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उनका कल्याण सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि कई किसान मुश्किल हालात के कारण आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं और इसलिए सरकार ने पात्र लाभार्थियों को एकमुश्त मदद देने का फैसला किया है।

इस योजना में वे किसान शामिल होंगे जिनके कृषि ऋण की समय-सीमा खत्म हो चुकी है और जिनकी जमीन वित्तीय संस्थानों द्वारा नीलाम किए जाने के खतरे में है। बकाया ब्याज का आधा बोझ उठाकर, सरकार का मकसद ऋण को विनियमित करने में मदद करना, आर्थिक तनाव कम करना और किसानों को अपनी जमीन खोने के डर के बिना खेती जारी रखने में सक्षम बनाना है।

उन्होंने संबंधित विभागों और वित्तीय संस्थानों को योजना को तेजी से लागू करने का निर्देश दिया ताकि जरूरतमंद किसानों को समय पर मदद मिल सके।

# दिल्ली सरकार नवोन्मेषी छात्रों के लिए सहयोग बढ़ाएगी: शिक्षा मंत्री

नई दिल्ली, (भाषा)।

***दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने शनिवार को कहा कि सरकार छात्रों को अपने विचारों को नवाचार में बदलने के लिए आधारभूत ढांचा, अनुदान और अन्य संसाधन उपलब्ध कराएगी तथा उन्हें नौकरी खोजने वाले नहीं बल्कि नौकरी देने वाले बनाने में सहायता करेगी।***

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली में आयोजित 'टेक4फ्यूचर–फ्यूचर मेकर्स इनोवेटर्स बूटकैम्प' के समापन समारोह को संबोधित करते हुए सूद ने कहा कि दिल्ली सरकार छात्रों के विचारों को विकसित करने में संस्थागत सहायता देगी और उनके नवाचारों को राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर तक ले जाएगी।

उन्होंने कहा, ÷हम आपको सर्वोत्तम बुनियादी ढांचा देना चाहते हैं और आपके विचारों को विकसित करने में संस्थागत सहायता देना चाहते हैं। शिक्षा मंत्री के रूप में यह मेरी जिम्मेदारी है कि मैं आपको आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराऊं। संसाधनों की चिंता न करें, केवल अपने विजन को बड़ा बनाएं।÷

इस कार्यक्रम में सीएम श्री स्कूलों के छात्रों द्वारा विकसित नवाचार परियोजनाओं और कार्यात्मक आदर्श प्रतिरूपों का प्रदर्शन किया गया, जिनमें वास्तविक जीवन की समस्याओं के प्रौद्योगिकी आधारित समाधान प्रस्तुत किए गए।

सूद ने कहा कि ये छात्र केवल बच्चे नहीं हैं, बल्कि समस्या समाधानकर्ता हैं, जो एक 'विकसित दिल्ली' और 'विकसित भारत' के निर्माण में योगदान देंगे।

कृत्रिम मेधा (एआई) और स्वचालन से रोजगार पर पड़ने वाले प्रभाव की चिंताओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी को



मानव बुद्धि के विकल्प के बजाय दक्षता बढ़ाने वाले साधन के रूप में देखा जाना चाहिए।

उन्होंने कहा, ÷एआई आंकड़े दे सकता है, लेकिन विवेक केवल मानव मस्तिष्क से आता है। वास्तविक नवाचार मशीनें नहीं, बल्कि वे प्रश्न हैं जो हम 'क्यों' और 'कैसे' पूछते हैं। यही प्रश्न नवाचार को जन्म देते हैं।÷

मंत्री ने कहा कि सरकार रोबोटिक्स प्रयोगशालाएं और स्मार्ट कक्षाएं स्थापित कर रही है ताकि छात्र केवल तकनीक के उपभोक्ता नहीं, बल्कि उसके निर्माता बन सकें।

# उत्तर प्रदेश में 75,000 एकड़ भूमि बैंक, अनुकूल नीतियों का लाभ उठायें निवेशकः आदित्यनाथ..

नोएडा, (भाषा)।

***उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को देश-विदेश के निवेशकों को राज्य में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में 75,000 एकड़ का भूमि बैंक, विभिन्न क्षेत्रों के लिए अलग-अलग नीतियां,***

समय पर प्रोत्साहन और एक ही जगह सभी प्रकार की मंजूरी की व्यवस्था जैसी सुविधाएं मौजूद हैं। आदित्यनाथ ने गौतम बुद्ध नगर के जेवर इलाके में अम्बर और एसेंट-के सर्किट्स के इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण संयंत्र की आधारशिला रखने के कार्यक्रम में कहा कि हाल के वर्षों में राज्य में बड़ा बदलाव आया है, जिससे यह निवेश के लिए एक आकर्षक जगह बन गई है।

उन्होंने कहा, ''पश्चिमी उत्तर प्रदेश का जेवर इलाका कभी अपनी पहचान के संकट से जूझ रहा था। लेकिन अब पूरी तरह बदल गया है। कानून-व्यवस्था में काफी सुधार हुआ है और आज उत्तर प्रदेश 75,000 एकड़ के भूमि बैंक के साथ देश-दुनिया के निवेशकों का स्वागत कर रहा है।''

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य ने 36 अलग-अलग क्षेत्र के लिए नीतियां बनाई हैं, जिससे निवेशकों को सही क्षेत्र चुनने में मदद मिलती है और उन्हें सरकार का सहयोग भी मिलता है।

उन्होंने कहा, ''हमारे पास हर क्षेत्र के लिए नीतियां हैं। निवेशक आकर निवेश कर सकते हैं, सरकार समय पर प्रोत्साहन देती है और 'सिंगल-विंडो क्लीयरेंस' की सुविधा भी उपलब्ध है। कोई भी निवेशक बिना किसी मानवीय दखल के परियोजना शुरू कर सकता है और विकास की गति को तेज करने में योगदान दे सकता है।''

आदित्यनाथ ने कहा कि अम्बर ग्रुप और दक्षिण कोरिया की एसेंट-के सर्किट्स (निजी भारत-कोरियाई संयुक्त उद्यम) द्वारा 6,045 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश रोजगार सृजित करने के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण परिवेश में और इकाइयां लगाने को बढ़ावा देगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भारत को वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण केंद्र बनाने के दृष्टिकोण का उल्लेख करते हुए केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार जताया। साथ ही उन्होंने केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव का भी धन्यवाद किया, जिन्होंने समय पर मंजूरी देकर परियोजनाओं को आगे बढ़ाने में सहयोग किया।

कार्यक्रम में दोनों केंद्रीय मंत्रियों के साथ-साथ उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास और निर्यात प्रोत्साहन मंत्री नंद गोपाल गुप्ता, जेवर के विधायक धीरेंद्र सिंह और अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

आदित्यनाथ ने कहा, ''हमारा उद्देश्य यह है कि जिन उत्पादों को हम आज आयात करते हैं, वे भारत में बनें और दुनिया भर में निर्यात किए जाएं। भारत को इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के लिए एक वैश्विक केंद्र के तौर पर उभरना है।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश पहले ही देश का एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम) केंद्र बन चुका है, जहां 96 लाख से अधिक पंजीकृत एमएसएमई उद्यम हैं। उन्होंने कहा कि यह राज्य भारत का मोबाइल फोन विनिर्माण केंद्र भी बन गया है। देश के लगभग 55 प्रतिशत मोबाइल फोन और 55-60 प्रतिशत इलेक्ट्रॉनिक उपकरण नोएडा-ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में बनाए जाते हैं। आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री का दृष्टिकोण 2047 तक भारत को एक विकसित, समृद्ध और आत्मनिर्भर देश बनाना है। इस लक्ष्य की ओर यात्रा उत्तर प्रदेश में, खासकर गौतम बुद्ध नगर में, पहले ही शुरू हो चुकी है। उन्होंने यह भी कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए नागरिकों की भागीदारी और नागरिक जिम्मेदारियों को पूरा करना जरूरी होगा।

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा
लांजी किरनापुर हट्टा
● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● रिसेवाड़ा ● बहेला ● साडरा ● हिर्री ● रजेगांव

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# साइबर धोखाधड़ी होने पर करे डायल 1930, बहेला पुलिस का साइबर सेफक्लिक जागरूकता अभियान

जगप्रेरणा लांजी।

***मध्यप्रदेश पुलिस विभाग के द्वारा समस्त थाना क्षेत्रो में बढते साइबर अपराधों को देखते हुये साइबर सेफक्लिक जन जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को सतर्कता बरतने हेतु समझाईश***

दी जा रही है। इसी कड़ी में बालाघाट जिला अन्तर्गत लांजी अनुभाग के बहेला थाना क्षेत्र के पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा 24 जून से 27 जून 2026 तक चार दिवसीय 'साइबर सेफक्लिक' जन जागरूकता अभियान चलाया गया।

अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक करना तथा डिजिटल लेन-देन के दौरान आवश्यक सावधानियों की जानकारी देना रहा। पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा बहेला थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों, शासकीय एवं निजी विद्यालयों, ग्राम पंचायतों, बैंकों तथा आंगनवाड़ी केंद्रों में पहुंचकर आम नागरिकों, विद्यार्थियों, शिक्षकों, बैंक कर्मचारियों, महिलाओं एवं ग्रामीणों को साइबर सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी।








## भ्रामक संदेश या अफवाह को बिना सत्यापन के साझा ना करे..

अभियान के दौरान लोगों को बताया गया कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी, एटीएम कार्ड नंबर, सीवीवी, यूपीआई पिन या बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी साझा न करें। फर्जी कॉल, लिंक, मैसेज और सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाली ऑनलाइन ठगी से बचने के उपाय भी विस्तार से समझाए गए। साथ ही किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होने पर तत्काल 1930 साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराने तथा राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत करने की जानकारी भी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील की कि सोशल मीडिया पर किसी भी भ्रामक संदेश या अफवाह को बिना सत्यापन के साझा न करें तथा डिजिटल माध्यमों का उपयोग पूरी सतर्कता के साथ करें। अभियान के दौरान लोगों ने साइबर अपराधों से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका पुलिस टीम द्वारा सरल भाषा में समाधान किया गया।

इस जागरूकता अभियान में थाना प्रभारी बहेला रामकुमार रघुवंशी के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक बीजू ममन, सुरेश पांच, सनुक सैयाम, संजय, जितेंद्र, ऋतिक, सुनील, शुभम, आदर्श तथा महिला आरक्षक भुनेश्वरी हनोते सहित एसएसयू बल की गायत्री, खुमेश्वरी, रितिका, रीना, राधा, शीतल, पायल, काजल, आराधना और शिखा, अपर्णा ने सक्रिय सहभागिता निभाई। थाना बहेला पुलिस ने कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे, ताकि आमजन साइबर अपराधियों के झांसे में आने से बच सकें और सुरक्षित डिजिटल भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी निभा सकें।

# खेती बने लाभकारी, कोचेवाही के किसान ने सुपर सीडर से की धान बुआई..

जगप्रेरणा लांजी।

***केन्द्र सरकार हो या राज्य सरकार हमेशा इस विषय पर ध्यान देती है कि किसान अपनी खेती को लाभ का धंधा बना सके। किसान नये आधुनिक खेती***



उपकरण हो या, जैविक खेती या अन्य ऐसे वस्तुऐं जिनसे किसानों को उनकी खेती में लाभकारी साबित हो हर वह प्रयास कृषि विभाग के माध्यम से करवाती है ताकि देश प्रदेश के किसानों को खेती में भरपुर लाभ प्राप्त हो। इसी कड़ी में क्षेत्र के किसान आधुनिक खेती को लेकर भी उत्साहित है। इसी कड़ी में बालाघाट जिले के लांजी विकासखंड के टेमनी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोचेवाही में किसानों ने आधुनिक कृषि यंत्र सुपर सीडर के माध्यम से डीएसआर (डायरेक्ट सीडेड राइस) पद्धति से धान की बोनी कर आधुनिक खेती की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। इस तकनीक को अपनाने से क्षेत्र के किसानों में उत्साह का माहौल है और अन्य किसान भी इससे प्रेरित हो रहे हैं। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार सुपर सीडर तकनीक से बिना अधिक जुताई के सीधे बुवाई की जा सकती है। इससे समय, श्रम और उत्पादन लागत में कमी आती है, वहीं एक ही प्रक्रिया में बीज एवं उर्वरक का उपयोग होने से कार्य अधिक तेज और प्रभावी बनता है। खेत में मौजूद फसल अवशेष मिट्टी में मिल जाने से भूमि की उर्वरता एवं जैविक कार्बन भी बढ़ता है, जिससे पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलता है। ग्राम कोचेवाही की कृषक श्रीमती अदिति घोरमारे एवं सुखराम भागडकर ने बताया कि पारंपरिक पद्धति की अपेक्षा सुपर सीडर से बोनी करना अधिक सुविधाजनक और किफायती है। किसानों को उम्मीद है कि इस तकनीक से फसल की बेहतर वृद्धि होगी तथा उत्पादन में भी वृद्धि देखने को मिलेगी। इस अवसर पर ग्राम कोचेवाही निवासी एवं कृषि विभाग किरनापुर में पदस्थ कृषि अधिकारी गांधी घोरमारे ने किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि बदलते कृषि परिदृश्य में नई तकनीकों को अपनाना समय की आवश्यकता है।

इससे खेती अधिक लाभकारी बनने के साथ-साथ प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण भी संभव है। ग्राम कोचेवाही में सुपर सीडर से डीएसआर पद्धति के तहत श्रीमती अदिति (पिता नंदराम वाकड़े) ने 0.600 हेक्टेयर, श्रीमती सुशीला (पिता नान्हू) ने 0.182 हेक्टेयर तथा श्री कुंवरलाल (पिता देऊजी) ने 0.121 हेक्टेयर क्षेत्र में धान की बोनी की है। ग्रामीण क्षेत्र में आधुनिक कृषि तकनीकों के बढ़ते उपयोग को कृषि क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। कृषि विभाग को उम्मीद है कि आने वाले समय में अधिक से अधिक किसान सुपर सीडर एवं डीएसआर जैसी उन्नत तकनीकों को अपनाकर कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करेंगे।

# पांच वर्षों की मेहनत का परीणाम, प्राकृतिक खेती से बिझलगांव के किसान अनिल बुधाना ने बनाई पहचान

जगप्रेरणा लांजी।

***प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की दिशा में बालाघाट जिले के विकासखंड लांजी के ग्राम बिंझलगांव के प्रगतिशील कृषक अनिल बुधाना आज क्षेत्र के किसानों के लिए प्रेरणास्त्रोत बन चुके हैं। पिछले पांच वर्षों से***







वे स्वयं प्राकृतिक खेती अपनाने के साथ-साथ आसपास के गांवों के किसानों को भी रासायनिक खेती से हटकर प्राकृतिक एवं जैविक खेती अपनाने के लिए निरंतर प्रेरित कर रहे हैं।

अनिल बुधाना ने अपने घर पर ही वर्मी कम्पोस्ट यूनिट, जीवामृत यूनिट, घनजीवामृत यूनिट तथा जैविक कीटनाशक निर्माण इकाई स्थापित की है। इनसे तैयार होने वाले जैविक उत्पादों का उपयोग वे अपनी खेती में करते हैं, जिससे उत्पादन की गुणवत्ता में सुधार होने के साथ-साथ खेती की लागत भी कम हुई है।

यही नहीं, वे अन्य किसानों को भी उचित मूल्य पर ये जैविक उत्पाद उपलब्ध कराते हैं, ताकि अधिक से अधिक किसान प्राकृतिक खेती से जुड़ सकें। प्राकृतिक खेती के प्रचार-प्रसार को उन्होंने एक अभियान का रूप दे दिया है। वे किसानों के घर जाकर वर्मी कम्पोस्ट यूनिट स्थापित करने में सहयोग करते हैं, केंचुओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराते हैं तथा खाद तैयार होने तक नियमित रूप से तकनीकी मार्गदर्शन भी देते हैं। उनके प्रयासों से अनेक किसान अब स्वयं जैविक खाद तैयार कर प्राकृतिक खेती की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। अनिल बुधाना समय-समय पर कृषि विभाग एवं आत्मा परियोजना के विकासखंड तकनीकी प्रबंधक अजय बिजेवार से तकनीकी मार्गदर्शन प्राप्त करते हैं।

नवीन तकनीकों को सीखकर वे उन्हें किसानों तक सरल भाषा में पहुंचाते हैं, जिससे प्राकृतिक खेती को गांव-गांव तक विस्तार मिल रहा है। अनिल बुधाना का मानना है कि प्राकृतिक खेती केवल खेती की पद्धति नहीं, बल्कि मिट्टी, पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य की सुरक्षा का प्रभावी माध्यम है। उनका कहना है कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों पर निर्भरता कम कर किसान कम लागत में सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं।

आज बिंझलगांव सहित पूरे लांजी विकासखंड में अनिल बुधाना की पहचान प्राकृतिक खेती के अग्रदूत के रूप में बन चुकी है। उनके समर्पण और निरंतर प्रयासों से अनेक किसान प्राकृतिक खेती अपनाकर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उनकी पहल जिले में प्राकृतिक खेती के विस्तार के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण बन गई है।

# मंगोली खुर्द में रेत के अवैध भंडारण पर प्रशासन की बड़ी कार्यवाही..

**96 ट्रॉली रेत की गई जब्त**

जगप्रेरणा किरनापुर।

***बालाघाट जिले में अवैध खनिज के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आज 27 जून को राजस्व और खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने किरनापुर***






तहसील के ग्राम मंगोली खुर्द में बड़ी कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में शासकीय भूमि पर अवैध रूप से भंडारित रेत का बड़ा जखीरा बरामद किया गया है।

## शासकीय भूमि पर कब्जा कर रखा था रेत का ढेर..

उप संचालक खनिज सुश्री फरहत जहां ने बताया कि प्रशासनिक अमले को सूचना मिली थी कि मंगोली खुर्द क्षेत्र में अवैध रेत का भंडारण किया गया है। सूचना मिलते ही राजस्व और खनिज विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से मौके पर छापा मारा। जांच के दौरान ग्राम मंगोली खुर्द के खसरा क्रमांक 113/1/1 की शासकीय भूमि पर भारी मात्रा में रेत का भंडारण पाया गया।

## 96 ट्रॉली रेत लावारिश हालत में मिली..

मौके पर पहुंची टीम को लगभग 96 ट्रॉली रेत लावारिश अवस्था में मिली। जांच के दौरान वहां मौजूद किसी भी व्यक्ति ने रेत के वैध होने संबंधी कोई दस्तावेज या शासन से प्राप्त अनुमति पत्र प्रस्तुत नहीं किया। खनिज के अवैध भंडारण की पुष्टि होने पर प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से उक्त रेत को अपने कब्जे में ले लिया है।

## कोटवार की सुपुर्दगी में दी गई सामग्री..

वैधानिक अनुमति न पाए जाने पर प्रशासन ने म.प्र. खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण का निवारण) नियम 2022 के तहत रेत को जब्त कर लिया है। सुरक्षा की दृष्टि से जब्त की गई रेत को स्थानीय ग्राम कोटवार की अभिरक्षा और देखरेख में सौंप दिया गया है।

## नियमों के तहत होगी निवर्तन की कार्यवाही..

प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जब्त की गई रेत के संबंध में आगामी निवर्तन की कार्रवाई म.प्र. खनिज नियम 2022 के प्रावधानों के अनुरूप की जाएगी। अवैध खनिज माफियाओं के खिलाफ जिले में जारी इस सख्ती से हड़कंप मचा हुआ है। प्रशासन का कहना है कि भविष्य में भी अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ इस तरह की छापामार कार्रवाई जारी रहेगी।

# नियमों का उल्लंघन: प्रतिबंध के बाद भी मछलियों का हो रहा व्यापार..

जगप्रेरणा लांजी।

***लांजी क्षेत्र के सभी साप्ताहिक एवं दैनिक गुजरी बाजारों में प्रतिबंध के बावजूद धडल्ले से मछलियों का क्रय विक्रय देखा जा सकता है।***



बतादे कि प्रदेश में प्रत्येक वर्ष 15 जून से 15 अगस्त तक नदियों, तालाबों, जलाशयों एवं अन्य प्राकृतिक जल स्त्रोतों में मछली पकडने पर प्रतिबंध लागू रहता है। इस अवधि को मछलियों का प्रजनन काल माना जाता है, जब अधिकांश प्रजातियां अंडे देती हैं और नई पीढ़ी का विकास होता है। इसके बावजूद क्षेत्र के कई नदी-तालाबों में प्रतिबंध के दौरान भी अवैध रूप से मछली पकडने और बाजारों में खुलेआम बिक्री का सिलसिला जारी है। इस समय मछलियां अंडों के साथ होती हैं। ऐसे में उनका शिकार करने से बड़ी संख्या में अंडे और नवजात मछलियां नष्ट हो जाती हैं, जिससे मत्स्य संसाधनों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। यदि लगातार इसी प्रकार प्रजनन काल में अवैध मत्स्याखेट होता रहा तो आने वाले वर्षों में नदियों और तालाबों में मछलियों की संख्या में भारी कमी आ सकती है। कई स्थानों पर रात के समय जाल डालकर मछलियां पकड़ी जाती हैं और सुबह इन्हें स्थानीय बाजारों में बेच दिया जाता है। प्रतिबंध के बावजूद इस तरह की गतिविधियां संबंधित विभाग की निगरानी और कार्रवाई पर भी सवाल खड़े करती हैं। मत्स्य विशेषज्ञों का मानना है कि प्रजनन काल में लगाया गया प्रतिबंध केवल कानूनी औपचारिकता नहीं, बल्कि जलीय जैव विविधता और मत्स्य संपदा के संरक्षण के लिए अत्यंत आवश्यक है। यदि इस अवधि में मछलियों को सुरक्षित प्रजनन का अवसर मिले तो आने वाले समय में मत्स्य उत्पादन बढ़ता है, जिससे मछुआरों और आम लोगों दोनों को लाभ होता है।

## नियमों का उल्लंघन दंडनीय अपराध..

मत्स्य विभाग के प्रावधानों के अनुसार प्रतिबंध अवधि में नदी, तालाब अथवा अन्य प्राकृतिक जल स्त्रोतों से मछली पकडना, उसका परिवहन या बिक्री करना नियमों का उल्लंघन है। दोषी पाए जाने पर संबंधित कानूनों के तहत कार्रवाई, जुर्माना तथा अन्य दंडात्मक प्रावधान लागू किए जा सकते हैं।

## मत्स्य विभाग से कड़ी दण्डात्मक कार्यवाही की मांग..

पर्यावरण प्रेमियों, सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने मांग की है कि प्रतिबंध अवधि में नियमित निरीक्षण कर अवैध मत्स्याखेट पर प्रभावी रोक लगाई जाए। साथ ही बाजारों में बिक रही मछलियों की भी जांच हो, ताकि प्राकृतिक जल स्त्रोतों से अवैध रूप से पकड़ी गई मछलियों की बिक्री पर अंकुश लगाया जा सके।

यदि मत्स्य संपदा को बचाना है तो कानून का सख्ती से पालन कराने के साथ-साथ लोगों में भी जागरूकता बढ़ाना आवश्यक है। प्रजनन काल में मछलियों का संरक्षण करना केवल शासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज की भी साझा जिम्मेदारी है।

# पहली बारिश ने खोली नपा के व्यवस्था की पोल

## बालाघाट मार्ग पर लोगों के घरों में बहा गंदा पानी..

जगप्रेरणा लांजी।

***नगर परिषद लांजी की लापरवाही ने एक बार फिर अपनी असली सूरत दिखा दी। पूरी गर्मी बीत जाने के बावजूद***







नालियों की सफाई न करने के कारण शनिवार को दोपहर लगभग 1:30 बजे हुई मात्र 15 मिनट की तेज बारिश ने पूरे इलाके में तबाही मचा दी। नालियाँ चोक हो गईं और गंदा पानी घरों में घुस गया।

लम्बे समय से सूखे मौसम में नालियों में प्लास्टिक की थैलियाँ, कचरा और पन्नी जमा होते रहे। बारिश पूर्व सफाई न होने के कारण पानी का निकास रुक गया। परिणामस्वरूप बालाघाट रोड स्थित जैन मंदिर के समीप निचले इलाके में रहने वाले परिवारों के घरों में नाली का गंदा पानी भर गया। प्रभावित परिवारों में नरेन्द्र सातपुते, गजेन्द्र मेश्राम, विजय मोहारे सहित कई अन्य घर शामिल हैं। बारिश शुरू होते ही लोगों को अपने सामान को आनन-फानन में ऊपर उठाना पड़ा। मात्र 15 मिनट की बारिश ने पूरे इलाके को जल-भराव की चपेट में ले लिया। वार्डवासियों ने गुस्से में कहा, 'अगर नगर परिषद ने समय रहते नालियों की सफाई कर दी होती तो आज यह दिन नहीं देखना पड़ता। पूरी गर्मी पड़ी रही, एक बार भी सफाई नहीं हुई। अब बारिश शुरू होते ही हमारी परेशानी शुरू हो गई।'

## अभी भी स्थिति खतरनाक..

बालाघाट रोड की दोनों ओर की नालियों में अभी भी भारी मात्रा में कचरा फंसा हुआ है। अगली बारिश में स्थिति और बिगड़ सकती है। उन्होंने नगर परिषद से तत्काल सफाई अभियान चलाने और नालियों को पूरी तरह साफकरने की मांग की है। नगर परिषद लांजी की इस लापरवाही पर स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। सवाल उठ रहा है कि टैक्स वसूलने में तो नगर परिषद सक्रिय रहती है, लेकिन नागरिकों की सुरक्षा और बुनियादी सुविधाओं के लिए क्यों आँखें मूंद लेती है?



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

### मछली पकड़ने से रोकने पर

## ग्राम प्रधान के साथ गाली-गलौज, मारपीट का प्रयास; पुलिस से की शिकायत, सख्त कार्रवाई की मांग..

जगप्रेरणा परसवाड़ा।

***परसवाड़ा जनपद की ग्राम पंचायत सुकड़ी के ग्राम प्रधान अर्जुन उइके ने गांव के कुछ लोगों पर दबंगई करते हुए गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी देने और लाठी-डंडों से हमला करने के प्रयास का गंभीर आरोप लगाया है। इस संबंध में उन्होंने पुलिस थाना परसवाड़ा में लिखित शिकायत देकर आरोपियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई***

की मांग की है। शिकायत के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम प्रधान अर्जुन उईके को 27 जून 2026 की दोपहर लगभग 1:30 बजे सूचना मिली कि ग्राम के शासकीय तालाब में कुछ लोग प्रतिबंधित अवधि के दौरान मछली पकड़ रहे हैं। सूचना मिलने पर वे तत्काल तालाब पहुंचे। वहां उन्होंने मौजूद लोगों को समझाया कि शासन के नियमों के अनुसार 15 जून के बाद मत्स्य प्रजनन काल को देखते हुए मत्स्याखेट (मछली पकड़ने) पर पूर्ण प्रतिबंध लागू रहता है, इसलिए तालाब में मछली पकड़ना नियमों के विरुद्ध है।

ग्राम प्रधान का आरोप है कि उनकी समझाइश से नाराज होकर गांव के सुनील कोडापे, सुनील कंगाले, मुकेश कंगाले, विमल कंगाले, विनोद कंगाले एवं यशवंत कंगाले सहित अन्य लोगों ने उनके साथ अभद्र भाषा में गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए लाठी-डंडे उठा लिए और उन्हें दौड़ाकर मारपीट करने का प्रयास किया। अचानक हुए इस घटनाक्रम से मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

स्थिति को गंभीर होता देख ग्राम प्रधान ने तत्काल डायल-112 पुलिस सेवा को सूचना दी। शिकायत के अनुसार पुलिस टीम मौके पर पहुंची और उन्हें सुरक्षित अपने वाहन में बैठाकर वहां से निकाला। इस दौरान कुछ लोगों द्वारा पुलिस के वाहन को रोकने का भी प्रयास किए जाने का आरोप लगाया गया है। समय रहते पुलिस के पहुंचने से एक बड़ी अप्रिय घटना टल गई। ग्राम प्रधान ने अपनी शिकायत में कहा है कि आरोपियों की हरकतों से उन्हें तथा उनके परिवार को जान-माल का खतरा बना हुआ है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से आरोपियों के खिलाफ वैधानिक धाराओं के तहत कठोर कार्रवाई करने और सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है।

शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि घटना के दौरान मधु उईके, स्वरूप इनवाती, रविंद्र परते, दीपक इनवाती सहित कई ग्रामीण मौके पर मौजूद थे, जिन्होंने पूरे विवाद को अपनी आंखों से देखा और सुना। ये सभी ग्रामीण मामले के प्रत्यक्षदर्शी बताए गए हैं।

गौरतलब है कि हर वर्ष मानसून के दौरान मछलियों के प्रजनन काल को संरक्षण देने के उद्देश्य से शासन द्वारा मत्स्याखेट पर प्रतिबंध लगाया जाता है। ऐसे में नियमों का पालन कराने पहुंचे ग्राम प्रधान के साथ कथित रूप से हुई इस घटना ने क्षेत्र में चर्चा का विषय बना दिया है।

फिलहाल पुलिस ने ग्राम प्रधान की शिकायत प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जांच के बाद तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं ग्राम प्रधान ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

## मंगोली खुर्द में रेत के अवैध भंडारण पर प्रशासन की बड़ी कार्यवाही..

### 96 ट्रॉली रेत जब्त की गई

जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट जिले में अवैध खनिज के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आज 27 जून को राजस्व और खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने किरनापुर तहसील के ग्राम मंगोली खुर्द में बड़ी कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में शासकीय भूमि पर अवैध रूप से भंडारित रेत का बड़ा जखीरा बरामद किया गया है।***




### शासकीय भूमि पर कब्जा कर रखा था रेत का ढेर

उप संचालक खनिज सुश्री फरहत जहां ने बताया कि प्रशासनिक अमले को सूचना मिली थी कि मंगोली खुर्द क्षेत्र में अवैध रेत का भंडारण किया गया है। सूचना मिलते ही राजस्व और खनिज विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से मौके पर छापा मारा। जांच के दौरान ग्राम मंगोली खुर्द के खसरा क्रमांक 113/1/1 की शासकीय भूमि पर भारी मात्रा में रेत का भंडारण पाया गया।

### 96 ट्रॉली रेत लावारिश हालत में मिली

मौके पर पहुंची टीम को लगभग 96 ट्रॉली रेत लावारिश अवस्था में मिली। जांच के दौरान वहां मौजूद किसी भी व्यक्ति ने रेत के वैध होने संबंधी कोई दस्तावेज या शासन से प्राप्त अनुमति पत्र प्रस्तुत नहीं किया। खनिज के अवैध भंडारण की पुष्टि होने पर प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से उक्त रेत को अपने कब्जे में ले लिया है।

### कोटवार की सुपुर्दगी में दी गई सामग्री

वैधानिक अनुमति न पाए जाने पर प्रशासन ने म.प्र. खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण का निवारण) नियम 2022 के तहत रेत को जब्त कर लिया है। सुरक्षा की दृष्टि से जब्त की गई रेत को स्थानीय ग्राम कोटवार की अभिरक्षा और देखरेख में सौंप दिया गया है।

### नियमों के तहत होगी निवर्तन की कार्वाई

प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जब्त की गई रेत के संबंध में आगामी निवर्तन की कार्रवाई म.प्र. खनिज नियम 2022 के प्रावधानों के अनुरूप की जाएगी। अवैध खनिज माफियाओं के खिलाफ जिले में जारी इस सख्ती से हड़कंप मचा हुआ है। प्रशासन का कहना है कि भविष्य में भी अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ इस तरह की छापामार कार्रवाई जारी रहेगी।

## कोचेवाही में सुपर सीडर से डीएसआर बोनी, आधुनिक तकनीक अपनाने को लेकर किसानों में बढ़ा उत्साह..




जगप्रेरणा लांजी।

***बालाघाट जिले के लांजी विकासखंड के टेमनी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोचेवाही में किसानों ने आधुनिक कृषि यंत्र सुपर सीडर के माध्यम से डीएसआर (डायरेक्ट सीडेड राइस) पद्धति से धान की बोनी कर***

आधुनिक खेती की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। इस तकनीक को अपनाने से क्षेत्र के किसानों में उत्साह का माहौल है और अन्य किसान भी इससे प्रेरित हो रहे हैं।

कृषि विशेषज्ञों के अनुसार सुपर सीडर तकनीक से बिना अधिक जुताई के सीधे बुवाई की जा सकती है। इससे समय, श्रम और उत्पादन लागत में कमी आती है, वहीं एक ही प्रक्रिया में बीज एवं उर्वरक का उपयोग होने से कार्य अधिक तेज और प्रभावी बनता है। खेत में मौजूद फसल अवशेष मिट्टी में मिल जाने से भूमि की उर्वरता एवं जैविक कार्बन भी बढ़ता है, जिससे पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलता है।

ग्राम कोचेवाही की कृषक श्रीमती अदिति घोरमारे एवं श्री सुखराम भागदड़ ने बताया कि पारंपरिक पद्धति की अपेक्षा सुपर सीडर से बोनी करना अधिक सुविधाजनक और किफायती है। किसानों को उम्मीद है कि इस तकनीक से फसल की बेहतर वृद्धि होगी तथा उत्पादन में भी वृद्धि देखने को मिलेगी।

इस अवसर पर ग्राम कोचेवाही निवासी एवं कृषि विभाग किरनापुर में पदस्थ कृषि अधिकारी श्री गांधी घोरमारे ने किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि बदलते कृषि परिदृश्य में नई तकनीकों को अपनाना समय की आवश्यकता है। इससे खेती अधिक लाभकारी बनने के साथ-साथ प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण भी संभव है।

ग्राम कोचेवाही में सुपर सीडर से डीएसआर पद्धति के तहत श्रीमती अदिति (पिता नंदराम वाकड़े) ने 0.600 हेक्टेयर, श्रीमती सुशीला (पिता नान्हू) ने 0.182 हेक्टेयर तथा श्री कुंवरलाल (पिता देऊजी) ने 0.121 हेक्टेयर क्षेत्र में धान की बोनी की है।

ग्रामीण क्षेत्र में आधुनिक कृषि तकनीकों के बढ़ते उपयोग को कृषि क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। कृषि विभाग को उम्मीद है कि आने वाले समय में अधिक से अधिक किसान सुपर सीडर एवं डीएसआर जैसी उन्नत तकनीकों को अपनाकर कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करेंगे।

## कृषि विभाग के अधिकारियों के स्थानांतरण पर दी भावभीनी बिदाई

### सरल व्यवहार से किसानों के बीच बनाई पहचान

जगप्रेरणा लांजी।

***कृषि विभाग लांजी में पदस्थ अनुविभागीय कृषि अधिकारी खुदीराम सनोडिया का स्थानांतरण कार्यालय सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी, जिला छिंदवाड़ा तथा कृषि विस्तार अधिकारी कु. इंदु उइके का***






स्थानांतरण कार्यालय वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी, विकासखंड नैनपुर, जिला मंडला में होने पर शुक्रवार, 27 जून 2026 को कार्यालय अनुविभागीय कृषि, लांजी के सभा गृह में विदाई समारोह आयोजित कर भावभिनी विदाई दी गई। समारोह में कृषि विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दोनों अधिकारियों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मान किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि एसडीओ खुदीराम सनोडिया ने लांजी में लगभग 10 वर्षों तक अपनी सेवाएं दीं।

उनके कार्यकाल में कृषि विभाग ने किसानों के हित में अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए तथा विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से नए आयाम स्थापित किए। उनकी कार्यशैली, सरल व्यवहार और किसानों के प्रति समर्पण को सभी ने सराहा। कृषि विस्तार अधिकारी कु. इंदु उइके के कार्यों की भी विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रशंसा करते हुए उनके नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम के अंत में दोनों अधिकारियों ने लांजी में मिले सहयोग और स्नेह के लिए समस्त कृषि विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं किसानों के प्रति आभार व्यक्त किया। कृषि विभाग परिवार ने उनके सफल, सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाओं के साथ उन्हें भावभिनी विदाई दी।

## बापड़ी के ग्रामीणों ने नए ट्रांसफार्मर लगाने का जताया विरोध, सरपंच ने की कलेक्टर से शिकायत..



जगप्रेरणा लांजी।

***ग्राम पंचायत बापड़ी में शासकीय सामुदायिक भवन के ठीक सामने विद्युत विभाग द्वारा लगाए गए ट्रांसफार्मर ने पूरे गांव को आक्रोशित कर दिया है। सरपंच खेमराज मछिरके ने इस पक्षपातपूर्ण कार्य की कड़ी निंदा करते हुए जिला कलेक्टर बालाघाट को पत्र लिखकर तुरंत ट्रांसफार्मर हटाने की मांग की है।***

सरपंच खेमराज मछिरके ने अपने पत्र में आरोप लगाया कि करंजा विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता विश्वजीत शर्मा ने गांववालों की साफ मना करने के बावजूद शासकीय सामुदायिक भवन के एकदम सामने स्थायी ट्रांसफार्मर लगा दिया। सरपंच का कहना है कि यह कार्य पूरी तरह पक्षपातपूर्ण और अनुचित है।

सरपंच खेमराज मछिरके ने अपने शिकायत पत्र में बताया कि सामुदायिक भवन अब गांव हित के किसी भी कार्यक्रम, विवाह, सामाजिक आयोजन या बैठक के लिए पूरी तरह अनुपयोगी हो गया है।भवन के दोनों ओर पर्याप्त शासकीय खाली भूमि उपलब्ध होने के बावजूद ट्रांसफार्मर को जानबूझकर भवन के सामने लगाया गया।आसपास दूर-दूर तक कोई निजी मकान नहीं है, फिर भी ट्रांसफार्मर को भवन के सामने ही चुना गया। ग्रामीणों के विरोध को पूरी तरह नजरअंदाज किया गया।

सरपंच ने जिला कलेक्टर से आग्रह किया है कि मामले की तुरंत जांच कर ट्रांसफार्मर को सामुदायिक भवन के सामने से हटवाया जाए और उसे भवन के बाजू वाली शासकीय भूमि पर स्थानांतरित किया जाए, ताकि गांववासियों को उनका सामुदायिक भवन वापस मिल सके।

## बाजार रोड पर जलभराव से राहगीरों की बड़ी परेशानियां



जगप्रेरणा लांजी।

***लांजी बाजार रोड़ पर बारिश का पानी जमा हो जाने से स्थानीय निवासियों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।***

काम्प्लेक्स के सामने नाली न बनाए जाने और सड़क के दोनों ओर के हिस्सों के ऊंचे हो जाने के कारण पानी निकासी नहीं हो पा रही है। बारिश के दौरान सड़क पर पानी भर जाने से पैदल चलने वाले राहगीरों को काफी दिक्कत होती है। साथ ही वाहनों के गुजरने से पानी के छींटे पैदल यात्रियों पर पड़ते हैं, जिससे उनके कपड़े खराब हो जाते हैं और रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित होती है। इस समस्या को लेकर स्थानीय नागरिकों ने नगर परिषद लांजी से मांग की है कि बाजार रोड़ के दोनों ओर नालियां बनाई जाएं और सड़क को उचित ऊंचाई पर उठाकर पुनर्निर्माण किया जाए, ताकि भविष्य में जलजमाव की समस्या न रहे।

## बालाघाट में सारस गणना 2026 सम्पन्न, जिले में 50 सारस पक्षियों की हुई गणना..

जगप्रेरणा बालाघाट।

पर्यावरण एवं वन्यजीव संरक्षण के लिए निरंतर कार्यरत ÷सेवा÷ **(Sustaining Environment and Wildlife Assemblage)** संस्था ने दक्षिण एवं उत्तर वनमंडल बालाघाट, जिला पुरातत्व एवं संस्कृति परिषद तथा स्थानीय किसानों एवं सारस मित्रों के सहयोग से सारस गणना-2026 का सफल आयोजन किया। छह दिनों तक चले इस अभियान में जिले के 66 स्थानों पर वैज्ञानिक एवं पारंपरिक पद्धति से सारस पक्षियों की गणना की गई। गणना के लिए 22 टीमों का गठन किया गया, जिन्होंने सुबह 4:45 बजे से 9:00 बजे तक सारसों के विश्राम स्थलों एवं प्राकृतिक आवासों पर पहुंचकर प्रत्यक्ष अवलोकन के माध्यम से गणना की। प्रत्येक टीम में सेवा संस्था के सदस्य एवं वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे। संस्था द्वारा वर्षभर सारसों के आवास, प्रजनन स्थलों एवं भ्रमण मार्गों का अध्ययन किया जाता है तथा ग्रामीणों और विद्यार्थियों को सारस संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाता है।





संस्था ने बताया कि बालाघाट और महाराष्ट्र के गोंदिया जिले के बीच बहने वाली वैनगंगा एवं बाघ नदी के कारण दोनों क्षेत्रों की जैव विविधता समान है। इसी वजह से कई सारस जोड़े दोनों राज्यों के बीच निर्बाध रूप से विचरण करते हैं, जो प्रकृति की एक अनूठी मिसाल है। गणना के आंकड़ों की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए 19 से 25 जून तक प्रतिदिन सुबह और शाम सभी प्रमुख सारस आवासों का निरीक्षण भी किया गया।

गणना के अनुसार बालाघाट जिले में 50 तथा गोंदिया जिले में 32 सारस पक्षियों की उपस्थिति दर्ज की गई। पिछले वर्षों के आंकड़ों पर नजर डालें तो वर्ष 2025 में 48 सारस दर्ज किए गए थे, जबकि इस वर्ष यह संख्या बढ़कर 50 हो गई है, जो संरक्षण प्रयासों की सकारात्मक उपलब्धि मानी जा रही है। वहीं पिछले चार वर्षों में सारस के घोंसलों की संख्या लगभग स्थिर बनी हुई है।

इस अभियान को सफल बनाने में मुख्य वन संरक्षक, दक्षिण एवं उत्तर वनमंडल के अधिकारियों, सेवा संस्था के पदाधिकारियों, जिला पुरातत्व एवं संस्कृति परिषद, वन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों, स्थानीय किसानों, सारस मित्रों एवं स्वयंसेवकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सेवा संस्था ने सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी सारस संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन के लिए जनसहभागिता बढ़ाने का संकल्प दोहराया।



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# 'राजर्षी छत्रपती शाहू महाराज के विचारों की विरासत को संजोते हुए प्रतियोगी परीक्षा में सफलता का मार्ग चुनें' - जनार्दन हेगडकर

## दिनबंधु अभ्यासिका (लाइब्रेरी) में सामाजिक न्याय दिवस के अवसर पर सफल अधिकारियों का सम्मान, प्रतियोगी परीक्षा मार्गदर्शन और भव्य रक्तदान शिविर उत्साहपूर्वक संपन्न..





**जगप्रेरणा देवरी।**
प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्र राजर्षी छत्रपती शाहू महाराज के विचारों की विरासत को संजोते हुए प्रतियोगी परीक्षा में सफलता का मार्ग चुनें, ऐसा प्रतिपादन पुलिस स्टेशन के थाना प्रभारी (थानेदार) जनार्दन हेगडकर ने किया। वे स्थानीय देवरी में 'दिनबंधु ग्रामीण विकास संस्था' द्वारा संचालित 'दिनबंधु अभ्यासिका' में राजर्षी छत्रपती शाहू महाराज की जयंती अर्थात् 'सामाजिक न्याय दिवस' के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उद्घाटनकर्ता के रूप में बोल रहे थे।

आगे छात्रों को मार्गदर्शन देते हुए उन्होंने राजर्षी छत्रपती शाहू महाराज के जीवन के कई प्रेरणादायक प्रसंग सुनाए और उनके शिक्षा-प्रेम, सामाजिक न्याय, समानता की भूमिका तथा आम जनता के उत्थान के लिए किए गए कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने स्पष्ट किया कि शाहू महाराज द्वारा शिक्षा को दी गई सर्वोच्च प्राथमिकता, पिछड़े वर्गों के लिए लिए गए ऐतिहासिक निर्णय और लोक-कल्याणकारी नीतियों की समाज को आज भी आवश्यकता है। इस अवसर पर उन्होंने छात्रों से प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से प्रशासन में जाकर समाज के लिए काम करने का आह्वान किया।

संस्था की ओर से आयोजित राजर्षी छत्रपती शाहू महाराज जयंती अर्थात् सामाजिक न्याय दिवस के अवसर पर प्रतियोगी परीक्षा में सफल रहे अधिकारियों का सम्मान और 'रक्तदान शिविर'का आयोजन किया गया था। यह कार्यक्रम ग्राम पंचायत खोडशीवनी के सरपंच और जिला मध्यवर्ती बैंक के निदेशक गंगाधर परशुरामकर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। वहीं विशेष अतिथि के रूप में सशस्त्र दूरक्षेत्र मगरडोह के उपनिरीक्षक (PSI) संतोष गुट्टे और प्रमुख अतिथि के रूप में दैनिक लोकमत के तालुका प्रतिनिधि विलास शिंदे, हेल्पिंग ग्रुप के अध्यक्ष एलियाज कुरैशी, और दिनबंधु ग्रामीण विकास संस्था के अध्यक्ष कुलदीप लांजेवार उपस्थित थे।

इस दौरान, शासकीय सेवा में कर्तव्य पर रहते हुए भी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर प्रशासनिक सेवा में स्थान पाने वाले सफल अधिकारी और वर्तमान में पुलिस उपनिरीक्षक के रूप में कार्यरत संतोष गुट्टे का संस्था की ओर से स्मृति चिह्न, शाल और पुष्पगुच्छ देकर सम्मान किया गया। साथ ही, जिला पुलिस बल में आदिवासी बहुल नक्सल प्रभावित क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा दे रहे जनार्दन हेगडकर का भी संस्था की ओर से स्मृति चिह्न, शाल और पुष्पगुच्छ देकर सत्कार किया गया।

इस अवसर पर प्रतियोगी परीक्षा मार्गदर्शन सत्र में विशेष अतिथि और मार्गदर्शक के रूप में उपस्थित सम्मानित व्यक्तित्व संतोष गुट्टे ने छात्रों को पढ़ाई की सही दिशा, लक्ष्य निर्धारण, अनुशासित तैयारी और सकारात्मक दृष्टिकोण के बारे में गहन मार्गदर्शन किया। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करते समय खुद के प्रति ईमानदार रहकर और अधिक जोश के साथ अध्ययन करने का मूलमंत्र दिया, जिससे वहां उपस्थित छात्रों को बड़ा लाभ हुआ। इतना ही नहीं, उन्होंने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में अपनी सफलता की यात्रा, पढ़ाई का नियोजन (प्लानिंग), निरंतरता, समय प्रबंधन (टाइम मैनेजमेंट) और आत्मविश्वास के महत्व को छात्रों के सामने रखा। उपस्थित छात्रों से संवाद करते हुए उन्होंने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों की विभिन्न शंकाओं का समाधान भी किया।

कार्यक्रम के अध्यक्ष गंगाधर परशुरामकर ने उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि वे महापुरुषों के आदर्शों को अपने सामने रखें, अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करें और उसी के अनुसार अपनी दिशा तय कर सफलता प्राप्त करें।

आयोजकों की ओर से सामाजिक न्याय दिवस के अवसर पर इसी दिन आयोजित भव्य रक्तदान शिविर में दिनबंधु अभ्यासिका के छात्रों, युवक-युवतियों तथा देवरी शहर के नागरिकों ने बड़े उत्साह के साथ रक्तदान किया। समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए कई लोगों ने पहली बार रक्तदान कर सामाजिक प्रतिबद्धता का परिचय दिया। इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य व्यक्ति, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्र, नागरिक और रक्तदाता बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम की प्रस्तावना दिनबंधु ग्रामीण विकास संस्था के अध्यक्ष कुलदीप लांजेवार ने रखी, जबकि संचालन संस्था के ट्रस्टी दीपक लांजेवार ने किया और आभार प्रदर्शन कु. श्रद्धा बिसेन ने किया।

इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बाई गंगाबाई शासकीय रक्तपेढ़ी (ब्लड बैंक) की पूरी मेडिकल टीम, संस्था के स्वयंसेवक मुनेश्वर राउत, सनद गुडी, प्रतीक राउत, मुकेश बावनकर, सुमेध बागडे, गौरव लांजेवार, सिद्धांत शाहू सहित हेल्पिंग ग्रुप देवरी के पदाधिकारियों तथा दिनबंधु अभ्यासिका के छात्रों ने सराहनीय सहयोग किया।

# डॉ. किरण मोरे चव्हाण छत्रपति शाहू महाराज समाज भूषण पुरस्कार से सम्मानित..

**प्रा राकेश रोकडे जगप्रेरणा सालेकसा।**
*अण्णाभाऊ साठे पीपल्स फोर्स संगठन की ओर से 26 जून 2026 को शिवाजी चौक, सिडको, नवीन नांदेड़ स्थित कामगार केंद्र सभागार में छत्रपति शाहू महाराज की जयंती के अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन किया* गया। इस अवसर पर महाराष्ट्र एवं अन्य राज्यों के उन समाजसेवकों को आमंत्रित कर सम्मानित किया गया, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य कर समाज के सामने प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है तथा समाजहित की रक्षा की है।




इसी राज्यस्तरीय छत्रपति शाहू महाराज जयंती समारोह में सालेकसा, जिला गोंदिया की साहित्यकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. किरणताई मोरे चव्हाण को भी चयन पत्र के माध्यम से आमंत्रित किया गया और उनकी बहू रसिका मोरे की उपस्थिति में मान्यवरों के हाथों उन्हें प्रतिष्ठित छत्रपति शाहू महाराज राज्यस्तरीय समाजभूषण पुरस्कार प्रदान किया गया। पुरस्कार में शॉल, सम्मानचिह्न एवं प्रशस्ति-पत्र शामिल थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अण्णाभाऊ साठे पीपल्स फोर्स संगठन के संस्थापक बा. रा. वाघमारे ने की, जबकि उद्घाटन सय्यद मुजीबभाई ने किया। स्वागताध्यक्ष के रूप में सायलूदादा म्हैसकर तथा प्रमुख मार्गदर्शक के रूप में वरिष्ठ चिंतक डॉ. प्रो. जाधव जेटी मंचासीन थे।

इसके अलावा प्रमुख अतिथियों में नांदेड़ आकाशवाणी के उद्घोषक बालाजी गवारे, एडवोकेट सुजाता पोहरे, प्रो. बी. एन. गोईनवाड, भन्ते पय्याबोधी, डॉ. एस. पी. घुंगरवार, प्रो. डॉ. सुनीलचंद्र सोनकांबळे, डी. एस. वाघमारे, वरिष्ठ नेता पी. एस. गवळी, सुलोचना गोईनवाड सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस अवसर पर डॉ. किरण मोरे चव्हाण को उनके मित्रों एवं परिजनों द्वारा शुभकामनाएं एवं बधाइयाँ दी गईं।

## दो मोटरसायकल की भिडंत 1 की मौत मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**
**गोंदिया जिले के तिरोडा पुलिस थाना अंतर्गत वाहन अपघात का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 25/6/2026 के रात 8 बजे के दरम्यान तिरोडा चिरेखानी मार्ग पर दो मोटरसायकल चालको ने अपने वाहन लापरवाही से चलाकर आपने सामने एक दुसरे को टक्कर मारी जिसमें 1 बाईक चालक कोणार्क श्रिराम मेश्राम उम्र 28 वर्ष निवासी भोरगड की मौत हो गई। पिछे बैठे लोग गंभीर जख्मी हुवे दूसरे बाईक सवार भी गंभीर जख्मी होने से फर्यादी धनजंय प्रभु बारई पोस्टे तिरोडा के बयान पर दोनो वाहन चालको के खिलाफ अपराध क्रमांक 621/2026 धारा 281,125, अ, द,106,1, भारतीय न्याय संहिता सहकलम 184 मोवाका के तहत अपराध दर्ज कर जाच मपोऊपनी प्रियंका बैस पोस्टे तिरोडा कर रही है।**

## गोंदिया पुलिस डायरी..

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो. 9922607145

### दो चौपहिया वाहन की आमने सामने भिडंत 1 की मौत मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**
गोंदिया जिले के गंगाझरी पुलिस थाना अंतर्गत वाहन अपघात का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 26/ 6/ 2026 के रात 1 बजे के दरम्यान गंगाझरी मे फर्यादी दुर्योधन कशिराम मारबते पोस्टे गंगाझरी ने घटनास्थल पर देखा की दो कारो की आमने सामने भिषण टक्कर हुई जिसमे हर्ष विजय दयावानी उम्र 25 वर्ष निवासी गणेशनगर की मौत हो गई। व अन्य साथ मे बैठे लोग गंभीर घायल हुवे है। फर्यादी के लिखित बयान पर पोस्टे गंगाझरी मे अपराध क्रमांक 301/2026 धारा 281,125, अ,106,1, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच सपोनी वर्मा पोस्टे गंगाझरी कर रहे है।

### तुम डिझल चोरी करते हो बोलकर मारपीट कर किया कमरे मे बंद मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**
गोंदिया जिले के अर्जुनी मोर पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट और बंदी बनाने का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 24/6/2026 के रात 8 बजे ताडगाव टोला मे फर्यादी लेखराम मोतीचंद तवाडे उम्र 45 वर्ष निवासी अर्जुनी मोर और दुसरा ड्रायवर दोनो ट्रक के पिछे बात कर रहे थे। जहा आरोपी ने आकर कहा तुम डिझल चोरी करते हो बोलकर मारपीट की और टिन के बने रूम मे बंद कर दिया। गालीगलोच कर मारने की धमकी देने से फर्यादी के बयान पर पोस्टे अर्जुनी मोर मे अपराध क्रमांक 267/2026 धारा 118, 1, 127, 2, 296, 3, 5, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा रोशन गोंडाणे पोस्टे अर्जुनी मोर कर रहे है।

### बस मे चढते समय महिला के बॅग से 40 हजार रुपए चोरी मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**
गोंदिया जिले के रामनगर पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 24/6/2026 के शाम 5 बजे के दरम्यान महिला फर्यादी उम्र 43 वर्ष निवासी कटंगी गोंदिया घटना के समय अपनी चाची के साथ दवनीवाडा जाने के लिये बस स्टँड गई। बस मे चढते समय अज्ञात चोर ने बँग से 40 हजार नगदी, सर्टीफिकेट, स्कुल का सिल सिक्का चुराकर ले जाने से दिये शिकायत पर पोस्टे रामनगर मे अपराध क्रमांक 403/2026 धारा 303,2, भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाच पोहवा राजेश भगत पोस्टे रामनगर कर रहे है।

# माउंट कामेट पब्लिक स्कूल, गोरेगांव में राजर्षि छत्रपति शाहू महाराज जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई





**जगप्रेरणा गोरेगांव।**
*माउंट कामेट पब्लिक स्कूल, गोरेगांव में सामाजिक न्याय, शिक्षा एवं समानता के महान पुरोधा राजर्षि छत्रपति शाहू महाराज की जयंती* बड़े उत्साह एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की मुख्याध्यापिका श्रीमती लिनता लोखंडे द्वारा राजर्षि छत्रपति शाहू महाराज के चित्र पर पुष्पहार अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर शिक्षक श्री संदीप रहाटे ने अपने प्रास्ताविक संबोधन में राजर्षि शाहू महाराज के शिक्षा, सामाजिक समानता, आरक्षण, महिला शिक्षा तथा बहुजन समाज के उत्थान के लिए किए गए ऐतिहासिक कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों से शाहू महाराज के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन श्री संदीप पारधी ने किया, जबकि श्री रणजीत कटरे ने उपस्थित सभी अतिथियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

इस आयोजन के माध्यम से शिक्षक एवं कर्मचारियों में राजर्षि छत्रपति शाहू महाराज के विचारों, सामाजिक समरसता और जनकल्याण की भावना के प्रति नई प्रेरणा का संचार हुआ।

# आमगांव क्रिडा संकुल में होम गार्ड जवानों के लिए आठ दिन का प्रशिक्षण शिवीर सफल रहा





**जगप्रेरणा आमगांव।**
आमगांव पथक के तहत क्रिडा संकुल के परिसर में 16 जून से 23 जून, 2026 तक सालेकसा, आमगांव, गोरेगांव और देवरी के होम गार्ड जवानों के लिए आठ दिन का प्रशिक्षण शिबीर सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

जिला कमांडर माननीय रामदास शिवते के आदेश पर आयोजित इस ट्रेनिंग कैंप में होम गार्ड जवानों को अनुशासन, मूवमेंट, डिजास्टर मैनेजमेंट, बचाव कार्य और ड्यूटी से जुड़े अलग-अलग विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। इस शिबीर में कुल 69 होम गार्ड जवानों ने हिस्सा लिया।

शिबीर का समापन और विदाई समारोह 23 जून, 2026 को केंद्र नायक मसुरकर साहेब और पलटन नायक शिवशंकर बेमरकर साहेब के मार्गदर्शन में हुआ। इस मौके पर कमांडिंग ऑफिसर पवन कुमार जगने, आमगांव स्क्वाड के ऑफिसर-इन-चार्ज मुकेश ढेकवार, कंपनी कमांडर सुखदेव पारधी, प्लाटून नायक अमित मेश्राम, संदीप शिहोरे, धर्मराज मटाले और मुनेश्वर चौधरी मौजूद थे।

शिबिर के दौरान, सभी सैनिकों ने पूरे जोश के साथ हिस्सा लिया और अनुशासन में प्रशिक्षण पूरी की। मौजूद लोगों ने कहा कि संबंधित अधिकारियों और प्रशिक्षण की मार्गदर्शन की वजह से यह आठ दिन का प्रशिक्षण शिबीर बहुत सफल और आसान रहा।

# 28 जून को 0 से 5 वर्ष के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की 'दो बूंद' पिलाकर पोलियो मुक्त गोंदिया के संकल्प को करें मजबूत..

## राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के लिए जिला परिषद अध्यक्ष लायकराम भेंडारकर एवं उपाध्यक्ष सुरेश हर्षे की अभिभावकों से भावनात्मक अपील..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**
*राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर जिला परिषद सभागार में 25 जून को जिला स्वास्थ्य समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।*

जिला परिषद अध्यक्ष लायकरामजी भेंडारकर की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में 28 जून को होने वाले राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की तैयारियों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर जिला परिषद उपाध्यक्ष एवं स्वास्थ्य सभापति सुरेशजी हर्षे ने भी अभियान के प्रभावी संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला परिषद अध्यक्ष लायकरामजी भेंडारकर ने कहा कि भारत को भले ही पोलियो मुक्त देश का दर्जा प्राप्त हो चुका है, लेकिन दुनिया के कुछ देशों में अब भी पोलियो का खतरा बना हुआ है।

ऐसे में इस बीमारी की पुनः वापसी रोकने के लिए प्रत्येक अभिभावक का दायित्व है कि वे 28 जून को अपने 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों को पोलियो की 'दो बूंद जिंदगी की' अवश्य पिलाएं। उन्होंने कहा कि पोलियो मुक्त भारत की उपलब्धि को कायम रखने के लिए प्रत्येक नागरिक को अपनी राष्ट्रीय जिम्मेदारी निभानी होगी। जिला परिषद उपाध्यक्ष एवं स्वास्थ्य सभापति सुरेशजी हर्षे ने स्वास्थ्य विभाग की तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि जिले के प्रत्येक गांव, टोले तथा दूरस्थ एवं अतिदुर्गम क्षेत्रों तक पहुंचने के लिए विशेष पोलियो बूथ, मोबाइल टीमें तथा ट्रांजिट टीमों की व्यवस्था की गई है।



उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित नहीं रहना चाहिए। साथ ही जनप्रतिनिधियों, ग्राम पंचायतों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा स्वयंसेविकाओं, सामाजिक संगठनों तथा नागरिकों से इस अभियान को जन-आंदोलन का रूप देने की अपील की।

बैठक में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे केवल अपने ही नहीं, बल्कि पड़ोस और रिश्तेदारों के 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को भी 28 जून को निकटतम पोलियो बूथ पर ले जाकर पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलाएं। बच्चों के स्वस्थ एवं सुरक्षित भविष्य के लिए यह अत्यंत आवश्यक और जिम्मेदारीपूर्ण कदम है।

बैठक में जिला परिषद सदस्य रचनाताई गहाणे, छायाताई नागपुरे, गीताताई लिल्हारे, वैशालीताई पंधरे, सुधाताई रहांगडाले, प्रवीणजी पटले, डॉ. भूमेश्वर पटले तथा रूपेशजी कुथे उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग की ओर से सहायक जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अरविंदकुमार वाघमारे, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. विनोद चव्हाण, जिला विस्तार एवं माध्यम अधिकारी विजय आखाड़े, महामारी अधिकारी डॉ. निरंजन अग्रवाल, मिलिंद नंदागवली, प्रशांत खरात सहित जिले के सभी तहसील स्वास्थ्य अधिकारी (THO) बैठक में शामिल हुए।

बैठक में अभियान की सफलता के लिए सूक्ष्म कार्ययोजना, पोलियो बूथों की व्यवस्था, मोबाइल एवं ट्रांजिट टीमों की तैनाती, जनजागरूकता अभियान तथा दूरस्थ क्षेत्रों के प्रत्येक बच्चे तक पहुंच सुनिश्चित करने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करते हुए जिले के एक भी बच्चे को पोलियो टीकाकरण से वंचित न रहने देने के निर्देश दिए गए।

## जगप्रेरणा फोटो कैप्शन



मोहर्रम के अवसर पे पर्यावरण का संतुलन बना रहे इस उद्देश के साथ गोंदिया निवासी जितेंद्र भरणे और अजित शेणमारे ने मुस्लिम समाज के साथ नीम के पेड का वृक्षारोपण किया। छायाचित्र - प्रा राकेश रोकडे

अंकुर टेस्ट ट्यूब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाएं..
टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF ET)
इक्सी टेस्ट ट्यूब बेबी (ICSI)
(IUI) आय.यू.आय.
अधिक उम्र में मातृत्व
ओव्हम डोनेशन द्वारा
बंद फॉलोपियन ट्यूब खोलना
पुरुष बंधत्व निदान व उपचार
शुक्राणु बैंक सुविधा
सोनोग्राफी
हार्मोस की जांच
हार्मोस की गड़बड़ी की ईलाज
दुरबीन द्वारा ऑपरेशन
डॉ. संजीव चिटणवीस
अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस
प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754



महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास
2. अरष्ट विनायक अपार्टमेन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

# गोंदिया में भीमनगर-सिंगलटोली (चंद्रपुर रेललाइन) पर चल रहे अंडर पास कार्य को रुकवाया जनता ने..

## ओवर ब्रिज की उठी मांग.. काम शुरू किया तो रोकेंगे ट्रैन, करेंगे जनआंदोलन-अमित भालेराव







जगप्रेरणा गोंदिया।

*नागपुर-रायपुर रेल लाइन एवं गोंदिया- चंद्रपुर रेल लाइन के बीच फंसे आंबेडकर वार्ड, सिंगलटोली, भीमनगर के निवासियों ने आज बडी संख्या में एकत्रित होकर चंद्रपुर लाइन पर रेलवे की मनमर्जी से चल रहे अंडरपास/सबवे के निर्माण कार्य को रुकवाकर ओवर ब्रिज की मांग पर जोर दिया।*

जनता की ओर से प्रतिनिधित्व करने सामने आए सामाजिक कार्यकर्ता अमितकुमार भालेराव ने कहा, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिना जनता की सुख-सुविधा देखे मनमर्जी से कार्य कर रही है। अंडर पास निर्माण कार्य शुरू कर यहां की जनता के साथ अन्याय किया जा रहा है। उन्होंने कहा, ये क्षेत्र नागपुर-रायपुर रेल लाइन एवं गोंदिया-चंद्रपुर रेललाइन के बीच फंसा बड़ी आबादी वाला क्षेत्र है। क्षेत्र में स्कूल, डीएड-बीएड कॉलेज है एवं छोटे-मोटे उद्योग है। भालेराव ने कहा, रेलवे ने पूर्व में नागपुर-रायपुर लाइन पर रेलवे क्रॉसिंग बंद कर कम हाइट का अंडर पास दिया है, जिससे बड़े वाहनों की आवाजाही बंद हो गई है। विद्यार्थियों के लिए स्कूल की बसे, आपातकालीन एम्बुलेंस, आवास निर्माण के लिए ट्रक, जेसीबी, बोरवेल मशीन, बिजली विभाग के वाहन आदि के आने में परेशानी हो रही है एवं इनका आवागमन अब सिर्फ भीमनगर रेलवे क्रॉसिंग से हो रहा है। ऐसे में अब चंद्रपुर रेल लाइन पर अंडर पास का निर्माण शुरू कर जनता पर अत्याचार, अन्याय करने का कार्य रेलवे कर रही है।

अमित भालेराव ने आगे कहा, अगर रेलवे चंद्रपुर लाइन पर अंडर पास का निर्माण करती है तो ये क्षेत्र हर सुख-सुविधा से वंचित हो जाएगा। जनता पर अन्याय कर उसे मरने के लिए छोड़ने का प्रयास रेलवे कर रही है, जिसे हम कतई नहीं होने देंगे। मौके पर पहुँचे रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर श्री मल्लिकार्जुन राव से भालेराव ने कहा, हमनें डीआरएम नागपुर मंडल, जिलाधिकारी गोंदिया को दो बार पत्र देकर इस अंडर पास के निर्माणाधीन कार्य को रुकवाने की मांग की है। साथ ही पत्र में ये भी उल्लेख किया है कि इस क्षेत्र में भरपूर जगह रेलवे के पास उपलब्ध है जहाँ रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण हो सकता है, फिर अंडर पास क्यों?

उन्होंने तत्काल अंडर पास/सबवे कार्य को रुकवाने की मांग कर ओवर ब्रिज की मांग की। साथ ही चंद्रपुर लाइन पर गोंदिया स्टेशन से हिरडामाली तक डबलिंग कार्य को स्थगित कर सिंगल लाइन रखने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा, रेलवे ने रेल ओवर रेल ब्रिज का निर्माण किया है, जो हिरडामाली से गोंदिया रेलवे स्टेशन तक डाउन लाइन का कार्य कर रही है। ऐसे में रेलवे को शहर के बीच अप सिंगल लाइन रखकर नागरिकों को सुविधा के साथ सहूलियत प्रदान करना चाहिए। जनता की बौखलाहट को देखते सीनियर सेक्शन इंजीनियर श्री मल्लिकार्जुन राव ने तत्काल अंडर पास निर्माण कार्य को रुकवा दिया। उन्होंने आश्वस्त किया कि, जल्द ही वे वरिष्ठ अधिकारियों से बातचीत कर रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण का मामला संज्ञान में लाएंगे एवं क्षेत्र के नागरिकों द्वारा भेजे गए पत्र को गंभीरता से लेते हुए जल्द ही एक उच्च बैठक लेकर इसका समाधानकारक रास्ता निकालेंगे। अमित भालेराव ने कहा, अगर रेल प्रशासन रोके गए अंडर पास कार्य को पुनः शुरू करने का प्रयास करता है तो, हमसब मिलकर उग्र रूप धारण कर हजारों की संख्या में आंदोलन करेंगे। जरूरत पड़ी तो ट्रैन रोको आंदोलन भी करेंगे।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर, प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान कर मनाई गई छत्रपति शाहू महाराज जयंती




जगप्रेरणा गोंदिया।

*राजर्षी छत्रपति शाहू महाराज की 152वीं जयंती पर यूनाइटेड स्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर, गोंदिया और संविधान महोत्सव समिति, गोंदिया के सहयोग से एक नि: शुल्क शिविर का आयोजन किया गया था। इस शिविर में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया,*

जिसमें ईसीजी, बीपी, शुगर, वजन की जांच की गई और नि:शुल्क दवाइयां वितरित की गई। बहुजन समाज के उत्कर्ष (कल्याण) के लिए शिक्षा ही सर्वश्रेष्ठ धन है, क्योंकि अविद्या (अशिक्षा) के कारण समाज में बड़ा अनर्थ होता है। इसी वजह से महात्मा फुले और छत्रपती शाहू महाराज की शैक्षणिक नीति को अपनाकर डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर ने बहुजन समाज के लिए शिक्षा की संवैधानिक व्यवस्था की। यह बात स्टडी पॉइंट के संचालक नरेंद्र मेश्राम ने कही। वे छोटा गोंदिया के बोधिसत्व बुद्ध विहार में आयोजित छत्रपति शाहू महाराज की 152वीं जयंती के अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में बोल रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर सार्वजनिक जयंती उत्सव समिति के अध्यक्ष अरविंद भावे ने की। मंच पर सामाजिक कार्यकर्ता संतोष श्यामकुवर, एडवोकेट एकता गणवीर, पृथ्वीराज कोल्हटकर और अंकुर गजभिये उपस्थित थे। श्री मेश्राम ने आगे कहा कि सरकार मुख्यमंत्री लाडली बहन योजना खुशी-खुशी चलाए, लेकिन इसके लिए अनुसूचित जाति (स्ष्ट) के हिस्से का फंड (निधि) खर्च न करे, ऐसा सुझाव उन्होंने दिया। छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए अरविंद भावे ने



कहा कि उच्च शिक्षा में मनचाहा प्रवेश पाने के लिए छात्र अभी से तैयारी में जुट जाएं।

एडवोकेट गणवीर ने कहा कि छात्रों को संविधान का अध्ययन अवश्य करना चाहिए। हमारे महापुरुषों ने हमारे लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया, इसलिए आप भी भविष्य में समाज के लिए अपना समय, पैसा और बुद्धि का योगदान दें। संतोष श्यामकुवर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को जीवन में प्रयत्नशील रहकर प्रज्ञावान (बुद्धिमान) और गुणवान बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि आगे बढ़े हुए वर्ग से प्रतिस्पर्धा करके महत्वपूर्ण पदों की नौकरियों पर कब्जा करें और आई.ए.एस. बनें। इस अवसर पर पृथ्वीराज कोल्हटकर ने भी मार्गदर्शन किया।

### इनका किया गया सम्मान..

इस अवसर पर कक्षा 10वीं और 12वीं के गुणवान विद्यार्थियों को शील्ड और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया, जिनमें कक्षा 10 वीं की विद्यार्थी खुशी सुखदेवे, पूजा फुलचंद शेलारे, आर्या डहाट, महक वैद्य, ग्यानीत्री मेश्राम, डिंपल मनोज राउत, कबीर मेश्राम, सानिध्य संदेश बागडे, श्रेयस सहारे एवं कक्षा 12वीं की विद्यार्थी श्रावणी मेश्राम, अवनी मेश्राम, प्रशिल प्रशांत वाहणे को सम्मानित किया गया।

### इनका रहा विशेष योगदान..

कार्यक्रम की सफलता के लिए सामाजिक कार्यकर्ता सुशील गणवीर ने अथक परिश्रम किया। उन्होंने कार्यक्रम का संचालन भी किया और उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अंकुर गजभिये, फूलचंद शेलारे, मनोज राउत, प्रशांत वैद्य, मौर्योजी, देवानंद मेश्राम, विद्या गणवीर, मनोहर वैद्य, गुनाजी उके, ओमप्रकाश मेश्राम, वंदना शामकुवर, अरुण भलाधरे, पूर्णिमा रंगारी, दीपिका रंगारी, एकता गणवीर और प्रमिला गणवीर उपस्थित थे।

# शहीद भोला भवन में गोंदिया जिला कांग्रेस कमेटी की एसआईआर समन्वय समिति की बैठक संपन्न..




जगप्रेरणा गोंदिया।


*महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाळ के निर्देशानुसार गोंदिया जिला कांग्रेस कमेटी की एसआईआर (मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण) समिति की घोषणा की* गई थी। निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर कार्यक्रम 30 जून से 29 जुलाई तक संचालित किया जाएगा। इसी के तहत गोंदिया जिला कांग्रेस कमेटी ने जिले के प्रमुख नेताओं एवं पदाधिकारियों की एक समन्वय समिति का गठन किया है। इस समन्वय समिति की बैठक आज शहीद बोला कांग्रेस भवन में संपन्न हुई यह समन्वय समिति जिले के प्रत्येक बूथ स्तर पर बीएलए के साथ समन्वय स्थापित कर उनकी समस्याओं एवं कठिनाइयों के संबंध में आवश्यकता पड़ने पर जिला कलेक्टर, उपविभागीय अधिकारी तथा तहसीलदारों के साथ चर्चा करेगी। समन्वय समिति जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में बीएलए-1 एवं बीएलए-2 के साथ भी बैठकें करेगी। शीघ्र ही जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में बीएलए का प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रशिक्षक उपस्थित रहेंगे। जिला समन्वय समिति के अध्यक्ष अमर वराडे ने जानकारी देते हुए बताया कि समन्वय समिति के सदस्य शीघ्र ही प्रत्येक तहसील में संगठन के पदाधिकारियों से मुलाकात कर उन्हें आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे। बैठक में प्रमुख रूप से राजकुमार पुराम, पी. जी. कटरे, विशाल अग्रवाल, एडवोकेट दुष्यंत किरसान, ओबीसी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष जितेंद्र कटरे, सेवादल जिलाध्यक्ष जमील भाई पठाण, आमगांव तालुका कांग्रेस अध्यक्ष संजय बाहेकार, मोरगांव अर्जुनी के घनश्याम धामट, तिरोड़ा के रमेश टेंभरे, शहर कांग्रेस अध्यक्ष (गोंदिया) अशोक चौधरी, झहीर भाई अहमद, हितेंद्र बावणे, महेश उके, देवेंद्र रहांगडाले, बाबा मिश्रा, रंजीत गणवीर, जीवन शरणागत, सूर्यप्रकाश भगत, मनीष मेश्राम, आलोक मोहंती, मोतीराम पिहिदे, जगदीश चुटे, अमन तिघाला, राकेश सिंह परिहार, कुणाल शेंडे, राहुल चुटे, नसीम शेख, प्रल्हाद सहारे तथा अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सहयोगी दल राष्ट्रवादी कांग्रेस को उचित सम्मान देते हुए

# सांसद प्रफुल पटेल को केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल करें..

### वरिष्ठ समाजसेवी छैलबिहारी अग्रवाल ने की मोदी सरकार से मांग..

### गोंदिया के विकास को लगे ग्रहण से मुक्ति मिलकर उन्नति का मार्ग होगा प्रशस्त..





जगप्रेरणा गोंदिया।

देश में 2024 के लोकसभा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए गठबन्धन में राष्ट्रवादी कांग्रेस भी शामिल हुई, और सभी दलों के सहयोग से मोदी सरकार फिर सत्ता में आई। सत्ता में आने के बाद मोदी सरकार में सभी दलों को केंद्रीय मंत्रिमंडल में स्थान दिया गया लेकिन राष्ट्रवादी कांग्रेस को मंत्री मंडल में स्थान नहीं दिया गया, जो कि गठबन्धन सिद्धांतों का उल्लंघन है, ऐसे में मोदी सरकार को भूल सुधार करते हुए अब राष्ट्रवादी कांग्रेस को भी मंत्री मंडल में उचित सम्मान देते हुए गठबंधन धर्म का पालन करना चाहिए। यह बात गोंदिया के विदर्भ वादी नेता वरिष्ट समाज सेवी छैलबिहारी अग्रवाल ने कही है।

छैलबिहारी अग्रवाल ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता सांसद प्रफुल पटेल को केन्द्रिय मंत्री मंडल में केबिनेट में शामिल किया जाना चाहिये। श्री अग्रवाल ने कहा कि भारत में विभिन्न राजनेताओं में चर्चित चेहरों में सांसद प्रफुल पटेल एक सुलझे हुए नेता हैं, जिन्हें कि हमेशा देश और क्षेत्र के विकास की चिंता रही है, तथा उन्होंने हमेशा समन्वय की राजनीति करते हुए देश को आगे ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। श्री अग्रवाल ने यह भी कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार में महाराष्ट्र राज्य से मंत्रीमंडल में जो भी नाम शामिल हैं, उनमें केवल नितिन गडकरी एक बड़ा नाम है, जिन्होंने देश के विकास में बड़ा योगदान दिया है, लेकिन प्रफुल पटेल को भी यदि मंत्रीमंडल में शामिल किया जाता है, तो निश्चित ही इससे आने वाले समय में मोदी सरकार का प्रदर्शन सुधरेगा, जबकि वहीं हमारे अपने क्षेत्र के विकास को भी जो 2014 से ग्रहण लगा हुआ है, वह हटेगा, तथा गोंदिया भंडारा जिले का भी तीव्र विकास होने से पुरे विदर्भ को भी लाभ प्राप्त होगा। छैलबिहारी अग्रवाल ने मांग की है कि उनकी मांग का गोंदिया भंडारा जिले की जनता भी समर्थन करे, और प्रफुल पटेल को मंत्री बनाये जाने की मांग मोदी सरकार से करे।

# माहेश्वरी समाज द्वारा मनाई गई महेश नवमी



जगप्रेरणा गोंदिया।

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गोंदिया के माहेश्वरी समाज बंधुओ ने महेश नवमी पर्व उत्साह पूर्ण वातावरण में मनाई गई। दो दिवसीय महेश नवमी पर्व में सर्वप्रथम आमगांव में सभी समाज बंधुओ द्वारा एक साथ सिनेमा देखने का कार्यक्रम तय किया गया, वहीं दूसरे दिन महेश नवमी के पर्व के अवसर पर भगवान शंकर का अभिषेक पूजन किया गया तत्पश्चात अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत की गई। महेश नवमी के पावन पर्व पर श्री मारवाड़ी युवक मंडल गोंदिया के अध्यक्ष महेश गोयल, सचिव रितेश अग्रवाल, ललित दादरीवाल, मनीष अग्रवाल व राहुल तिवारी द्वारा माहेश्वरी समाज बंधुओ को कार्यक्रम स्थल पर जाकर शुभकामनाएं प्रेषित की गई। डॉ. अमित साबू व उनकी टीम के द्वारा मेडिकल हेल्थ चेकअप कैंप लिया गया। समाज के सभी बच्चों को शिक्षा व अन्य क्षेत्र में प्रावीण्यता प्राप्त करने पर समाज द्वारा पारितोषिक वितरित किया गया। यूपीएससी में सफलता प्राप्त करने वाले श्रवण मूंदड़ा के माता-पिता का भी सत्कार किया गया। जिन मां-बाप ने अपने बच्चों की शादी 25 वर्ष तक की उम्र में कर दी है ऐसे माता-पिता का भी समाज द्वारा सत्कार किया गया। बहुत ही अच्छे वातावरण में आमगांव में सभी समाज बंधुओ को सिनेमा दिखाया गया। इस हेतु श्री किरण कुमार मूंदड़ा का भी सत्कार किया गया। जिन परिवारों में चार पीढ़ी एक साथ रह रही है ऐसे श्री रामचंद्र साबू परिवार का भी समाज द्वारा सत्कार किया गया। माहेश्वरी समाज गोंदिया द्वारा प्रत्येक वर्ष जोड़े से एक दंपति का सत्कार किया जाता है। उसी कड़ी में इस बार श्री रमन कोठारी व सौ. निशा कोठारी का सत्कार किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी समाज बंधुओ का सहयोग प्राप्त हुआ। मंच पर अध्यक्ष नरेश बंग, सचिव कुंजबिहारी जाजू, राजेश पनपालिया, रवि मूंदड़ा, महिला अध्यक्ष इंदूजी बंग, दीपा मूंदड़ा, डॉ. अमित साबू उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन सुनीता मूंदड़ा व कंचन जाजू ने किया। आभार रवि मूंदड़ा ने माना।

दरियां ◆ मैटिंग्स ◆ कारपेट्स ◆ डोरमेट्स ◆ शॉल
ब्लैंकेट्स ◆ स्कूल की भोजन पतियों ◆ ताड़पत्री
मच्छरदानी ◆ ग्रीन नेट ◆ चादरे
बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता
रमनकुमार मेठी
हैंडलूम हाउस


उत्तम क्वालिटी वाजिब दाम हमारी पहचान
9890696200
होम डिलीवरी की सुविधा
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया | थोक व चिल्लर विक्रेता

## जगप्रेरणा - निधन वार्ता..



गोंदिया तहसील के नवरगांव कला निवासी सुनील नारायण गजघाट (40) का दुःखद निधन 26.6.2026 को मकान के काम में मजदूरी करते समय पांचवी मंजिल से गिरने से हो गयी है। उनका अंतिम संस्कार नवरगांव के नदीकिनारे मोक्षधाम में किया गया। वे अपने पीछे 13 व 9 साल के दो बच्चे एवं पत्नी छोडकर गये है।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com